ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 11 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-326 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नोरा फतेही ने पीएम मोदी का जताया आभार... पेज 10 पर



उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डलीय

# रोजगार मेला

(ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **11,850** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**
माननीय सांसद, कोडरमा लोकसभा सह शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

सम्मानित अतिथि

माननीय सांसदगण एवं माननीय विधायकगण
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, झारखण्ड

दिनांक: 11 सितंबर, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान: विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 306557 (Labour Employment and Traning) 2023-24

## NEWS इन ब्रीफ

### खरीफ फसल का रजिस्ट्रेशन शीघ करायें : पैक्स अध्यक्ष

**हुसैनाबाद।** व्यापर मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा किसानों के लिए महत्वकांक्षी योजना फसल राहत योजना में राजिट्रेशन का कार्य हो रहा है। इसलिए जो भी किसान खरीफ मौसम में धान ,मक्का लगाये है, वे अपने अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र एवं सीएससी सेंटर पर जाकर दिनांक 30/09/2023 तक राजिट्रेशन अवश्य करा लें। ताकि आपकी फसल का क्षति होने पर क्षति पूर्ति की राशि मिल सकें। सभी पैक्स अध्यक्ष एवं किसान मित्रों से भी अनुरोध किया है कि अपने - अपने क्षेत्र के किसानों को जागरूक कर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें । ताकि ससमय क्षतिपूर्ति राशि का लाभ मिल सकें।

### लेविस होम मार्ट का उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** छतरपुर रोड स्थित अहमद मार्केट में रविवार को शहर का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजसेवी जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान व गुलशेर अहमद ने फीता काट कर किया। इस मौके पर लेविस होम मार्ट जपला के प्रोपराइटर इलियास अहमद ने कहा कि हुसैनाबाद में यह पहला प्रतिष्ठान है, जिसमें इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स के सभी आधुनिक समान उपलब्ध हैं। इस मौके पर हाजी मो. अब्बास अंसारी, ग्यासुदीन सिद्दीकी, शम्मू हुसैन, राज अली समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**मोहम्मदगंज।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सत्यनारायण सिंह को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया। जबकि नीरज कुमार अग्रवाल उर्फ दीपू लाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रामजन्म राम और डॉ. पचु रजवार महामंत्री बनाये गये हैं। इनके अलावा हिमांशु सिंह उर्फ अन्नु सिंह सचिव, कमलेश कुमार, पंकज कुमार कोषाध्यक्ष, विवेक विशाल बंटी, रौशन कुमार व्यवस्थापक, धीरज कुमार बबलू को संगठन मंत्री, राकेश कुमार सिंह और रविशंकर सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ ही गीता कुमारी को महिला संगठक चुना गया है। बैठक में रविरंजन सिंह उपमुखिया के अलावा रानू सिंह, गणेश मेहता, अशोक लाल अग्रवाल, मंटू दास, दूधनाथ राम, विनय कुमार मेहता, शशि मेहता, राजिव कुमार मेहता, राजू कुमार, चंद्रधन पासवान और सन्नी ,अमन, रामवर्त यादव, सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# बिजली मीटर लगाने का विभाग ने चलाया अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सभी गांवो और शहरो के बिजली उपभोक्ता का मीटर जो घर के अंदर है उसे घर के बाहर लगाया जायेगा। इस आशय की जानकारी विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं के घर के बाहर मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए बिजली कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि घर के बाहर मीटर लग जाने से मापन और पठन में बिजली कर्मियों की सुविधा होगी। जेई ने बताया कि उपभोक्ताओं को ही मीटर लगाने में जो तार उपयोग होगा उसे उपलब्ध कराना होगा। साथ ही वैसे उपभोक्ता जिनका विद्युत पोल से मीटर तक के तार में कोई कट या टेपिंग किया है। उस तार को अविलंब विद्युत कार्यालय जपला में जाकर लिखित आवेदन देकर सही करा लें। नहीं तो ऐसे उपभोक्ताओं पर विधुत अधिनियम के तहत जुर्माना के साथ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी। आगे कहा जिन ग्रामीण-शहरी घरेलू उपभोक्ता और सिंचाई उपभोक्ताओं के बिल का भुगतान बाकी है, उन्हें विभाग द्वारा बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत राहत प्रदान की जा रही है। 30 सितंबर तक यह योजना चलेगी। उपभोक्ताओं का दिसंबर 2022 तक के बिजली बिल पर लगने वाला ब्याज माफ किया जाएगा। वैसे उपभोक्ता जिनका विद्युत बिल 5 हजार से अधिक है वह अपना बिल जल्द से जल्द जमा कर दे। इसे लोगो की सूची बना कर लाइन काटने के प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सड़क किनारे मिला अधेड़ व्यक्ति पुलिस ने पहुंचाया सीएचसी

नवीन मेल संवाददाता



**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के सोरडीहा मुख्य सड़क से एक अधेड़ व्यक्ति को पुलिस ने बेसुध हालत में उसे उठाकर सीएचसी पहुंचाया है। जिसकी पहचान सोरडिहा निवासी, पैसठ वर्षीय उदय चौधरी के रूप में हुई है। वहीं व्यक्ति की इस हालत में होने का कारण का पता फिलहाल स्पष्ट नहीं पाया है। सीएचसी के चिकित्सक डॉ मनोज थॉमस ने व्यक्ति के प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया है। मौके पर एएसआई संजय सिंह, चौकीदार भिखारी पासवान, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, फिरोज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जेपीसी नक्सली संगठन के नाम से पोस्टर जारी

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर जेपीसी नक्सली संगठन के नाम पर पोस्टर चिपकाया गया है। पोस्टर में मुखिया को धमकी देते हुए लिखा गया है कि प्लॉट बाय प्लॉट और वंशावली के हिसाब से जमीन बांटें, नहीं तो कार्रवाई की जायेगी। सूचना पाकर रविवार सुबह पाटन थाना प्रभारी गुलशन कुमार मौके पर पहुंचे और पोस्टर को जब्त कर लिया। गुलशन कुमार का कहना है कि किसी ने आपसी जमीन विवाद को लेकर दहशत फैलाने के लिए नक्सली के नाम का पोस्टर जारी किया गया है। नक्सली संगठन द्वारा यह पोस्टर जारी नहीं किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द मामले का खुलासा होगा।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण लगा गंदगी का अंबार

## हुसैनाबाद नगर पंचायत में लोगों का चलना दूभर

**हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में कभी पानी की सप्लाई बंद रहती है, तो कभी सफाई, यह अब आम बात हो गई**

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण सडकों पर जगह जगह गंदगी का अंबार लग गया है। बारिश होने के बाद सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। मंगलवार से चल रही हड़ताल के कारण हुसैनाबाद के सभी चौक-चौराहा सहित विभिन्न सड़कों पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है। सबसे खास बात तो यह है कि हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधि भी अपने निजी कार्यों में व्यस्त है। लेकिन सफाई कराने के लिए कोई पहल नहीं कर रहे हैं। खैर जो भी हो हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में कभी पानी की सप्लाई बंद रहती है, तो कभी सफाई, यह अब आम बात हो गई। ऐसे में नगर पंचायत क्षेत्र वासियों के लिए सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है कि हम नगर पंचायत क्षेत्र में रहते हैं, या नरक पंचायत क्षेत्र में। वहीं नगर पंचायत के निवर्तमान जनप्रतिनिधियों का भी कार्यकाल समाप्त होने के बाद कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे है। सबसे दिलचस्प बात तो यह हैं कि नये कार्यपालक पदाधिकारी भी सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त करा पाने में सफल हो पाते हैं या नहीं यह भविष्य के गर्त में हैं। वहीं नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन में भी मुख्य सड़कों पर जल जमाव से लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पंचायत कार्यालय में अवगत कराया गया है, इसके बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका हैं।

# पलामू किले को लेकर चेरो समाज ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा ।** प्रखंड के हलुमाड़ मध्य विद्यालय के प्रांगण में रविवार को आशुतोष सिंह चेरो की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में पलामू किला को वन विभाग के द्वारा जबरन अधिकार जमा कर चेरो समुदाय को किला से बेदखल को लेकर गहन चर्चा की गई। वही पलामू किला पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वन विभाग पलामू किला का 640 एकड़ बैगा पुजार जमीन को दाब कर बैठ गया है। जिससे किला की रख रखाव करने मे बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। किला के जीर्णोद्धार में सबसे बड़ी बाधक वन विभाग है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की बहुत जल्द झारखंड के राज्यपाल से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाएगा। बैठक में गणेश्वर सिह चेरो,सतीश सिंह चेरो, राकेश सिंह, राम लाल सिंह चेरो, ब्रह्मदेव सिंह, अखिलेश सिंह, शीला देवी ,सरिता देवी, संगीता देवी, ललिता देवी , देवनाथ सिंह उपस्थित थे। वही कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने की।

### 30 लाभुकों का बना आयुष्मान कार्ड



**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत केतात गांव में विशेष कैंप लगाया गया। ताकि सभी ग्रामीण आयुष्मान कार्ड बनवाकर निः शुल्क स्वास्थ्य लाभ ले सके। वही कैंप का आयोजन विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार के निर्देश पर किया गया था। जिसमें आयुष्मान कार्ड ऑपरेटर राजन कुमार व स्वास्थ्य कर्मी इशरार हवारी ने मौजूद सभी ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया। वहीं केतात मुखिया प्रतिनिधी सेठ चौबे ने बताया कि मेरे पंचायत से आज कुल 30 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बना है।

# संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिये दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंह, अजय उरांव व भाजपा कार्यकताओं ने पांकी विधानसभा के चार पंचायत धावाडीह, बोहिता, रेवारातु, घुटुवा समेत कई गांवों का दौरा कर नीलांबर पिताम्बरपुर मिडिल स्कूल के प्रांगण में चलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। श्री सिन्हा ने बताया कि पांकी विधायक डॉक्टर शशी भूषण मेहता की अध्यक्षता में संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा होगी। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के बूथ लेवल तक के कार्यकताओं के साथ हजारों ग्रामीण जनता शामिल होंगे। साथ ही साथ खिलाड़ियों को फुटबॉल देकर उनके हौसलों को बुलंद करने का काम किया। इस मौके पर राजाराम सिंह, ललन सिंह, तुलेश्वर सिंह, संजय उराव, छोटेलाल सिंह, जितेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# नौडीहा बाजार अंतर्गत गैरमजरूवा जमीन की मची है लूट

## जमीन माफिया का बोलबाला, फर्जी बंदोबस्ती, अंचल अधिकारी है मौन

नवीन मेल संवाददाता



**नौडिहा बाजार।** आपको बताते चले की पदाधिकारी की मिली भगत से गैर मंजूरवा जमीन का रसीद मोटी रकम लेते हुए ऑनलाइन काटा जा रहा है एवं गैर मंजूरवा जमीन का दस्तावेज अपडेट रखा जा रहा है, ताकि मलकाना मालिक आसानी से जमीन पे कब्जा कर सके। ऐसी ही एक घटना सरईडीह पंचायत के छठ घाट नदी की है जो सरईडीह-शाहपुर -करकट्टा पंचायत को जोड़ती है जिस में लगभग 5000 के आबादी में ग्रामीण जनता हर वर्ष छठ पर्व को मनाती आ रही है,परन्तु अंचल अधिकारी, नौडीहा बाजार के लापरवाही के कारण बैखाफ नारायण साव पिता बाबूलाल साव एवं इनके पुत्र के द्वारा गैरमंजूरवा जमीन छठ घाट हल्का- 10, खाता- 82, प्लॉट -542, रकबा - 0.5 डिसमिल अवैध कब्जा कर घर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जबकि स्थल पर रकबा 0.3 डिसमिल ही जमीन उपलब्ध है दिनांक 29.08.2023 को समस्त ग्रामीण जनता के द्वारा लिखित आवेदन एवं अतिक्रमण हो रहे स्थल का फोटो देकर उपायुक्त पलामू से न्याय के लिए गुहार लगाई गई। कई बार ग्रामीण जनता,पंचायत प्रतिनिधि, जिला पार्षद एवं बीस सूत्री अध्यछ के माध्यम से अंचल अधिकारी नौडीहा बाजार को सूचना भी दी गई परन्तु पदाधिकारी के द्वारा नियम को ताख पे रख कर ना तो स्थल निरीछन की गई नाही किसी भी प्रकार की कोई नोटिस नारयण साव को दी गई। जो की अब घर भी पूरी तरह निर्माण होने को है। फिर भी पदाधिकारी के कानो पे जू तक नहीं पड़ी।

### नाली निर्माण कार्य का प्रमुख ने किया शिलान्यास

**हरिहरगंज।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी गांव में रविवार को पीपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने 15 वीं वित्त योजना से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया । इस दौरान प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधा ग्रामीणों तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है। आवश्यकता के अनुरूप प्रखंड के सभी गांव में सड़क,नाली, कुआं सहित आदि योजनाओं का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अपनी जरूरत के हिसाब से योजना हमें दें ताकि हम उन्हें जिला प्रशासन और सरकार तक आपकी आवाज बन कर उन्हें पूरा कर सकूं। कहा कि बभंडी गांव में पक्की नाली निर्माण बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत प्रदान होगी । वहीं उन्होंने नाली निर्माण कार्य करने वाले लाभुक समिति से ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य संतोषी देवी, विजय भुईयां, देवकी भुईयां, हरि यादव, बबलू सिंह, विजय साव,धर्मेंद्र भुईयां ,रामपति भुईयां सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### पेश की समाज सेवा की मिसाल, आम लोगों ने की सराहना

**विश्रामपुर।** विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पड़वा मोड़ पर बने गड्ढों से न सिर्फ वहां के व्यवसायी परेशान थे बल्कि अपनी गाड़ियों की इंतजार कर रहे वहां के यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार गाड़ियों में चढ़ने -उतरने के दौरान कई यात्री उस गढ्ढे में गिर कर जख्मी भी हो गए हैं। वावजूद अबतक न तो कोई राजनीतिक दल के लोगों ने उस ओर ध्यान दिया और न ही वहां के प्रशासनिक पदाधिकारी। हालांकि वहां के व्यवसायियों ने कई बार बस स्टैंड पर बने गड्ढों को भरवाने की अपील राजनेताओं एवं पदाधिकारियों से किया लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। इसबार वहां के व्यवसायियों ने धनबाद रेल मंडल के सीआईटी बीएम पांडेय से अपनी परेशानियों का साझा किया। श्री पांडेय ने वहां के लोगों के अनुरोध पर अपनी निजी खर्चों पर गड्ढों में मोरम फिलिंग कराकर उसे बराबर कराया। जिससे वहां के व्यवसायियों एवं आम लोगों ने राहत की सांसें ली। श्री पांडेय द्वारा कराए गए उक्त कार्यो की लोगों ने काफी सराहना की।

### विधायक ने पाटन के नवादा में पुल का शिलान्यास किया

**पाटन।** प्रखंड के सगुना पंचायत के नवादा में 4 करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी,पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने किया। शिलान्यास के मोके पर विधायक ने कहा की पाटन के कोने कोने मे विकास होगा। नया पुल बन जाने से 10 गाँव के लोगो को अवगमन मे सहूलियत होंगी कार्यक्रम की संचालन पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन समूह और मुखिया मंजू देवी के निवेदन पर एक विवाह मंडप विधायक राशि से निर्माण करने की घोषणा की। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा की विकास कार्यों में विपक्ष रुकावट का काम कर रहा है जिसकी वजह से कार्यों में विलम्ब हो रहा है। इस कार्यक्रम में पलामू जिला के भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष ज्योति पांडे, जिला जिला परिषद बिधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह,कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, निरंजन पासवान, अरुण दुबे, किशनपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, जिला परिषद संग्राम सिंह, पूर्व जिला परिषद मुक्तेश्वर पांडे, केलहर मुखिया पति शिव शंकर प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, पाटन युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, जैनेंद्र यादव, मुकेश सिंह , विनोद पांडे, उमाशंकर सिंह, कुंदन दुबे,सगुना के समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह पिंकी विश्वकर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी, श्रवण मिश्रा, राजू सिंह, भाजपा नेता राजू सिंह इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वन श्रमिक मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में कार्यरत मजदूरों ने युनियन अध्यक्ष सिध्दीनाथ झा के नेतृत्व में बेतला में बैठक कर निर्णय लिया गया कि 5अक्टुबर से अनिश्चित धरना प्रदर्शन मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र निर्देशक पलामू व्याघ्र परियोजना मेदनिनगर कार्यालय पर किया जाएगा । जबतक सभी वन श्रमिक मजदुरो का मांग पुरा नही होता है तबतक प्रदर्शन कार्यालय के समक्ष होता रहेगा। सभी पलामू टाइगर रिजर्व के मजदुरों ने कहा कि कुशल श्रामिक मुजदूरों को तीन हजार रुपए बढाने की बात पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के डायरेक्टर निर्देशक कुमार अशुतोष ने कही थी। लेकिन अप्रैल 2022से अबतक कुशल मजदुरी भुगतान सहित अन्य मांग नही पुरा हुआ। जिसके लेकर की लगातार धरना प्रदर्श पलामू कार्यालय के समकक्ष करने का निर्णय लिया गया । पुरे पीटीआर मे 200सौ अधिक टेकर गार्ड और 90से अधिक टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स कार्यरत है । पलामू टाइगर रिजर्व में मौके पर सैकडों टेकर गार्ड उपस्थित थे।

### भाजपा नगर मंडल ने वार्ड एक में किया मिट्टी संग्रह

**विश्रामपुर।** भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल इकाई द्वारा नप के वार्ड एक में मेरा देश - मेरा माटी कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह किया गया। जिसकी शुरूआत गोदरमा गांव स्थित शक्ति केंद्र से किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने माटी को नमन और वीरों का वंदन करते हुए शहीद परिवारों के अलावा घर - घर जाकर मिट्टी संग्रहित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी बेबी देवी,उप प्रभारी धर्मेंद्र कुमार,उपाध्यक्ष रजनीश चंद्रवंशी,लालती देवी,महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी,मीरा देवी, सुदामा यादव,संगीता देवी,फूलकुमारी देवी, संतरा कुमारी, मीना देवी,उपाशी देवी, अनीता देवी,रिंकी देवी,गुड्डी देवी,रीमा देवी,दुर्गा देवी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लूटा जा रहा सेविकाओं का हक होगा आंदोलन : शिवबंश मिश्रा

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर मध्य विद्यालय के परिसर में आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता रूपा देवी और संचालन प्रो. फरीद खान ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।आगामी चार अक्टूबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित धरना की सफलता हेतु रणनीति बनी। बैठक के दौरान पोषाहार के मामले में सेविकाओं को बदनाम करने का मामला भी उठा। सेविकाओं ने कहा कि स्प्लायर और दुकानदार की मिलीभगत से पोषाहार का कालाबाजारी हो रहा है, जबकि बदनाम सेविकाओं को किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक के मुख्य अतिथि आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक शिवबंश मिश्रा ने कहा कि सेविकाओं से आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के अलावा कई अन्य कार्य भी कराया जा रहा है। लेकिन मानदेय के नाम पर न्यूनतम मजदूरी भी नही दिया जा रहा है ।राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक सेविका - सहायिका का दोहन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सेविका - सहायिका का हक लूटा जा रहा है। हक और अधिकार हासिल करने के लिए आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। किसी भी कीमत पर सेविकाओं को उनका हक दिलवाया जायेगा। बैठक में विमला देवी, इंदुबाला देवी, मीना देवी, मुन्नी देवी, सुजाता देवी, रीना देवी, कामेश्वर केशरी, श्रवण सिंह, हरिवंश मिश्रा, मनदीप राम, सुनैना देवी, नूरजहां बीबी, उर्मिला कुंवर, बबिता देवी, संगीता देवी सहित कई सेविका - सहायिका मौजूद थीं।

**मांग** — ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

# जिलाधिकारी को जांच के दौरान मिले कई जलमीनार जर्जर

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के अति सुदूर नक्सल प्रभावित इलाका क्षेत्र डगरा पंचायत में विभिन्न गांव के विभिन्न स्थानों पर लगाये गये जलमिनारों की पेयजल स्वच्छता विभाग के आई.एस.ए जिला अधिकारी आनंद कुमार के द्वारा जांच करने के दौरान कई जलमिनरजर्जर अवस्था में दिखे । बताते चलें कि जिन-जिन जगहों व स्थलों पर जलमिनार लगी है। उन जगहों व गांव के ग्रामीणों से आनंद कुमार के द्वारा पूछ ताछ करने के बाद ग्रामीणों ने काफी आक्रोश जताया ग्रामीणों ने आई एस ए आनंद कुमार के पास शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि जब से जल मीनार लगी है, तब से एक बूंद पानी जल मीनार से नसीब नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जो हालात पहले हम लोगों की थी, वही हालत हम लोगों को आज भी है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार जब से जल मीनार बना के गया ह, तब से कभी भी मरम्मती के लिए नहीं आया। आई एस ए आनंद कुमार के द्वारा जांच किए जाने के बाद यकीन माना गया कि पब्लिक की जो शिकायतें है, वह रूबरू हैं। आई एस ए आनंद कुमार ने ग्रामीणों के द्वारा संज्ञान लेते हुए कहा की ग्रामीणों के द्वारा जो शिकायत आया है उसे नोट कर विभाग को लिखित आवेदन देते हुए हम कड़ी निंदा के साथ उचित कार्यवाई करने की मांग करेंगे। मौके पर उपस्थित रहे डगरा पंचायत के मुखिया विनोद सिंह,पेयजल स्वक्षता विभाग के कर्मी शंभू सिंह,सुरेंद्र सिंह, शिवनाथ सिंह, अन्य शामिल थे।



### डेंगू बीमारी से अधेड़ की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अंबा गांव निवासी 70 वर्षीय फिरंगी मेहता की मौत डेंगू बीमारी से रविवार को उनके पैतृक आवास पर हो गया। मृतक फिरंगी मेहता का दाह संस्कार अंबा गांव समीप बटाने नदी तट घाट पर किया गया। जिनका मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र मुकेश कुमार मेहता ने दी। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के घर अंबा पहुंचकर समाजसेवी राजीव रंजन, महादेव यादव, संजय मेहता ,अरविंद बोष, आनंद यदुवंशी, रामराज मेहता, मुकेश मेहता, मनोज मेहता, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, अखिलेश विश्वकर्मा, डॉ.सत्येंद्र मेहता, मेहता, चंदन मेहता, छोटू यादव, विजय यादव, लखन यादव सहित कई लोगो ने 2 मिनट का मौन रहकर शोक संवेदना प्रकट की है।

## शपथ पत्र

**समक्ष,**
**नोटरी पब्लिक, लोहरदगा**

मैं, सकलदेव उरांव पिता जैगी उरांव माता कुवारी उराईन ग्राम सढ़ाबे पोस्ट टाटी खरता थाना कैरो जिला लोहरदगा झारखण्ड एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूँ-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि पूर्व में मेरे पिता सोमरा उरांव थे तथा माता झुबु उरांव थी किन्तु दिनांक 05.02.1997 ई0 को पोसपुत्र (Adoption Deed) No. S. No. 218 Deed No. BK IV-8 के आधार पर अब मेरा नाम सकलदेव उरांव पिता जैगी उरांव माता- कुवांरी उराईन ग्राम सढ़ाबे पोस्ट टाटी (खरता) थाना कैरो जिला लोहरदगा हो गया है जो मेरा आधार कार्ड संख्या 6751 9738 8408 में दर्ज है तथा मेरा जन्म तिथि 01. 01. 1988 है।
3. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 15.07.2023 ई0 को लोहरदगा में सम्पादित किया गया।

**शपथ पत्र संख्या 6727, दिनांक 30 अगस्त 2023**

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 11 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-326 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नोरा फतेही ने पीएम मोदी का जताया आभार... पेज 10 पर



## मुर्मू, बाइडेन, मोदी, नीतीश, सोरेन की एक साथ तस्वीर से अटकलें तेज

-कृष्णमोहन सिंह



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली नौ व दस सितंबर को हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में 4254 करोड़ रुपये में दुल्हन की तरह सजने , चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का सुपर इंतजाम होने से लेकर कई वैश्विक निर्णयों व विश्व की हस्तियों के आने व कुछ के न आने को लेकर यादगार बन गयी। इसमें हुई बैठकों व सहमति पर विश्व भर में सुर्खियां बन रही हैं , लेकिन भारत में भविष्य की राजनीतिक गुणा गणित के अंदेशे से अटकलबाजी लगाती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ,पीएम मोदी ,अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ,झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एक साथ वाली तस्वीर ,सोशल मीडिया से लगायत अन्य मीडिया में कुछ ज्यादा ही चर्चा का विषय बन गयी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-20 में आए विदेशी व देशी मेहमानों के लिए शनिवार 9 सितंबर की शाम रात्रिभोज रखा था। इसी भोज में एक तस्वीर में हैं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन , भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। इस तस्वीर में किसी बात पर सभी नेता मुस्कुराते दिख रहे हैं। इस तस्वीर को देखकर एनडीए गठबंधन वाले लोग बाग-बाग हो रहे हैं। संभावना जताने लगे हैं कि सामने से यह लगाव और पीछे से ईडी का दबाव वाले सर्वोत्तम माहौल में हेमंत सोरेन व नीतीश कुमार हो सकता है भविष्य में इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए गठबंधन में आ जाएँ। दोनों की तरफ तरंगें छोड़ी ही जा रही हैं कि आजा मेरी गड्डी में बैठ जा, चाहे केंद्र की सरकार में मंत्री बनके या राज्य में मुख्यमंत्री बने रहकर, लेकिन आ जा। ऐसे में इंडिया गठबंधन वाले कार्यकर्ता जो फिलहाल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक बुजुर्ग शरद पवार की चाल को लेकर चक्करघिन्नी हैं , इस रात्रि लजीज भोज के समय की तस्वीर से और चकराने लगे हैं। लेकिन ऐसे कार्यकर्ताओं के बुजुर्ग गाइड हंसते हुए समझा रहे हैं, यही है राजनीति प्यारे। राजनीति में जो सामने दिखता है वही सच नहीं होता , उसके पीछे जो चल रहा होता है वह ज्यादा सच होता है। लेकिन उससे भी ज्यादा सच यह है कि कुछ उदाहरण को छोड़ दें, तो राजनीति में कोई स्थाई दुश्मन या मित्र नहीं होता है।

### सीएम हेमंत 13 को पलामू दौरे पर

## मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का करेंगे उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 सितंबर को पलामू दौरे पर आ रहे हैं। 13 सितंबर को सीएम पलामू में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। पलामू जिला प्रशासन ने सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। सीएम के दौरे को लेकर डीसी शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की है। वहीं सीएम के कार्यक्रम में कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

**चियांकी के गणके में लगाया गया है मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट :** दरअसल, पलामू के सदर प्रखंड के चियांकि के गणके में करोड़ों की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट तैयार किया गया है। करीब 28 करोड़ की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया है। जानकारी के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से चियांकि हवाई अड्डा पर उतरेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस दौरान मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस संबंध में डीसी शशि रंजन ने बताया कि सीएम 13 सितंबर को पलामू में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का सीएम उद्घाटन करेंगे। जिला प्रशासन ने सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। पलामू के चियांकि के गणके में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया है। इसका सफल ट्रायल भी हो गया है। प्लांट के तैयार होने से 25 हजार पशुपालकों को सीधे फायदा होगा। पलामू का मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट राज्य का सातवां प्लांट है। पलामू में 62 दूध संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। जिनसे 230 गांव जुड़े हुए हैं। क्षेत्र से संग्रह किए गए दूध मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाए जाएंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री आज करेंगे विकास मेला का उद्घाटन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 सितंबर को हजारीबाग दौरे पर रहेंगे। हजारीबाग में होनेवाले विकास मेला का उद्घाटन करेंगे। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया प्रभारी मुकुल लकड़ा ने दी है।

### शराब तस्करी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ट्रेन से बिहार शराब तस्करी करने के तीन आरोपितों को हटिया और रांची स्टेशन से गिरफ्तार किया है। इनमें आकाश कुमार, पंकज चौधरी और पवन कुमार शामिल हैं। इनके कब्जे से 29 बोतल व्हिस्की बरामद हुआ है। बरामद शराब की कीमत आठ हजार रुपये है। गिरफ्तार तस्करों को उत्पाद विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। यात्री सुरक्षा सेल के प्रभारी निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने बताया की रेल सुरक्षा बल रांची ने शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए उनके खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत यह करवाई आगे भी जारी रहेगा।

### नारायण सिंह हत्याकांड का उद्भेदन, एक आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के सारिदकेल साकेटोली गांव में गत छह सितंबर को नारायण सिंह मुंडा की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले का उदभेद्न करते हुए पुलिस ने रविवार को एक आरोपित सुखराम मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की देर शाम पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर हत्याकांड के उद्वेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया। सुखराम मुंडा ग्राम रीदाडी खूंटी का रहने वाला था।

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत एक-एक करोड़ का अतिरिक्त आवंटन

**रांची।** मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क डायग्नोस्टिक एवं रेडियोलॉजी जांच योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग योजना के लिए रांची और धनबाद को एक-एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

### आठ साल के बच्चे की हत्या, सौतेली मां गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के कमार दुधानी गांव के मकई बाड़ी से पुलिस ने रविवार को आठ वर्षीय एक बच्चे का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार परिजनों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान और एसआइ रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव के गले, छाती, पीठ पर गहरे चोट के निशान पाये गये हैं, जिससे बच्चे की हत्या होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### बोर्ड परीक्षा पैटर्न में होंगे बदलाव

## नये सैंपल पेपर से मिलेगी जानकारी



**नई दिल्ली।** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा पैटर्न में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीबीएसई ने यह बदलाव अगले वर्ष 2024 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में करने का फैसला किया है। छात्रों को बदलाव के बारे में समझाने के लिए बकायदा नए सैम्पल पेपर भी रिलीज कर दिए गए हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, जो छात्र अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे छात्र जारी किए गए इन सैम्पल पेपर्स की मदद से इन बदलावों को जान सकते हैं। सीबीएसई के यह सैंपल पेपर छात्रों को अभी से जानकारी देंगे कि आने वाली परीक्षा में किस प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्नों के अलावा छात्रों को यह भी पता लग सकेगा की परीक्षा में किस प्रकार की मार्किंग रहेगी। सीबीएसई ने अपने यह नए सैंपल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए हैं। बोर्ड परीक्षा में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब 50 प्रतिशत सवाल कंपीटेंसी बेस्ड होंगे। वर्ष 20 24 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से इन सैंपल पेपर का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 20 24 से लागू होने वाले सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कॉन्सेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके अलावा एमसीक्यू, शॉर्ट आंसर्स सभी में सवालों की वेरायटी यही रहेगी। तकरीबन 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू, और एक से दो मार्क्स के रूप में बदल दिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा स्कूली शिक्षा पद्धति में और भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अंतर्गत11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कक्षा 11 और 12 के छात्रों को कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होंगी। मंत्रालय का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इन भाषाओं में से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

## जरीडीह में खांजो नदी में मामा के साथ नहाने गये दो भांजे डूबे, तीनों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र के जैना बस्ती स्थित खांजो नदी में नहाने गये मामा व दोनों भांजे का शव रविवार को मिला। जहां रविवार सुबह नौ बजे स्थानीय लोगों व खेतको के गोताखोर टीम ने तीनों के शव को नदी के तेज धार से खोज निकाला। जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर शंकर कामती,जरीडीह थाना प्रभारी ललन रविदास व सीओ नरेश रजक के निर्देश पर जैना बस्ती निवासी सोना राम सोरेन व संजय सोरेन नदी में उतर कर खोजबीन शुरू की। इसके बाद उन दोनों को आधे घंटे के बाद मामा निलेश राय का शव नदी में मिला। उसके बाद बड़े भांजे आकाश राय का शव भी इसी जगह मिला।वहीं छोटे भांजे मनीष राय का शव नहीं मिल रहा था।उसे भी गोताखोरों की टीम ने एक घंटे के बाद उसी जगह से खोज निकाला।गोताखोर ने बाताया कि जिस जगह से तीनों का शव मिला है, उस जहां कुआं जैसा काफी बड़ा गड्ढा है।

**नदी में मिले कुआं जैसे गड्ढे, झाड़ियों में फंसा शव :** इसी गड्ढे में डूबने से तीनों लोगों की मौत हो गई। शव झाड़ियों में फंस गया था। इसलिए बाहर नहीं निकल रहा था। मालूम हो कि बीते शनिवार को जैनामोड़ स्थित शिक्षक कॉलोनी निवासी मनोज राय के दोनों पुत्र आकाश राय व मनीष राय इन दोनों का मामा निलेश राय के साथ बलेनो कार (जेएच 09एपी/1224) में सवार होकर घर से खांजो नदी नहाने निकाला था।

**मां ने फोन किया, तो बेटे ने कहा- खांजो नदी में नहा रहे हैं :** इसके बाद आकाश व मनीष राय की मां सिंपी देवी ने दोपहर तीन बजे अपने पुत्र से फोन पर बात की। बेटे ने कहा कि वह खांजो नदी में नहा रहा है। फिर कुछ देर बाद जब दोबारा फोन किया, तो उसने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद परिजनों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई। शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन खोजबीन करने के लिए खांजो नदी पहुंचे।

**नदी किनारे खड़ी कार में रखे थे कपड़े, जूते, मोबाईल :** परिजनों ने नदी के किनारे देखा कि कार खड़ी है। तीनों के कपड़े, जूते और मोबाईल फोन कार के अंदर रखे हुए हैं। उसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगों को पता चला, तो लोग वहां पहुंचे। पुलिस भी पहुंची। देर रात तक लोगों ने तीनों की खोजबीन की, लेकिन किसी का कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि निलेश राय इसी कार से शनिवार को अपने घर धनबाद वासेपुर पांडरपाल से जैनामोड़ अपने दीदी के घर पहुंचा था।

**निलेश राय के निधन पर सरकारी कर्मचारियों ने जताया शोक :** निलेश राय बोकारो डीपीएलआर के सेवानिवृत्त अमीन एवं संतोष राय का छोटा पुत्र था। घटना की सूचना मिलने पर परिवार के सभी लोग नदी पहुंचे थे। यहां सभी लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। उधर, इस घटना से डीपीएलआर जितेंद्र सिंह, सोहेल आलम, जीतू बाउरी, मनोज कुमार दुबे, जगन्नाथ राय, अरविंद कुमार पांडेय, अवधेश कुमार प्रजापति समेत सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## झारखंड को मिली अंतरराष्ट्रीय हॉकी वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश में पहली बार हो रहे वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी का जिम्मा झारखंड को मिला है। एशिया हॉकी महासंघ ने इसका शेड्यूल जारी किया है। प्रतियोगिता का पहला मैच 27 अक्टूबर को जापान और मलेशिया के बीच खेला जाएगा जबकि भारत का पहला मुकाबला 27 अक्टूबर को ही रात 8.30 बजे से थाइलैंड के साथ होगा। झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड ने खेल प्रेमियों के लिए फ्री इंट्री की घोषणा की थी। इस इंटरनेशनल ट्रॉफी में झारखंड की चार खिलाड़ी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग व संगीता कुमारी शामिल हैं। सभी मैच रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में सभी मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में एशिया की टॉप छह टीमें मेजबान भारत के साथ जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड भाग ले रही हैं। प्रत्येक दिन तीन मुकाबले खेले जाने हैं।

27 अक्टूबर को जापान बनाम मलेशिया-शाम 4 बजे, चीन बनाम कोरिया-शाम 6:15 बजे, भारत बनाम थाईलैंड-रात 8:30 बजे।

28 अक्टूबर को जापान बनाम कोरिया-शाम 4 बजे, थाईलैंड बनाम चीन-शाम 6:15 बजे, भारत बनाम मलेशिया-रात 8:30 बजे।

30 अक्टूबर को कोरिया बनाम मलेशिया-शाम 4 बजे, थाईलैंड बनाम जापान-शाम 6:15 बजे, चीन बनाम भारत-रात 8:30 बजे।

31 अक्टूबर को कोरिया बनाम थाईलैंड-शाम 4 बजे, मलेशिया बनाम चीन-शाम 6:15 बजे, जापान बनाम भारत-रात 8:30 बजे।

## झारखंड में आज फिर सक्रिय होगा मानसून कई इलाकों में बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अभी मानसूनी सिस्टम थोड़ा कमजोर हुआ है। मौसम केंद्र रांची के अनुसार सोमवार, 11 सितंबर को भी मानूसनी सिस्टम कमजोर रहेगा। इसके बाद 12 सितंबर से एक बार फिर मानसून के सक्रिय होने का पूवार्नुमान है। इस दौरान फिर अच्छी वर्षा होने की उम्मीद है। अभी तक राज्य में सामान्य होने वाली वर्षा पात 882.2 एमएम की जगह 592.2 एमएम वर्षा हुई है जो सामान्य से 33 फीसदी कम है। राज्य के 24 में से चार जिलों सिमडेगा, साहिबगंज, गोड्डा और पूर्वी सिंहभूम में सामान्य या सामान्य के करीब वर्षा हुई है। वहीं चतरा जिले में सामान्य से बहुत कम वर्षा हुई है। बाकी के 19 जिलों में भी सामान्य से कम वर्षा हुई है।

**अगस्त के अंत और सितंबर के शुरूआती दिनों में अच्छी वर्षा :** झारखंड में मानसून के शुरूआती दिनों में खेती की स्थिति बेहद खराब थी। क्योंकि देर से मानसून के राज्य में दस्तक देने के साथ साथ वर्षा भी सामान्य से काफी कम हुई थी। इसके बाद अगस्त और सितंबर महीने में कई अंतराल में हुई अच्छी वर्षा से धीरे धीरे धान का आच्छादन बढ़ गया। ताजा आंकड़े के अनुसार राज्य में लक्ष्य के विपरित 60 प्रतिशत से ज्यादा आच्छादन हो चुका है। अन्य फसलों को मिलाकर भी आच्छादन 60 फीसदी से ऊपर चला गया है।

### राज्य में अभी सामान्य से 33 प्रतिशत कम वर्षा : मौसम केंद्र

मौसम केंद्र रांची के अनुसार राज्य में अब तक सामान्यतः 882.2 एमएम की तुलना में 592.2 एमएम वर्षा हुई है, जो सामान्य से 33 प्रतिशत कम है। लेकिन प्रदेश के चार जिले सिमडेगा में -11, गोड्डा में +2, साहिबगंज में +8 और पूर्वी सिंहभूम में -19 प्रतिशत बारिश हुई है। चतरा में स्थिति विकट, बाकी 19 जिलों में भी कम वर्षाः राज्य में चतरा ऐसा जिला है जहां सबसे कम सामान्य से 63 फीसदी कम बारिश हुई है। वहीं गढ़वा में सामान्य से 36, पलामू में सामान्य से 41, लातेहार में सामान्य से 47, लोहरदगा में सामान्य से 43, गुमला में सामान्य से 50, हजारीबाग में सामान्य से 52, कोडरमा में सामान्य से 45 और रामगढ़ में सामान्य से 36 फीसदी बारिश हुई है। वहीं रांची में सामान्य से 35, खूंटी में सामान्य से 29, सरायकेला खरसावां में सामान्य से 20, पश्चिमी सिंहभूम में सामान्य से 23 प्रतिशत, गिरिडीह में सामान्य से 34, बोकारो में सामान्य से 21, धनबाद में सामान्य से 33, देवघर में सामान्य से 27, जामताड़ा में सामान्य से 37, दुमका में सामान्य से 32 और पाकुड़ में सामान्य से 39 फीसदी कम मानसूनी बारिश हुई है।

### राजनीति

### झारखंड में 'इंडिया' गठबंधन की पहली जीत ने बढ़ाया मनोबल

## बढ़ गई हेमंत सोरेन की सियासी धमक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में एनडीए बनाम इंडिया की पहली लड़ाई में इंडिया ने फतह हासिल की है और इसके साथ ही राज्य के सियासी स्कोर बोर्ड पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के नाम की चमक और बढ़ गई है। राज्य की डुमरी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में इंडिया की ओर से उतरी झारखंड मुक्ति मोर्चा की बेबी देवी की जीत के साथ उन्हें हौसले की एक नई संजीवनी मिली है। विपक्ष के हमलों, कोर्ट में चल रहे मुकदमों, कई मुद्दों पर केंद्र सरकार के साथ टकराव और ईडी की कार्रवाई की वजह से बार-बार मुश्किलों में घिरते रहे सोरेन अब नए उत्साह से लबरेज हैं। हालांकि उन्हें इस बात की आशंका है कि जिस तरह उनके इर्द-गिर्द ईडी और सीबीआई की घेराबंदी बढ़ रही है, उसमें उनके जेल जाने की नौबत आ सकती है, लेकिन इसके पहले वह सियासी मोर्चे पर खुद का इकबाल इतना बुलंद कर लेना चाहते हैं कि विरोधी दलों को इसका कोई फायदा न मिले। जिस समय डुमरी विधानसभा उपचुनाव का नतीजा सामने आया, उस समय सोरेन चाईबासा के गुवा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, जब से हमारी सरकार बनी है, हमारे खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर मुझे जेल भेजने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जब तक वे मुझे जेल भेजेंगे, तब तक झारखंड को मजबूत कर दूंगा। सोरेन जानते हैं कि जब तक जनता किसी पॉलिटिशियन को सिर-आंखों पर रखती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह जेल के अंदर है या बाहर है। यह सियासी सबक दरअसल उन्हें अपने पिता शिबू सोरेन से विरासत में मिला है, जो भ्रष्टाचार से लेकर हत्या जैसे आरोपों को लेकर कई बार जेल गए, लेकिन इससे उनका और उनकी पार्टी झामुमो की सियासी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। बल्कि हर जेल यात्रा के बाद शिबू सोरेन का नायकत्व और बढ़ता गया। भाजपा के नेता जब-जब यह उनपर यह कहते हुए हमला करते हैं कि हेमंत सोरेन जेल जाने को तैयार रहें, तब-तब उसके जवाब में वह जनसभाओं में सीना ठोक कर कहते हैं- कोई झारखंडी कभी जेल जाने से डरा है क्या?

सनद रहे कि सोरेन इन दिनों फिर एक बार ईडी के रडार पर हैं। पिछले साल खनन घोटाले में ईडी उनसे लगभग दस घंटे की पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में उन्हें अवैध माइनिंग के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने वाले आरोपियों का संरक्षक बताया है। अब ईडी राज्य के जमीन घोटाले में चल रही कार्रवाई के सिलसिले में उनसे पूछताछ करना चाहती है। ईडी हेमंत सोरेन के अगस्त से लेकर अब तक तीन बार समन भेज चुकी है, लेकिन सोरेन ईडी के समक्ष हाजिर होने के बजाय उसकी कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित बताते हुए उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए हैं। ईडी ने उन्हें 9 सितंबर को हाजिर होने का समन भेजा था, लेकिन वे इसे नकारकर राष्ट्रपति द्वारा जी-20 सम्मेलन के उपलक्ष्य में दिए गए भोज में सम्मिलित होने चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली चले गए। हेमंत सोरेन के समर्थक उनके लिए एक नारा लगाते हैं- हेमंत है तो हिम्मत है ! यह कहने-मानने में शायद ही किसी को गुरेज हो कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव सीट पर इंडिया और एनडीए के बीच हुई सीधी लड़ाई में इंडिया को मिली जीत से 'हेमंत की हिम्मत' में और इजाफा हो गया है।

## अपार्टमेंट की छत से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड स्थित स्काई डेल अपार्टमेंट के 10वें तल्ले से रविवार को एक महिला कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान चंद्रेश्वर प्रसाद की पत्नी मधुबाला (49) के रूप में हुई है। मधुबाला इसी अपार्टमेंट के चौथे तल्ले पर अपने पति चंद्रेश्वर प्रसाद और बच्चे के साथ रहती थी। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुटी हुई है। मधुबाला ने आत्महत्या की है या किसी ने उन्हें धक्का दिया है। इसका पता अभी नहीं चल पाया है। जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पायेगा। इस संबंध में चंद्रेश्वर प्रसाद ने बताया कि शनिवार राततक सब ठीक था। उनकी पत्नी बेटे के साथ सोती थी और वो अकेले सोते थे। रविवार सुबह वो कब घर से बाहर निकली,उन्हें पता ही नहीं चला। अपार्टमेंट के लोगों ने उन्हें जानकारी दी। सूचना पाकर वो भागे-भागे वहां पहुंचे तो देखा कि उनकी पत्नी मधुबाला खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी है। पुलिस ने महिला के पति के बयान पर यूडी केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मधुबाला चंद्रेश्वर प्रसाद की दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी की मौत के बाद चंद्रेश्वर प्रसाद की मधुबाला से शादी हुई थी। दोनों का एक दस साल बच्चा भी है। चंद्रेश्वर प्रसाद शिक्षा विभाग में कार्यरत है और बिहार के सासाराम के रहने वाले हैं।

### समय रहते नहीं चेते तो जीनी पड़ेगी गुलामी की जिंदगी : मंत्री मिथिलेश

# युवाओं के हाथ में देश का भविष्य

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में रविवार को झामुमो युवा मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया।

इस मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। यदि युवा समय रहते नहीं चेते तो गुलामी की जिंदगी जीनी पड़ेगी। सभी को वार्ड पार्षद से लेकर सांसद तक अपना सेवक चुनना होगा, तभी आपको अपना हक एवं अधिकार मिलेगा। मंत्री ने कहा कि विकट परिस्थितियों में भी जब राज्य का काफी तेजी से विकास होने लगा, तब केंद्र ने हर हथकंडा अपना कर राज्य सरकार को अस्थिर एवं प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यदि हमारे युवा मुख्यमंत्री को प्रताड़ित किया जाएगा तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि वह राजनीति व्यापार के लिए नहीं करते हैं, बल्कि जन सेवा के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में



एकता का देश है। कुछ लोग हमें जाति, धर्म उच्च, नीच में बांटकर कटुता पैदा कर सत्ता में काबिज रहना चाहते हैं। हम ऐसे मुट्ठी भर चंद लोगों की साजिश को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। आज हम सभी संकल्प लें कि किसी भी हाल में मुट्ठी भर लोगों को हम लोकतंत्र एवं संविधान से खिलवाड़ करने में कामयाब नहीं होने देंगे। केंद्र में बैठी सरकार को जनता से कोई लेना-देना नहीं है। पूरे देश का 40 प्रतिशत रॉयल्टी झारखंड से जाता है। झारखंड देश का सबसे अमीर राज्य है, फिर भी यहां के लोग काफी गरीब हैं। मंत्री ने कहा कि वे गढ़वा को कोई खैरात नहीं दे रहे हैं, बल्कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है वे उसे निभा रहे हैं। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि में कार्य करने की इच्छा शक्ति हो तो उसे दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक सकती है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने पंचायत में जाकर लोगों को सरकार की उपलब्धियां को बताएं। साथ ही केंद्र किस तरह से उनकी चुनी हुई सरकार को बदनाम कर रही है यह भी जानकारी लोगों को दें। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, शरीफ अंसारी, प्रियम सिंह, करीब अंसारी, फुजैल अहमद आदि उपस्थित थे।

### जेएमएम ने उपचुनाव में जीत का जश्न मनाया

**बड़गड़।** डुमरी उपचुनाव में मिली जीत पर बड़गड़ प्रखंड इकाई के झामुमो कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। बड़गड़ स्थित बाजार के महावीर चौक पर शनिवार की शाम में कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़कर तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान झामुमो के केंद्रीय कमेटी के सदस्य जयप्रकाश मिंज ने कहा कि डुमरी की जनता ने भाजपा को जनता ने नकार दिया है। प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज ने कहा कि बेबी देवी ने एनडीए की प्रत्याशी को 17 हजार से अधिक वोट से हराकर करारा जवाब दिया है। इस मौके पर अनुमंडल उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रखंड सचिव अमानत अंसारी, नूरुल हक, बुधलाल केरकेट्टा, मिलयानुस केरकेट्टा, वरुण केसरी, रिशु सोनी, अरुण प्रसाद, अजय प्रसाद, आरिफ अंसारी, रफीक अंसार, सोपान सुनील किस्पोट्टा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोई वर्तमान विधायक के पैतृक गांव का नाम बता दे तो देंगे 7 लाख नकदः तिवारी

### चिनिया में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी धाम के मैदान में रविवार को भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, भाजपा नेता जवाहर पासवान, प्रभात भुईया आदि ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि चिनिया की सभा में मौजूद लोगों में से कोई भी व्यक्ति अगर वर्तमान विधायक का पैतृक गांव का नाम बता देगा, तो उसे वह सात लाख रुपये नकद से पुरस्कृत करेंगे, लेकिन सभा में मौजूद एक भी व्यक्ति वर्तमान विधायक सह मंत्री के पैतृक गांव का नाम नहीं बता सका। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। गढ़वा जिला भ्रष्ट अधिकारियों का जमघट बन चुका है। मंत्री के संरक्षण में भ्रष्ट अधिकारियों का पोस्टिंग गढ़वा में किया जा रहा है



ताकि खुलेआम लूट की छूट दी जा सके। बिना रिश्वतखोरी का एक भी काम नहीं हो रहा है। प्रखंडों में वेंडर के माध्यम से रिश्वतखोरी का गोरखधंधा चलाया जा रहा है। गैरमजरूआ भूमि के नाम पर गरीबों का जमीन लूटा जा रहा है। जमीन लूट के खेल में मंत्री और पूर्व विधायक का गहरी सांठगांठ है। गरीबों का जमीन को ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिनिया में आदिम जनजाति परिवार की जमीन पर कब्जा कर झामुमो का कार्यालय बनाया जा रहा है। चिनिया के अयुब मंसूरी हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने में आखिर मंत्री क्यों आनाकानी कर रहे है।

मौके पर जिला महामंत्री संतोष दुबे, मंगलमूर्ति तिवारी, विवेकानंद तिवारी, रितेश चौबे, पूर्व मुखिया सरीता देवी, ताहिर अंसारी, मुंशी यादव, चंद्रिका सिंह, जगतपाल साव, धर्मेन्द्र भुईया, रामधारी यादव, राकेश तुरी, सुरेश तुरी, अजय सिंह, लालमुनि सिंह, मनिजर भुईया, सूर्यमल प्रसाद, राजा राम, जगतपाल साव, योगेन्द्र साव, रामधारी यादव, लतिफ अंसारी, सकल देवी, रामसकल कोरवा आदि उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है हेमंत सरकार : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव की अध्यक्षता में विधायक आवास में की गई। कार्यक्रम में आगामी 16 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा पर चर्चा की गई। मौके पर शाही ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण अवाम त्रस्त है। इसलिए आज झारखंड और झारखंडी स्मिता को बचाने के संकल्प के साथ इस न्यायविहीन, उद्देष्य विहीन, दिशाविहीन लूट और भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने हेतु संकल्प दिलाने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आ रहे हैं, जब तक डबल इंजन की सरकार नहीं तबतक भवनाथपुर सहित झारखंड के लोगों का सपना पूरा नहीं होगा।

मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, जिला कार्यसमिति से मनोज पहाड़िया, अनिल चौबे, संजय यादव, मनोज सिंह, भानु गुप्ता, विपिन चौबे, सुनील सिंग, सच्चितानंद सिंह, सरिता विश्वकर्मा, अनिता प्रकाश, प्रमिला देवी, उर्मिला देवी, ब्रजेश चौबे, उदय सिंह, अरुण गुप्ता, रमेश साह, अशोक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### प्रमुख ने की सभी पीडीएस दुकानों की जांच की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने बीडीओ सह एमओ को पत्र दे कर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच करने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया है कि प्रखंड में 80 जवितरण प्रणाली के दुकान हैं। डीलर द्वारा राशन की कालाबजारी, राशन कम वितरण करने, लाभुक का अंगूठा लगा कर नही देने की शिकायत हमेशा प्राप्त हो रही है।

उन्होंने लिखा कि डीलर द्वारा गाइडलाइन का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। गरीब बीपीएलधारी का राशन गबन करने एवं गरीबों के मुंह से रोटी छीनने का काम किया जा रहा हैं। जिला प्रशासन पत्राचार के बाद भी चुपी साध लेता है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से तीन वर्षो से अकाल की स्थिति बनी हुई है, लेकिन डीलर द्वारा राशन गबन किए जाने का सिलसिला जारी है। अभी तक जुलाई, अगस्त, सितंबर का राशन और धोती साड़ी वितरण नहीं किया गया है।

# डंडई प्रखंड के पदाधिकारियों ने उपप्रमुख पति को बना डाला वेंडर

### प्रखंड के कई पंचायत समिति सदस्यों के भी नाम शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतते ही प्रखंड क्षेत्र के कई नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि स्वयं या उनका पति बेटा या अन्य खून से संबंधित उनके रिश्तेदार भी वेंडर बन गए हैं। प्रखंड उप प्रमुख अंजली देवी से लेकर कई पंचायत समिति सदस्यों के भी नाम शामिल हैं।

गौरतलब हो कि एक छोटी सी पंचायत का प्रतिनिधित्व करने वाला मुखिया स्वयं या उसका बेटा पति या उसके किसी दूसरे रिश्तेदार के खाते में न तो एक भी रुपये की सरकारी राशि का भुगतान हो सकता है और न ही उसका कोई सदस्य वेंडर या किसी भी कार्य योजना का अभिकर्ता ही बन सकता है। बावजूद प्रखंड में दूसरे सबसे श्रेष्ठ पद पर काबिज उप प्रमुख अंजली देवी के पति रामाशीष प्रसाद को किस नियमावली के तहत प्रखंड




अधिकारियों के द्वारा वेंडर बना दिया गया। वह भी बिना दुकान का यह एक बड़ा सवाल बन गया है। इसी तरह प्रखंड क्षेत्र स्थित पंचायत के कई पंचायत समिति सदस्यों में स्वयं का या उनके पति और बेटा को भी प्रखंड पदाधिकारियों के द्वारा वेंडर बनाने का काम किया गया है।

बताते चलें कि गांव की सरकार के इस कार्यकाल से पूर्व दोनों कार्यकाल में अलग-अलग उप प्रमुख बने आनंद प्रकाश व शीला देवी, जो वर्तमान में डंडई पंचायत पश्चमी भाग से पंचायत समिति सदस्य के पद को सुशोभित कर रहे हैं, को कार्यकाल के अंत तक प्रखंड पदाधिकारियों के द्वारा न तो उन्हें और न उनके पति बेटा या किसी और दूसरे रिश्तेदार को वेंडर बनाया गया और न ही उक्त लोगों के खाते में सरकार की एक भी रुपये की राशि ही हस्तांतरित कराने का काम किया गया। बावजूद गांव की सरकार के तीसरे कार्यकाल में उप प्रमुख के पद पर आसीन हुई अंजली देवी के पति रामाशीष प्रसाद को प्रखंड के पदाधिकारियों के द्वारा किस नियमावली के तहत वेंडर बना दिया गया? जहां तक पूर्व के उप प्रमुखों की योग्यता की बात है तो उनमें एक स्नातक तो दूसरा मैट्रिक उत्तीर्ण होने की अहर्ता रखते थे।

# ‘अब तक नेताओं ने जनता को सिर्फ ठगा’

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के पेशका उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को एएमआईएम पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पेशका, दुलदुल्वा, चामा, कारकोमा, तीसर टेटूका इत्यादि गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि एएमआईएम धर्म, संप्रदाय, जात-पात से ऊपर उठकर गरीब वंचित, शोषिततथा पिछड़ों के हक एवं अधिकार दिलाने वाली पार्टी है। उन्होंने पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, सत्येंद्र तिवारी तथा वर्तमान मंत्री सह विधायक मिथिलेश ठाकुर के कार्यकलाप पर प्रहार करते हुए कहा कि सभी ने अपने कार्यकाल



के दौरान जनता को गुमराह कर ठगने का काम किया है। विधानसभा क्षेत्र के विकास तथा गरीबों एवं जरूरतमंदों की समस्याओं से इन्हें कोई लेना देना नहीं रहा। कार्यक्रम को अब्दुल रहमान, इफ्तेखार खान, अब्दुल शकूर, मुजाहिम अंसारी, सत्येंद्र कुमार रजक, ईबरार अंसारी, फारूक अंसारी, जहांगीर अंसारी, अवध किशोर मेहता, गुलबहार अंसारी, सैफुल्लाह अंसारी, कुदूस अंसारी, इबरान अंसारी, फारूक अंसारी इत्यादि ने भी संबोधित किया। मौके पर इमरान खान, जहुर अंसारी, नियाजउद्दीन अंसारी, शंकर विश्वकर्मा, मजीद अंसारी, मंजूर अंसारी, रामप्रीत उरांव, कृष्ण पाल, सलीम अंसारी, मोबीन अंसारी, कुलदीप राम, चंदन कुमार, रवि नीरज, कुमार भारती, रमाकांत कुमार आदि उपस्थित थे।

### चार दिन बाद पुनः क्षेत्र में हाथियों ने मचाया उत्पात

**चिनिया।** थाना क्षेत्र में चार दिन बाद पुनः शनिवार की रात्रि जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया। बिलैतीखैर गांव में किसान विनोद कोरवा, लक्ष्मण पाल, कृष्ण पाल, दुर्गेश पाल की कई एकड़ में लगी फसलों को हाथियों ने नुकसान किया। किसानों ने बताया कि लगभग 12:00 बजे रात में जंगली हाथी गांव में पहुंचे एवं फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। बताते चलें कि पिछले 4 दिन से जंगली हाथी धुरकी क्षेत्र में उत्पात मचा रहे थे। चिनिया के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान की जायजा लिया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

शहर में सिटी हॉस्पिटल के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रेमचंद शर्मा की मौत हो गयी, जबकि घायलों में हलिवंता गांव निवासी चंदू पासवान और नितेश कुमार शामिल हैं। मृतक प्रेमचंद महदेइया में निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवन में मजदूरी का कार्य करता था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रेमचंद बस स्टैंड से महदेइया की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक



बाइक से उसकी टक्कर हो गयी। इसी दौरान बस स्टैंड की ओर जा रहे एक अन्य बाइक भी दुर्घनाग्रस्त बाइक से टकरा गई। इसपर चंदू और नितेश सवार थे। तीनों घायलों को स्थानीय लोग और पुलिस बल के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्रेमचंद को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। एसआई राहुल कुमार पुलिस के जवान के साथ अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली।

### अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू | गढ़वा को खेल हब में विकसित करने में हम होंगे कामयाब : मंत्री

# उद्घाटन मैच में मेजबान गढ़वा ने चतरा को 4-0 से पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज रविवार को स्थानीय रामा साहु विद्यालय स्थित खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पेयजल व स्वच्छता मंत्री सह स्थानीय विधायक एवं झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। उद्घाटन मैच मेजबान गढ़वा एवं चतरा की टीम के बीच खेला गया, जिसमें गढ़वा की टीम ने 4-0 से जीत दर्ज की।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता के उद्घाटन से खेल के क्षेत्र में आज से एक नया अध्याय और जुड़ गया। कहा कि आपकी सरकार खेल की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में पहली बार



अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही यह प्रतियोगिता जिले के विभिन्न प्रखंडो में आयोजित की जाएगी। इसके पूर्व कस्तुरबा विद्यालय की बच्चियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुती दी गयी। वहीं रांची के आए बैंड समेत स्थानीय कलाकारों द्वारा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुती दी गयी। साथ ही जमकर आतिशबाजी भी की गयी।

इधर खेल के प्रथम हाफ में गढ़वा की टीम ने चतरा के विरुद्ध एक गोल किया। हाफ टाईम तक गढ़वा 1-0 से आगे रही। दूसरे हाफ में गढ़वा ने एक-एक कर तीन गोल और ठोके। अंततः गढ़वा की टीम 4-0 से विजयी होकर अगले राउंड में प्रवेश कर गयी। हालांकि चतरा की टीम ने वापसी का काफी प्रयास किया किन्तु उनके खिलाड़ी एक भी गोल नही कर सके। इस मौके पर डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय, एसडीओ सह आयोजन समिति के अध्यक्ष राज महेश्वरम, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डा. मधुकांत पाठक, झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, युवा समाजसेवी राकेश पाल, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार उपाध्याय, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, गढ़वा जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा, अरविंद कुमार कंचन साहू, राजकमल तिवारी, गुड्डू सिंह, धीरज दुबे, आशुतोष पांडेय, अजय कांत, ओम प्रकाश गुप्ता, सुशील कुमार तिवारी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, नितेश सिंह, शांति देवी, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### सुप्रसिद्ध चिकित्सक ओएन शर्मा का निधन



**केतार।** सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ओमकार नाथ शर्मा (75 वर्ष) का निधन हृदय गति रूक जाने से हो गया। उनके निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ शर्मा कई वर्षों से केतार बाजार में रहकर चिकित्सा कार्य के साथ समाजसेवा कर रहे थे। केतार स्थिति घर में दिल का दौरा पड़ने के बाद आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थिति अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार की रात्रि 2 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉ शर्मा का शव रविवार की सुबह उनके केतार आवास पर पहुंचा, जहां श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व सरपंच रामेश्वर प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, राम बिचार साहू, अमर नाथ जयसवाल, विश्वनाथ साह, राजू सिंह, गुडन पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता आदि लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। डॉ शर्मा का शव उनके पैतृक आवास नगर उंटारी के अहिरपुरवा गांव ले जाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### बाजार समिति की जमीन को बचाने की मांग

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने ग्रामीणों की शिकायत पर बाजार समिति की वर्षों पुरानी जमीन एवं बाजार समिति में ही अंचल द्वारा बनवाए गए तहसील भवन, बाजार समिति में ही पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी द्वारा निर्मित कपूरी चौपाल को बचाते हुए बाजार समिति की भूमि एवं उपरोक्त भवन किसी निजी व्यक्ति को देने के उद्देश्य से 15 दिन पूर्व अंचल द्वारा कराए गए सीमांकन को रद्द कराने की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि अंचल द्वारा सीमांकन आनन फानन में किया गया है। सीमांकन से पूर्व किसी को नोटिस नहीं दिया गया है। चौहदीदार को नोटिस नहीं दिया जाना ये दर्शाता है कि अंचल द्वारा उपरोक्त सरकारी भूमि का गलत सीमांकन किया गया है। उपरोक्त भूमि में पंचायत निधि द्वारा जलमिना, नाली, सड़क भी अंचल द्वारा भूमि प्रमाणपत्र निर्गत करने के बाद बना है। बताया कि एक तरफ सरकारी भूमि बताकर भूमि प्रमाणपत्र निर्गत किया जाता है। वहीं दूसरी तरफ उसी भूमि को किसी निजी व्यक्ति के करने के उद्देश्य से किया गया सीमांकन संदेहास्पद प्रतीत होता है। मामले में जांच कर जल्द कारवाई हो।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**खरौंधी।** उच्च विद्यालय खरौंधी के स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं मेमेंटो प्रदान कर किया। इससे पूर्व हुए मार्च पास्ट में प्रखंड के सभी स्कूलों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर बीपीएम नवीन प्रकाश,बीआरपी राजेंद्र गुप्ता, पंकज कुमार, शिक्षक कृष्णा यादव, अमरेश राम, मो. जमालुद्दीन, मोतीचंद जायसवाल, अरविंद साह, गोविंद उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### शहर में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने सहायक विद्युत अभियंता बंशीधर नगर से मुलाकात कर भवनाथपुर शहरी फीडर में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। सहायक विद्युत अभियंता से मुलाकात के दौरान पंसस ने उन्हें भवनाथपुर शहर की विद्युत समस्याओं से अवगत कराते हुए दो सूत्री मांग पत्र सौंपा है। आवेदन में पंसस ने लिखा है कि भवनाथपुर शहरी फीडर में जोड़े गए कैलान, डूमरसोता ग्राम के कनेक्शन हटाते हुए उपरोक्त को ग्रामीण फीडर में जोड़ा जाए ताकि भवनाथपुर शहर के लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सके। मांग पत्र में पंसस ने भगोडीह ग्रिड से भवनाथपुर लाए गए 33 हजार केवीए के कनेक्शन को डायरेक्ट भवनाथपुर सबस्टेशन में जोड़ने की मांग की है ताकि निर्बाध बिजली उपलब्ध कराया जा सके। वर्तमान में सेल द्वारा लाए गए 33 हजार केवीए से सबस्टेशन में सप्लाई है। सेल की बिजली खराब होने पर पूरे भवनाथपुर का कनेक्शन काट दिया जाता है। पंससके आवेदन पर सहायक अभियंता ने जल्द कारवाई का आश्वासन दिया है।

# झामुमो पलामू ने स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू के स्थानीय जिला कार्यालय में स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में मनाई गई। स्व. दुर्गा सोरेन झारखंड के अग्रणी आंदोलनकरी नेता थे और झामुमो के कई बड़े पदों पर रहे थे। आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता, कार्यकर्ता उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। श्रद्धांजली अर्पित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि स्व. दुर्गा सोरेन का झारखंड को अलग कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी सोच आज भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का मार्गदर्शन करती है। स्व. दुर्गा सोरेन का जन्म 10 सितंबर 1970 को हुआ था और वो बहुत ही कम उम्र में ही झारखंड आंदोलन की लड़ाई में कूद गए थे। झामुमो पार्टी के लिए उन्होंने बहुत योगदान दिया है, आज पार्टी और झारखंड को उनकी कमी महसूस होती है। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी



शुक्ला ने कहा झारखंड के युवाओं को उनके बलिदान और जीवन से सीखने की आवश्यकता है। सबों को साथ ले कर चलने की उनकी सोच, जुझारूपन, गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों सहित सबों का सेवा करने की जज्बा उन्हें महान बनाती है। श्रद्धांजली देने वालों में उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, उपाध्यक्ष डॉ जशवंत सिंह, मुकेश चौधरी, संयुक्त सचिव अंकित सिंह, वरिष्ठ नेता बबलू सिंह, छात्र मोर्चा के सैयद फैजल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# 'पलामू के क्रान्तिकारी' लिखित प्रभात की पुस्तक का विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के टाउन हॉल में प्रभात कुमार सुमन लिखित 'पलामू के क्रांतिकारी 'पुस्तक का लोकार्पण रविवार को किया गया । विमोचन कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम,पूर्व मेयर अरूणा शंकर , झारखण्ड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी,पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ,रिटायर्ड प्रोफेसर एससी मिश्रा और सूचना विभाग के पदाधिकारी आनन्द कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । वहीं पुस्तक के लेखक प्रभात मिश्रा सुमन ने सभी मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जबकि पुस्तक के लेखक प्रभात मिश्रा सुमन को मुख्य अतिथियों ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ,अमन चक्र, प्रथम डिप्टी मेयर मंगल सिंह , माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ,भाजपा नेता अमित तिवारी, शर्मिला वर्मा , शीला श्रीवास्तव, समेत सैकड़ो लोग उपस्थित हुए ।

## पलामू के गूगल 'सुमन' ने किया कमाल



पलामू के गूगल प्रभात सुमन ने इस पुस्तक की रचना फेस बुक के माध्यम से दिल्ली में रहकर की है। यह बात आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। भाग दौड़ भरी जिन्दगी व पत्रकारिता में रहते हुए इस अनमोल कृति पर्र अरविन्द सोसाइटी के पूर्व प्रदेश सचिव आलोक तुलस्यान ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सुमन ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। साथ ही आने वाली पीढ़ी को बतलाया है कि स्वतंत्रता आंदोलन के अगुआ को याद कर ही नये भारत का निर्माण संभव है।

# दूध बेचने वाले का बेटा खेलेगा स्टेट चैंपियनशिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। हर क्षेत्र में प्रतिभाशाली मौजूद है, जरूरत है तो बस उसको निखारने की। पलामू में पहली बार एक दिवसीय वूशु चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें जिले के सभी प्रखंडों से 150 खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में 17 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए मेडल अपने नाम किया। यह चैंपियनशिप पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में आयोजित किया गया था।इस प्रतियोगिता में बारालोटा हनुमान नगर निवासी नवल किशोर कुमार के बेटे रिशु राज ने सिल्वर मेडल जीता। उसने बताया कि उसने यूट्यूब पर वूशु खेल को पिछले साल देखा था। जिसके बाद इसकी तैयारी के लिए द कराटे एकेडमी पहुंचा और कराटे के साथ वूशु खेलना सीखना शुरू कर दिया। अब जिलास्तरीय चैंपियनशिप में मेडल ला कर वो राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में खेलेगा।बता दें कि, रिशु के पिता खटाल (मवेशियों के रहने की जगह) चलाते हैं और दूध बेच कर परिवार चलाते हैं। वहीं, उसकी मां गृहणी हैं। रिशु अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए ओलंपिक में भारत के लिए खेलना चाहता है।पलामू जिला वूशु एसोसिएशन के सचिव सुमित बर्मन ने बताया कि वूशु खेल कुंगफू की तरह होता है। वर्ष 2008 में कुंगफू को देश भर में बैन कर दिया गया था। बाद में इसका नाम वूशु रखा गया। उन्होंने बताया कि वो वर्ष 2020 में वूशु एसोसिएशन के सचिव बने थे। इसके बाद पहली बार जिला स्तरीय प्रतियोगिता का ऐसा आयोजन हुआ है।इस प्रतियोगिता में वूशु के सांडा इवेंट का आयोजन हुआ। चैंपियनशिप में कुल 17 खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किया। जिसमें 6 गोल्ड, 6 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

## NEWS इन ब्रीफ

### जनता दल यूनाईटेड की पलामू जिला इकाई की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड की पलामू जिला इकाई की बैठक में संपूर्ण झारखंड को अकाल प्रभावित क्षेत्र घोषित कर तत्काल व्यापक पैमाने पर राहत कार्य चलाने संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने की । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू जिला प्रभारी कुमेश्वर महतो उपस्थित थे । बैठक में राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले राशन को अविलंब चालू कराने की मांग की गई। इसके अलावा महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण देने, रसोई गैस को 500 रुपये कम करने व वन नेशन वन एवं इलेक्शन के जगह पर वन नेश वन एजूकेशन लागू करने, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की गई। साथ ही पलामू जिला ईकाई के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष का चुनाव भी किया गया। मंजू देवी को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह अमरजीत कुमार यादव को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, शमीम हैदर को अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष, देवेंद्र प्रसाद को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, जगदीश उरांव को अनुसूचित जन जाति के अध्यक्ष व राजेन्द्र कुमार रवि को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री सुधा चौधरी , अवध किशोर सिंह , शमीम हैदर मनोज कुमार दुबे, चिटू मेहता , सचिन कुमार , राजेन्द्र कुमार रवि, राजेन्द्र राय , मुन्ना कुमार राय, मुकेश कुमार सिंह, श्रवण सोनी , प्रेमचंदर महतो, अनिल कुमार, चंदन मेहता , सुनिल चौहान, रविंद्र देव चरण , मनोज मेहता, विजय सिंह , नवल किशोर तिवारी , धनंजय कुमार सिंह, रामजी यादव सहित कई जद यू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कीमती लकड़ी के तस्कर पलामू टाइगर रिजर्व में सक्रिय



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। कीमती लकड़ी के तस्कर पलामू टाइगर रिजर्व में सक्रिय हो गए हैं ।वह अपने साथ देसी कट्टा लेकर चल रहे हैं। इन देसी कट्टा से वह निहत्थे फॉरेस्ट गार्ड और ट्रैकर को डराते धमकाते हैं। यह लकड़ी तस्कर इस कदर आक्रामक हो गये हैं कि इन्होंने इसी अगस्त महीने कि 27 तारीख को एक वॉच टावर को काफि नुकसान पहुंचाया था। इन लकड़ी तस्करों ने इस वॉच टावर की कुछ पायदान सीढ़ियों के तोड़ डालें ।इस वॉच टावर के दरवाजे तोड़ डालें इस वॉच टावर खिड़कियों को भारी क्षति पहुंचाई गई। सूत्रों की मानें तो यह लकड़ी तस्कर उस बात से नाराज थे कि गारु पश्चिम के रेंजर तरुण कुमार सिंह और उनकी टीम ने तीन लोगों को लकड़ी के पेड़ के काटने और काटी हुई लकड़ी के 15 बोटे को स्मगलिंग तस्करी करने के इल्जाम में पकड़ कर लातेहार जेल भेजा था। तरुण कुमार सिंह ने प्रेस को यह भी बताया कि अब यह लकड़ी तस्कर देसी कट्टा लेकर चल रहे हैं यह बंदूक भरी रहती यानी इससे गोली दागा जा सकता है भरटुवा बंदूक (देसी कट्टा) भी जान लेवा है।

## देवकी नन्दन ठाकुर की उपस्थिती में कथा का होगा आयोजन

# पलामू में ऐतिहासिक होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन : गुरू पाण्डेय

### बैठक का उद्घाटन अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) ने लडडू गोपाल की पूजा अर्चना व भागवत भगवान की आरती के साथ किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर क ी हाउसिंग कॉलोनी में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जायेगा ।इस महायज्ञ में विश्व प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता देवकी नन्दन ठाकुर महाराज का आगमन होगा। इस महायज्ञ की सफलता के लिए रविवार को सनातनी धर्मावलंबियों की बैठक हुई ।इसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गयी ।बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी व संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय (लकी) ने किया। बैठक का उद्घाटन अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) ने लडडू गोपाल की पूजा अर्चना व भागवत भगवान की आरती के साथ किया। बैठक में महायज्ञ को ऐतिहासिक आयोजन के रूप में सफल बनाने का संकल्प लिया गया। पुरे आयोजन में विधि व्यवस्था,साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस दौरान संतों की सेवा एवं महिलाओं की भागीदारी तथा सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा ।बैठक में दीनानाथ तिवारी, दीपू सिंघानिया, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ राजीव नयन, विजयानंद पाठक, दुर्गा जौहरी, मनोज सिंह, लवली गुप्ता, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, अविनाश वर्मा, रोहित तिवारी, मंगल सिंह, टिवंकल गुप्ता, सनातन धर्म सभा की केंद्रीय टीम के अजीत तिवारी, राजीव रंजन, विवेका त्रिपाठी, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, रोहित तिवारी, रजनीकांत मिश्रा, संतोष शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, दीपू सिंघानिया, विभाकर पाण्डेय, मनु प्रसाद तिवारी, कृष्ण कांत चौबे, शैलेश तिवारी, सुनील तिवारी, मीना गुप्ता, दिलीप त्रिपाठी, राजशेखर द्विवेदी, राजमणि त्रिपाठी,बीएम पाण्डेय, नवीन तिवारी, छोटन उपाध्याय, सोनू मिश्रा, अनील दूबे, रमेश शुक्ला, विकास दूबे, चंदन तिवारी, आशीष भारद्वाज, राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, शैलेश तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, मनीष तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, बिकू शुक्ला, लल्लू पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, संजय पाण्डेय, बृजेश शुक्ला समेत सैकड़ों की संख्या में सनातन धर्मावलम्बी उपस्थित थे ।




# कंकारी ग्राम में चला मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाया जा रहा कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर मंडल के कंकारि ग्राम में आज कार्यक्रम चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे एवं संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया। पहले एक सभा के रूप में कार्यक्रम की शुरूआत की गई बाद में घर-घर जाकर कलश में चुटकी भर मिट्टी एवं चावल एकत्रित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य रूप से जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा संसद के निजी सचिव अलख दुबे ईश्वरी पांडे शिव कुमार मिश्रा मनीष कुमार मनीष कुमार धीरज जायसवाल एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का शहादत दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। सुभाष चौक के नजदीक (शहीद मनु अखौरी रोड) कर्नल संजय अखौरी के आवास पर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की दादी श्रीमती दया चरण, माता-पिता - कर्नल संजय अखौरी एवं निरा अखौरी एवं पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। शहीद मनु अखौरी अमर रहे। भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर भी पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। ज्ञात हो कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी अल्पायु में ही मां भारती की सेवा में अपने आप को न्योछावर कर दिये थे। इनका जन्म 21 फरवरी 1984 को पलामू जिले के डाल्टनगंज में हुआ था। मिग-21 फाइटर प्लेन युद्धाभ्यास के दौरान पंजाब प्रांत के मुक्तसर जिले के भलाइयाना गांव को जब वे अप्रोच कर रहे थे तब उनके विमान में कुछ तकनीकी खराबी आई। इसके बाद उन्होंने अपने आप को विमान से इजेक्ट करने का सोचा तो उन्होंने देखा कि यहां पर हायर सेकेंडरी के 1500 स्कूली बच्चे पढ़ रहे हैं। वे चाहते तो पैराशूट के माध्यम से अपनी जान बचा सकते थे। लेकिन वे स्कूली बच्चे इसमें हादसे का शिकार हो जाते। उन्होंने विमान को खाली स्थान पर ले जाने का फैसला किया। ऐसा करने के दौरान जो उनका कीमती समय था वो निकल गया और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपरा बलिदान के अनुरूप उन्होंने अपने कर्त्तव्यों का पालन किया। आज पूरा पलामू उनके कृत्य से गौरवान्वित है। पलामू के युवा इनके वीर गाथा को प्रेरणा के रूप में युगों युगों तक याद करेंगे। कार्यक्रम में रतन अखौरी एवं मधु अखौरी (चाचा-चाची), सुधीर कुमार सिंह, सचिव पलामू क्रिकेट एसोसिएशन, अविनाश वर्मा, अध्यक्ष जिसा, अविनाश देव, आदि लोग उपस्थित थे।

## नगर आयुक्त से वार्ड 17-18 की जन समस्याओं के समाधान की मांग

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने ग्राम रेड़मा के वार्ड नंबर 17 एवं 18 का दिन रविवार को दौरा किया एवं निगम में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुये। उन्होंने पाया कि वार्ड नंबर 17 में नहर वाला रोड में चारों तरफ कीचड़ फैला हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के स्कूल जाने के समय या अभी के समय में कई एक लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लेकिन इस क्षेत्र में निगम के द्वारा एक भी सड़क नहीं बना है। वहीं वार्ड नंबर 18 का हाल भी सही नहीं है वार्ड नंबर 18 के दलित परिवार के लोग चंदा के पैसा जमा करके टैंकर का पानी पीने को विवश हैं। एक चापाकल उनके घर के सामने लगा हुआ है, लेकिन एक घंटा चलने के बाद पानी आता है। जिसे बनवाने की फुर्सत भी निगम के पदाधिकारीयों के पास नहीं है। झोपड़ी में रह रहे उन लोगों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ भी नहीं मिला है और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भाजपा के विधायक और सांसद मोदी के विकास का झूठा दंभ भरते फिर रहे हैं। गरीब का बेटा कह कर वोट लेने वाले भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया की गरीबी दूर हो गई लेकिन गरीब लोगों की स्थिति वहीं का वहीं है। विधायक और सांसद भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के पदयात्रा को लेकर दिन रात मंच पर बैठकर भाषण दे रहे हैं लेकिन निगम के सटे गरीब - दलित परिवारों के घर जाने को इन लोगों को फुर्सत नहीं है। नगर आयुक्त से हम मांग करते हैं कि अभिलंब इस इलाके में सड़क पास करायी जाए। तत्काल कहीं से टुकड़ा टूटा एवं डस्ट की व्यवस्था की जाए एवं दलितों के चापाकल की मरम्मत कर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना दिया जाए। क्षेत्र भ्रमण में अखिल भारतीय नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक तिवारी, दिलीप तिवारी साथ में थे। वहीं वार्ड नंबर 18 के सिमीतरी देवी, रमेश कुमार, निर्मला देवी, पुष्पा देवी, खईको भूंइया उपस्थित थे।

## हम डुमरी उप चुनाव हार कर पूरा झारखण्ड जीत गये: सतीश

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की झुठ लूट और अपराध के सहारे चल रहे झारखण्ड सरकार का पूरा तंत्र डुमरी चुनाव में पुरी ताकत लगाकर जीत दर्ज किया। पूरे चुनाव में दौरान इण्डिया गठबंधन के लोग व सरकारी तंत्र छूट के गुण्डागर्दी की। एनडीए के कार्यकर्ताओ को प्रशासनिक तंत्र के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता आदित्य साहू के होटल में बिना कारण छापेमारी की गई। आजसू पार्टी के कार्यकर्ता के रहने वाले जगहों पर पुलिस जाकर बिना कारण छापामारी कर कार्यकर्ताओ मे दहशत फैलाया। यही नही हमारे पार्टी के वरिष्ट नेता व गिरीडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के आवास पर छापामारी सांसद महोदय कीअनुपस्थिति में की गयी। कई जगहों पर हमारी सभा को असफल कराने के लिए सभी तिकड़म का सहारा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के लोगों ने लिया। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सह अपकारी (शराब) मंत्री के पूरा विभाग डुमरी मे शराब बहाया। इनके कई मंत्री को पैसा बांटते फोटो वायरल हुआ। पुलिस के संरक्षण में प्रत्याशी पुत्र राज कुमार महतो का तस्वीर मीडिया में पैसा बांटते वायरल हुआ। चुनाव के दिन पुलिस व सरकारी तंत्र कई बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता के जैसे काम करते नजर आये। जब कि डुमरी की जनता ने हेमंत सोरेन सरकार को नक्कार दिया है। मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में ईडी तीन बार पूछताछ के लिए समन भेज चुकीं है। भाग क्यों रहे हैं। ईडी के सामने जा कर अपने सफाई को रख देते न। 2024 चुनाव में झारखंड से इण्डिया गठबंधन का सुपड़ा साफ हो जायेगा।

**जीवन**

## मोबाइल वैन में रक्तदाता के लिए लगे हुए हैं दो आरामदायक बेड

# अत्याधुनिक मोबाइल ब्लड कलेक्शन एक बेहतर कदम

### ब्लड एकत्र करने की सारे उपकरण और फिर ब्लड यूनिट को सुरक्षित टेंपरेचर में रखने की संपूर्ण व्यवस्था है

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच स्थित ब्लड बैंक में एक अत्याधुनिक मोबाइल ब्लड कलेक्शन कि उपस्थिति से रक्तदान और रक्त संग्रह करने की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। वर्ष 2020 में एक अत्याधुनिक मोबाइल ब्लू कलेक्शन वैन एमएमसीएच को मिली। इस मोबाइल वैन में रक्तदाता के लिए दो आरामदायक बेड लगे हुए हैं। पूरा वैन एसी युक्त है। ब्लड एकत्र करने की सारे उपकरण और फिर ब्लड यूनिट को सुरक्षित टेंपरेचर में रखने की संपूर्ण व्यवस्था है। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने प्रेस को यह जानकारी दी कि 2020 में आई इस वैन से 16 अगस्त 2023 तक 1616 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारी कोशिश होगी उन रक्तदाताओं तक पहुंचने के लिए जो आसानी से रक्तदान करें। हम उनके दान किए गए रक्त को पूरी सुरक्षा और स्वास्थ्य कर मापडंडों के साथ पलामू



की किसी भी कोने से उसे निश्चित समय अवधि में ब्लड बैंक लाकर रखेंगे। इस सिलसिले में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया की अतिरिक्त प्रधान सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को यह जानने की कोशिश की कि मोबाइल ब्लड कलेक्शन वैन में जीपीएस लगा है या नहीं। सिविल सर्जन ने बताया सप्ताह से दो-तीन महीने पहले जीपीएस लगने और लगाने की एक चिट्ठी आई थी जिस समय वह यहां के सिविल सर्जन नहीं थे। उन्होंने कहा कि उनके पदभार ग्रहण करने के बाद भी यह चिट्ठी जो पिछले महीने आए हुई थी उसे उपस्थापित नहीं किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि उन्होंने इस अतिरिक्त मुख्य सचिव सख्त निर्देश के आलोक में कल ही शाम में बहुत प्रयास करके इस मोबाइल ब्लड कलेक्शन वैन में जीपीएस उपकरण लगवाने में सफल हो गए यह जीपीएस उपकरण सही तरीके से कम कर रहा है। सिविल सर्जन ने यह भी बताया कि उन्होंने इस जीपीएस से संबंधित जरूरी जानकारियां जैसे आईडी पासवर्ड इत्यादि सरकार को भेज दिया है। ताकि सरकार के उच्च अधिकारी यदि वह इसकी गतिशीलता और कार्य को देखना और समझना चाहे तो वह रांची से ही बैठकर देख सकते हैं। कि यह मोबाइल वैन ब्लड बैंक कलेक्शन इस समय कहां है और क्या कर रही है। ब्लड बैंक एक अधिकारी अनवर आलम ने यह जानकारी दी की चलती वैन में रक्त नहीं लिया जा सकता है। क्योंकि नस में सुई लगी रहती है। इसलिए वैन के ठहराव की स्थिति में वैन जहां ठहरे रहती है, वहीं यदि कोई मानवता प्रेमी व्यक्ति रक्तदान करना चाहता है तो हम उसका हृदय से स्वागत करते हैंऔर उन्हें बहुत ही आरामदायक बेड पर रखते हैं और आराम से वैन को रुके रहने पर ही उनका एक यूनिट ब्लड हम आभार प्रकट करके लेते हैं। उन्होंने कहा बहुत सारे एनजीओ हैं जो हमें एक दिन पहले या दो दिन पहले अपने इलाके में ब्लड डोनेशन कैंप लगे लगवाने की बात करते हैं और वैन की मांग करते हैं। ऐसे सभी एनजीओ के मांग को जिसमें ब्लड डोनेशन होना है और बहुत स्वागत करते हैं और अपनी इस गाड़ी को उसे गंतव्य स्थान के लिए रवाना करते हैं। सिविल सर्जन से एक प्रश्न पूछा गया कि जो ब्लड जमा हुआ उसे वह किस तरह स्वास्थ्य के मापडंडों पर रखकर ब्लड बैंक लाते हैं? त इसके जवाब में सिविल सर्जन ने कहा कि उसे जो टेंपरेचर चाहिए , आइस पैक चाहिए और उसे कोई झटका ना लगे, जिसे जर्क कहते हैं, वैसी सारी चीज ध्यान रख कर उसे दान किए गए ब्लड को सम्मान और पूरे सुरक्षा में ब्लड बैंक लाया जाता है जहां एक बहुत बड़ा नन जरकिन यानी झटका ना लगने वाला रेफ्रिजरेटर है। जहां इस ब्लड को पूर्ण रूप से सुरक्षित रखा जाता है।

### भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हारिश बीन जमां बने लोहरदगा के 32वें पुलिस अधीक्षक

# जिले को भयमुक्त बनाकर विकास को गति देने में पुलिस भागीदारी निभाएगी : एसपी

### नक्सलवाद का खात्मा, महिला सुरक्षा व लॉ एंड ऑर्डर पहली प्राथमिकता



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा जिले के 32वें पुलिस अधीक्षक के रूप में हारिश बीन जमां ने रविवार की शाम पदभार ग्रहण कर लिया। हारिश 2107 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे इससे पूर्व ट्रैफिक एसपी रांची के पद पर थे। मौके पर निवर्तमान एसपी आर रामकुमार से नए एसपी हारिश बीन जमां ने जिले के भौगोलिक, आपराधिक व नक्सली गतिविधियों की जानकारी ली। अति उग्रवाद प्रभावित जोबांग, बगड़ू, सेरेंगदाग थाना व पेशरार क्षेत्र की स्थिति व सुरक्षा की रणनीति को जाना। जिले की अपराधिक व उग्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के कार्यों की जानकारी ली। जिला पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान पत्रकारों से औपचारिक बात करते हुए जमां ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा संचालित पूर्व के सकारात्मक कार्य को गति देकर और बेहतर ढ़ंग से संचालित किया जाएगा। अपराध व उग्रवाद अभियान की त्रुटियों को चिन्हित कर उसे दूर किया जाएगा। लोहरदगा जिले को भयमुक्त बनाकर विकास को गति देने में पुलिस भागीदारी निभाएगी। कहा कि नक्सलवाद का खात्मा, महिला सुरक्षा व नागरिक सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पूरी तरह अनुपालन किया जाएगा। कहा कि मैं बतौर एसपी लोहरदगा जिले से शुरुआत कर रहा हूं। वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार जिले की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। आर रामकुमार सर के नक्शे कदम पर चलने का प्रयास रहेगा। लोहरदगा नक्सल प्रभावित श्रेणी में आता है। मेरा गृह जिला गुमला है। इसलिए यहां की भौगोलिक स्थिति को मैं अच्छे से जानता और समझता हूं। कहा कि अपराध व उग्रवाद के कारकों को चिह्नित कर उसे समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उग्रवाद-अपराध की चुनौतियां हमें काम करने के लिए हौसला बढ़ाएगी। उग्रवाद-अपराध लोहरदगा जिले की ही नहीं बल्कि सभी जगहों की समस्या है, जिसे दूर करने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। कहा कि उग्रवाद प्रभावित जिले में मुख्यधारा से भटके युवाओं को आत्मसमर्पण नीति के तहत समाज में वापस लौटाने का काम प्राथमिकता पर किया जाएगा। पुलिस जनता मैत्री संबंधो में प्रगाढ़ता लाकर जनता के सुख दुख में पुलिस की भागीदारी सुनिष्चित की जाएगी। पुलिस के खुफिया तंत्र को सक्रिय रखा जाएगा। लोहरदगा में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेंन रखना भी प्राथमिकता होगी। किसी को भी विधि व्यवस्था से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। ऐसे मामलो में पुलिस सख्ती से निबटेगी। हर पीड़ित को न्याय और कसूरवारों को सजा मिलेगी। एसपी ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी समय अपने सुख-दुख के लिए बेरोक-टोक मिल सकते हैं। वहीं निर्वतमान एसपी आर रामकुमार ने लोहरदगा में बिताए हुए समय को अपना बेहतर अनुभव बताया। कहा कि बतौर एसपी लोहरदगा मेरा पहला जिला था। इस जिले में बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां के न्यायाधीश, उपायुक्त, पुलिस टीम व नागरिक समन्वय स्थापित कर जिले को आगे बढ़ाने का कार्य किया।

### जिले में पदस्थापित पुलिस अधीक्षक

जिले के 31 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में हारिश बीन जमां ने कार्यभार संभाला। लोहरदगा जिला गठन के बाद 17 मई 1983 को पहले एसपी के रूप में सीमा इमचेन ने कार्य शुरू किया था। इसके बाद क्रमशः जिले में एसपी के पद पर पीसी नटराजन, अमारिक सिंह निम्बरान, रामजी प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिन्हा, परवेज हयात, अमिताभ चैधरी, उमेश कुमार सिंह, भगवान प्रसाद सिंह, गिरजा प्रसाद शर्मा, राम नंदन प्रसाद, एएस राजन, नंदू प्रसाद, बी श्रीनिवासन, अजय कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, सीपी किरण, अब्दुल गनी मीर, मनोज कौशिक, सुबोध प्रसाद, असीम विक्रांत मिंज, जितेंद्र कुमार सिंह, सुनील भास्कर, मुत्युंजय कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, मनोज रतन चैथे, कार्तिक एस, राजकुमार लकड़ा, प्रियदर्शी आलोक, प्रियंका मीना, आर रामकुमार अपनी सेवा दे चुके हैं।

## सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
4 से 9 सितंबर को आंतरिक सुरक्षा अकादमी माउंट आबू में चलने वाले वीआईपी सिक्योरिटी कोर्स सीरियल नंबर वन में लोहरदगा में तैनात 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आंतरिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक/ महानिरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कोर्स में देश भर से 22 अधिकारियों ने भाग लिया था, यह कोर्स केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों को वीआईपी सिक्योरिटी ड्यूटी के लिए तैयार करना तथा उन्हें उसके खास चीजों से रूबरू कराने के लिए बनाया गया था ताकि अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की वह प्रशिक्षण संस्थान है जो कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों को ट्रेनिंग देने के अलावा अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तथा सिविल पुलिस के अधिकारियों को भी ट्रेनिंग देने का कार्य करती है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राहुल कुमार कमांडेंट 158 बटालियन को सम्मानित किया गया है। उसके लिए आंतरिक सुरक्षा अकादमी में तैनात सभी अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस सम्मान से लोहरदगा में तैनात 158 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने लोहरदगा का नाम भी रोशन किया।

## 'हमें सनातन धर्म व संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहिए'






**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित देर रात्रि शोक विनाशक श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप हिंदू संगठन योगी सेना जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर के नेतृत्व में मटकी फोड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में कुल चार टीम ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु उपस्थित हुए।

वहीं विशिष्ट अतिथि में रितेश कुमार सूरज अग्रवाल, गुप्तेश्वर गुप्ता, अजय कुमार पंकज, सुनिल अग्रवाल, प्रवीण ठाकुर, सौरभ समीर, मनोज गुप्ता, सचिन साहू, तुषार आरव, भोला साहू, समेत अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया. इधर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में कुल 04 टीमों ने भाग लिया। यहां प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 11 हजार रुपए नकद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया. वहीं द्वितीय पुरस्कार पाने वाले को कप देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की नटखट जरूर थे परंतु उदंड नहीं. हमें योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के मित्रता और धर्म के प्रति अच्छाई को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। हमें सनातन धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का होना जरूरी आजाद शत्रु ने कहा कि लोहरदगा में मटका फोड़ प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम हिंदू धर्म की मजबूती को दशार्ता है। गांव-गांव में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन करना होगा. यहाँ लोग आएंगे तो अपने धर्म के प्रति वे जागरूक होंगे। योगी सेना जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने कहा कि हिंदू समाज जब-जब जागरूक हुआ है संगठित हुआ है तब तब उसने पूरे विश्व का नेतृत्व किया है। हिंदू समाज को एकजुट होने के लिए धर्मांतरण जैसे बड़ी समस्याओं से लड़ना होगा। इधर कार्यक्रम के दौरान लोगों ने कार्यक्रम का आनंद जमकर उठाया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुषार कुमार, भोला साहू, दिग्गज सिंह, पवन प्रजापति, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे. विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस बल मौजूद थे।

## खुखड़ी बिछ रहे वृद्ध पर भालू ने किया हमला, घायल गुमला रेफर

### अनुमंडल अस्पताल कंपाउंडरों के भरोसे, डॉक्टर नहीं मिला



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**
खुखड़ी बिछ रहे 60 वर्षीय वृद्ध विक्टर टोप्पो पर रविवार अगले सुबह लगभग 5:00 बजे रैन टोली ठिठीओ टंगरा जंगल के पास दो जंगली भालुओं ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वही रेंटोली गांव के कुछ लोग अपने खेत की ओर आ रहे थे तभी विक्टर को लहू लहान देखा तो उनसे जाकर पूरे मामले की जानकारी ली और आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर नहीं होने के कारण कंपाउंडरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल विक्टर टोप्पो ने बताया कि वह अपने गांव जुद्वानी से रैन टोली समधियान जा रहा था जिस समय जंगल के पास वह खुखड़ी बिछाने लगा तभी अचानक दो जंगली भालुओं ने उसे पर हमला कर दिया। किसी प्रकार वहां से भागकर छिप कर वह अपनी जान बचाया। घटना की जानकारी मिलते ही जीप सदस्य मेरी लकड़ा चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और पूरे मामले की सुद ली। अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनुमंडल मुख्यालय के अस्पताल में डॉक्टर नहीं होना काफी दुर्भाग्य की बात है। चैनपुर अनुमंडल है यहां चैनपुर एवं जारी से लोग इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने तत्काल फोन पर गुमला सिविल सर्जन डॉक्टर राजू कच्छप्प से बात कर पूरे मामले की जानकारी दी साथ ही चैनपुर में डॉक्टर की मांग की है जिस पर सिविल सर्जन राजू कच्छप्प ने कहा कि जल्द से जल्द चैनपुर में डॉक्टर की व्यवस्था की जाएगी।

### दुर्गा पूजा समिति झखरा के अध्यक्ष बने राजेश, सचिव विनोद

**सेन्हा।** श्री दुर्गा पूजा समिति झखरा की बैठक हुई। बैठक में नई समिति के गठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक विकास जायसवाल, संरक्षक महावीर प्रसाद जायसवाल, अध्यक्ष राजेश प्रसाद जायसवाल, उपाध्यक्ष सीताराम बैठा, सचिव विनोद ठाकुर , उप सचिव संदीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष रवि उरांव, मीडिया प्रभारी नितेश जायसवाल, विधि व्यवस्था में ज्योतिष जायसवाल, गन्दूर उरांव, अरूण जायसवाल, तुलषि मुंडा, प्रकाश बैठा, गौरा राम महली, देवानंद उरांव, अजय यादव एवं समस्त नवयुवक संघ चुने गए।

**आयोजन** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा लोहरदगा ने किया लव कुश जयंती समारोह

# लवकुश समाज राजनीतिक भागीदारी के लिए करे मंथन : सुदेश




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्थानीय नगर भवन में रविवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा लोहरदगा के द्वारा लव कुश जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो, पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश अभय कुमार महतो थे. कार्यक्रम की शुरूआत लव कुश बंदना से शुरू की गई। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लव-कुश समाज के बच्चों द्वारा स्वागत गान एवं कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई, जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों द्वारा की गई।

पूर्व डिप्टी सीएम सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने समाज के लोगो को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त होने की बात कही। आपसी टकराव की स्थिति त्यागना होगा तभी समाज आगे बढ़ेगा। अपनी राजनीतिक क्षमता व ताकत को दिखाने की जरूरत है। सीमित कार्यो से आगे आपको सोचना पड़ेगा। आपकी राजनीतिक , शैक्षणिक, आर्थिक सक्रियता की जरूरत है। प्रतिस्पर्धा के दौर में हमारे समाज के लोग आज आगे बढ़ रहे हैं। समाज के लोगो को राजनीतिक भागीदारी निभाना चाहिए। सामाजिक, आर्थिक के साथ राजनीतिक चिंतन की जरूरत है। राजनीति में जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि मेहनती और ईमानदार कुशवाहा समाज का वर्तमान में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। सभी को एकसूत्र में बंधने का काम है। ऐसा कार्यक्रम होना चाहिए और इसका सन्देश पूरे राज्य में जायेगा। झारखंड में लवकुश की संख्या 28 प्रतिशत है। झारखंड की राजनीति में अलग नया मोड़ लाएगा। जिस प्रकार बिहार की तर्ज पर झारखंड में लवकुश की अलग पहचान बनेगा। हर तरह का सहयोग हम लोग देने का काम करेंगे। लव कुश समाज को जो सत्ता में भागीदारी आज तक नहीं मिली है, विकास में साझेदारी जो चाहिए नहीं मिली है वो तोआने वाले समय में भागीदारी और साझेदारी मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो ने कहा की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा। हमें अपने संगठन एवं संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करना होगा। जागरुक होकर सामूहिक प्रयास करने से समाज का अपेक्षित विकास होगा। लव कुश जयंती समारोह के दौरान बीएस कॉलेज के पास से भगवान लव कुश की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरा। तत्पश्चात नगर भवन पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। लव कुश जयंती के मौके पर समाज की ओर से मैट्रिक इंटर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रौशन लाल चौधरी, ललिता मेहता, ओम महतो, सीताराम महतो, राजेश महतो, नंदलाल महतो, संतोष महतो, कमलेश महतो, परमानंद महतो, महेंद्र महतो, ललित महतो, विक्की महतो, पंकज महतो, महेश कुमार सिंह, हर्ष नाथ महतो, कृष्णा महतो, चंद्र महतो, राजेंद्र महतो, रामा महतो, गौतम लेनिन, संजय कुमार समेतसमाज के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### सेवानिवृत्त बीईओ को सम्मारोह में दी गई विदाई



**चैनपुर(गुमला)।** चैनपुर बीईओ अल्मा सलोनी जोजो के सेवानिवृत होने पर साथी कर्मचारी एवं शिक्षकों ने भाव पूर्ण विदाई दी। विदाई समारोह पर स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके बाद शिक्षकों ने उनके कार्यकाल का वर्णन करते हुए प्रशासनिक कार्य शैली के चर्चा करते हुए उसकी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर शिक्षक मुकेश वर्मा ने कहा कि बीईओ अलमा सलोमी जोजो का कार्यकाल बहुत लंबा इस प्रखंड में नहीं रहा लेकिन सहयोगात्मक रहा। शिक्षकों को हमेशा दायित्व का बोध कराने वाले अधिकारी थे। बीआरपी ने कहा कि चैनपुर शिक्षक समुदाय आपके स्नेह को सदैव याद रखेगा।इस अवसर पर सेवानिवृत बीईओ अलमा सलामी जोजो ने कहा कि समाज को सही मार्ग पर ले जाने के जिम्मेवारी शिक्षकों की होती है और शिक्षकों को समय समय पर शिक्षक होने का बोध कराने वाला शिक्षा का अधिकारी होता है। उन्होंने कहा कि वह चैनपुर से मिला प्यार एवं स्नेह हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर शिक्षक सुजाता खाखा, सत्यवान खलखो, अरविंद कुजूर, जगरानी कुजूर, नोबेर्ता बड़ा, छोटन साहू, सूरज नाथ सिंह, हीरानंद सिंह, कृष्णा सिंह, जगरानी कुजूर, रामलाल उरांव पतिया उरांव, आनंद भगत सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### समिति के अध्यक्ष बनाए गए बिशुन उरांव

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती स्थित डाक बंगला भवन मे रविवार को शामील उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय करमा पूर्व संध्या को लेकर बैठक की गई। बैठक में करमा पूर्व संध्या अगामी 21 सितंबर को प्रखंड के जय सरना लूर कुड़िया मुरली पोखरा बिटपी भंडरा में प्रखंड स्तरीय करमा पूर्व संध्या मनाये का निर्णय लिया गया। मौके पर शामिल उरांव ने बताया की करमा पूर्व संध्या में विभिन्न गांव के नित्य समूह खोड़हा आदिवासी के पारंपारिक तरीके से भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 गांवों के खोड़हा समूह भाग लेंगे। सभी खोड़हा को एक-एक ढोल पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक बिशुनपुर चमरा लिंडा होंगे तथा विशिष्ट अतिथि शिवराम कच्छप जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य मुखिया एवं पहन पुजार होंगे। कार्यक्रम का शुरूआत 21 सितंबर को सुबह 10:00 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष बिशुन उरांव, उपाध्यक्ष राजकुमार उरांव, गुलशन उरांव, मंगरा उरांव सचिव- फूल देव उरांव, सह सचिव बीजू उरांव, कोषाध्यक्ष- मनमोहन उरांव, सह कोषाध्यक्ष- सूरज उरांव, मीडिया प्रभारी, विनोद उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष- मिट्ठू उरांव को बनाया गया।

### अज्ञात चोरों ने मालवाहक पिकअप को उड़ाया

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के बरही गमहार टोली से चोरों के द्वारा पिकअप चोरी किए जाने की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए बरही गमहार टोली निवासी चमरू उरांव का पुत्र खदिया उरांव ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगया है। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि मामला दर्ज कर कारवाई आरंभ कर दी गईहै।

### चार गांवों का मिट्टी का भाजपा ने किया संग्रहण

**लोहरदगा।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित 10 सितंबर रविवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा सदर प्रखंड के द्वारा चार गांवों का मिट्टी कलश में किया गया संग्रहण। लोहरदगा ग्रामीण मंडल के भटखीजरी, बाघा, बसरी व भक्सो से मिट्टी कलश में संग्रहित की गई। भटखिजरी शक्ति केंद्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरज दसौंधी के अध्यक्षता मे एवं मंडल प्रभारी सुरज मोहन साहू एवं मंडल कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक भी आहुत कर मंडल के सभी 38 गांवों में मिट्टी संग्रहण को लेकर बैठक में प्रभारी भी बनाये गये हैं। मौके पर विवेक चौहान, राजेन्द्र कुंवर, अखिलेश कुमार, सरिता कुमारी, अंजू सोन तिर्की, आदर्श चौहान, अमित कुमार लोहरा, सानू महली, विश्वनाथ उरांव, रौशन कुमार, नीरज महली, विंदेश्वर उरांव, पाकी महली, देवनाथ महली, नीरज महली, अमित लोहरा, महेंद्र लोहरा, शुशीला देवी, राजेंद्र लोहरा, करमु लोहरा, बिनोद लोहरा, मधु देवी, गायत्री देवी, विजय, संजीत, कैलाश, रौशन, कैला उपस्थित थे।

### सोनवर्षा गांव में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने रविवार को जब्त किया है। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि उक्त ट्रैक्टर मालिक पर कार्रवाई के लिये अंचलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। वहीं अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि इस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। उक्त ट्रैक्टर सोनवर्षा ग्राम निवासी अनिल बैठा का बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के पंडा नदी और सोन नदी से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खनन कर इसकी की ढुलाई आस-पास के क्षेत्रों और भवनाथपूर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उच्चें कीमतों में बिक्री दिन के उजाले और रात्रि के अंधेरे में किया जाता है।

### हॉस्पिटल में फल, ब्रेड और पानी का वितरण



**गढ़वा।** वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर वीर अब्दुल हमीद संस्था द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती मरीजों को फल, ब्रेड और पानी बॉटल का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रंका प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह समाजसेवी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर में एक सिपाही थे, जिन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति प्राप्त की। इसके लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। उन्हीं की याद में यह कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके परसंरक्षक शब्बीर खलीफा, नौशाद आलम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रशांत प्रमोद, डॉ टी पियूष, नौशाद आलम, सब्बीर खलीफा (बबली),अयूब खान, रेहान खान, बिक्की खान, अमन रजा, सलमान आलम, रिजवान खलीफा, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद अलीम आदि उपस्थित थे।

### भाजपा एससी मोर्चा की बैठक आयोजित हुई

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम की अध्यक्षता में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश तथा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की 15 एवं 16 सितंबर को प्रस्तावित संकल्प यात्रा के चौथे चरण के अंतिम कार्यक्रम में अगमन पर मोर्चा द्वारा तैयारी को लेकर जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें मोर्चा के जिला प्रभारी कुमार गौरव, ललित राम, सतेंद्र पासवान, मंजय राम, रामबिसुन राम अनिल पासवान स्याम लाल राम, राजकुमार पासवान,दयासनकर राम, अजय बैठा, गणेश राम, अभिषेख कुमार रवि दिलवर कुमार रवि, संतोष रंजन, सुरेंद्र भुईया, सेवानिवृत शिक्षक हरी राम, पप्पू राम, सुनील दास, प्रयाग रवि, सुरेश दास आदि उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### एफपीआई ने सितंबर में अबतक शेयरों से 4,200 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों में लगातार छह माह तक शुद्ध लिवाल रहने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अब बिकवाल बन गए हैं। उन्होंने सितंबर में अबतक शेयर बाजारों से 4,200 करोड़ रुपए निकाले हैं। यस सिक्योरिटीज (इंडिया) लिमिटेड की मुख्य निवेश सलाहकार निताशा शंकर ने कहा कि आने वाले एक या दो सप्ताह में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी का सिलसिला जारी रह सकता है। उन्होंने कहा, ह्यह्यइसके अलावा हमें रुपए के तेज उतार-चढ़ाव पर भी नजर रखने की जरूरत है, जो आगे चलकर एफपीआई प्रवाह को प्रभावित कर सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने में आठ सितंबर तक शेयरों से शुद्ध रूप से 4,203 करोड़ रुपए निकाले हैं।

### पिडीलाइट पर जीएसटी विभाग ने लगाया 2.64 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पिडीलाइट इंडस्ट्रीज पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने 2.64 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। चिपकाने वाले, वाटरप्रूफिंग समाधान और निर्माण रसायन बनाने वाली कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे अपीलीय स्तर पर अपने पक्ष में फैसला आने की उम्मीद है। पिडीलाइट इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को बताया कि उसके आकलन के आधार पर संबंधित कानून और बाहरी वकील की कानूनी सलाह, जुमार्ने को अपीलीय स्तर पर चुनौती देने के बाद उसे ह्यउचित रूप से अनुकूल परिणाम की उम्मीद' है। शेयर बाजार के दी जानकारी के मुताबिक, कंपनी को 30 अगस्त, 2023 को एक आदेश मिला है, जो कंपनी को सात सितंबर, 2023 को पुणे के पास खंड-3 में सहायक आयुक्त केंद्रीय कर के कार्यालय से प्राप्त हुआ था।

## सरकार ने नौ साल में वाहन क्षेत्र के लिए कई कदम उठाए

# अब उद्योग को पहल करने की जरूरत : भार्गव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने पिछले नौ साल के दौरान वाहन क्षेत्र के समक्ष आ रहे मुद्दों को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं और अब उद्योग की जिम्मेदारी है कि वह उसी के अनुरूप पहल करे। देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर सी भार्गव ने यह बात कही है। भार्गव ने पीटीआई-भाषा से कहा कि तेजी से बढ़ने और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए भारतीय उद्योग को खुद को देखना होगा। उसे यह देखना होगा कि कुल दक्षता, उत्पादकता और लागत नियंत्रण में सुधार के लिए और क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा, पिछले नौ-10 वर्षों में सरकार जो कर रही है, उससे भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर पैदा हुआ है। ऐसे में अतीत में उद्योग के रास्ते में आने वाली कई समस्याओं का समाधान किया गया है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उनसे पूछा गया था कि भारत की जी20 की अध्यक्षता की वजह से जो अवसर मिला है, उसका लाभ उठाने के लिए उद्योग को क्या करना चाहिए। भार्गव ने आगे कहा, मुझे लगता है कि भारतीय उद्योग को अब यह स्वीकार करने की जरूरत है कि वह तेजी से आगे नहीं बढ़ने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी नहीं बनने के लिए हमेशा सरकार को दोष नहीं दे सकता। भारतीय उद्योग को भी खुद पर गौर करना होगा और देखना होगा कि वह अपनी कुल दक्षता, उत्पादकता और लागत नियंत्रण में सुधार के लिए वह क्या कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार क्या कर सकती है, उसकी एक सीमा है। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग को सरकार ने जो किया है, उसके अनुरूप कदम उठाने की जरूरत है, क्योंकि हम सिर्फ सरकार के भरोसे आगे नहीं बढ़ सकते। सरकार कितना कर सकती है। वह हमारे कारखाने नहीं चला सकती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने हाल में कई पहल की हैं। इनमें कारोबार सुगमता को आगे बढ़ाना, 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और कॉरपोरेट कर की दर में कटौती जैसे कदम शामिल हैं।

### भारत का इस्पात उत्पादन 2023 की पहली छमाही में 5% बढ़ा : स्टीलमिंट

**नई दिल्ली।** भारत ने कैलेंडर साल 2023 की पहली छमाही (जनवरी- जून) में 6.61 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। शोध फर्म स्टीलमिंट के अनुसार, यही रुझान साल की दूसरी छमाही में भी रहने की संभावना है। कंपनी ने बताया कि घरेलू उद्योग ने 2022 की समान अवधि में 6.3 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया था। उसने कहा कि उत्पादन में वृद्धि मुख्य रूप से क्षमता के बेहतर उपयोग के साथ-साथ प्रमुख भारतीय कंपनियों द्वारा क्षमता बढ़ाने के कारण हुई है। स्टीलमिंट के अनुसार, इनसे 2023 की दूसरी तिमाही में भी उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा मिलता रहेगा। उसने कहा कि पहली छमाही में घरेलू स्तर पर इस्पात की खपत भी सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.84 करोड़ टन पर पहुंच गई, जो 2022 की पहली छमाही में 5.27 करोड़ टन थी।

### सीतारमण ने कहा, भारत का विदेशी ऋण-सेवा अनुपात 5.3% के संतोषजनक स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी ऋण मार्च, 2023 के अंत तक 624.7 अरब अमेरिकी डॉलर था और इसका ऋण-सेवा अनुपात 5.3 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह संतोषजनक स्तर पर है और देश के लिहाज से यह मामूली है। एक स्थिति रिपोर्ट 2022-23' की प्रस्तावना में सीतारमण ने कहा कि मार्च, 2023 के अंत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विदेशी ऋण का अनुपात एक साल पहले के 20 प्रतिशत से घटकर 18.9 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक ऋण कुल विदेशी ऋण का 79.4 प्रतिशत है, जबकि अल्पकालिक ऋण कुल विदेशी ऋण का 20.6 प्रतिशत है। अल्पकालिक ऋण का इस्तेमाल मुख्य रूप से आयात के वित्तपोषण के लिए किया जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि पूरे देश के लिहाज से भारत की विदेशी ऋण स्थिति अधिकांश निम्न और मध्यम-आय वाले देशों (एलएमआईसी) की तुलना में बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के दौरान ऋण सेवा अनुपात इससे पिछले वर्ष के 5.2 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 5.3 प्रतिशत हो गया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ऋण सेवा भुगतान 2021-22 में 41.6 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 49.2 अरब डॉलर हो गया है।

### सेंसेक्स की टॉप-10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.30 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रहा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 878.4 अंक या 1।34 प्रतिशत के लाभ में रहा।समीक्षाधीन सप्ताह में बाजार पूंजीकरण 37,262.86 करोड़ रुपये के उछाल से 12,30,015.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 24,356.24 करोड़ रुपये बढ़कर 16,56,934.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 12,271.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,20,706.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।भारती एयरटेल का मूल्यांकन 11,101.41 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,95,368.83 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का 11,039.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,09,957.34 करोड़ रुपये रहा।

## अडाणी ग्रुप कर रही भरपाई की कोशिश

# अपने ही समूह के प्रमोटर्स ने खरीदे अपनी ही कंपनी के शेयर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले प्रमोटर्स ग्रुप ने समूह की दो लिस्टेड कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत यह समूह कुछ रिपोर्ट से हुए नुकसान के बाद वापसी का प्रयास कर रहा है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना के अनुसार, प्रमोटर्स ग्रुप ने अपनी प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी 69.87 प्रतिशत से बढ़ाकर 71.93 प्रतिशत कर ली है। एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी बार है कि प्रवर्तकों ने समूह की प्रमुख कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाई है। पिछले महीने प्रवर्तकों ने अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 67.65 प्रतिशत से बढ़ाकर 69.87 प्रतिशत की थी। इसके अलावा प्रमोटर्स ग्रुप ने अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (APSEZ) में अपनी हिस्सेदारी 63.06 प्रतिशत से बढ़ाकर 65.23 प्रतिशत कर दी है। रिसर्जेंट ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने खुले बाजार से अढ़ाए में लगभग एक प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है और अन्य 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी इमर्जिंग मार्केट इन्वेस्टमेंट डीएमसीसी द्वारा खरीदी गई है। दोनों प्रवर्तक समूह की कंपनियां हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज लि। के मामले में केम्पास ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड और इनफिनिट ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड द्वारा शेयर खरीदे गए हैं। सूचना में कहा गया है कि यह हिस्सेदारी 14 अगस्त से आठ सितंबर के बीच खुले बाजार लेनदेन में खरीदी गई है।


### अक्टूबर तक कॉल मनी मार्केट में प्रायोगिक रूप से डिजिटल रुपए की शुरूआत कर सकता है आरबीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर तक अंतरबैंक उधारी या कॉल मनी मार्केट में लेनदेन के लिए प्रायोगिक रूप से डिजिटल रुपए की शुरूआत कर सकता है। केंद्रीय बैंक के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार चौधरी ने रविवार को यह बात कही। थोक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी), जिसे डिजिटल रुपया-थोक (ई-डब्ल्यू) के रूप में जाना जाता है, कि शुरूआत एक नवंबर, 2022 को हुई थी। इसका उपयोग सरकारी प्रतिभूतियों में द्वितीयक बाजार लेनदेन के निपटान तक सीमित था। चौधरी ने यहां जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के मौके पर कहा, ह्यह्यरिजर्व बैंक इस महीने या अगले महीने कॉल बाजार में थोक सीबीडीसी की पेशकश करेगा।'' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2022-23 में सीबीडीसी की शुरूआत की घोषणा की थी। वित्त विधेयक, 2022 के पारित होने के साथ आरबीआई अधिनियम, 1934 की संबंधित धारा में इसके लिए जरूरी संशोधन किए गए थे। आरबीआई ने थोक सीबीडीसी की अपनी प्रायोगिक परियोजना के लिए नौ बैंकों- भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को चुना है।

## विदेश

# भारत और अमेरिका 6जी पर मिलकर करेंगे काम, साझेदारी पर एमओयू हुआ साइन




**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारत में अब जल्द ही 6जी को लेकर तैयारियां की जा रही है। पूरी दुनिया अब तेजी से 6जी की तरफ कदम बढ़ा रही है। अब भारत और अमेरिका 6जी टेक्नोलॉजी पर मिलकर काम करेंगे। अमेरिका और भारत के बीच टेक्नीकम्युनिकेशन सेक्टर में एक महत्वपूर्ण साझेदारी हुई है। एटीआईएस के नेक्स्ट जी एलायंस और भारत 6जी एलायंस के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। इस एमओयू के तहत दोनों ही एलायंस 5जी और 6जी टेक्नोलॉजी के बेहतर विकास के लिए एक दूसरे का सहयोग करेंगे। बता दें कि दुनिया के तमाम देशों ने 6जी पर रिसर्च शुरू कर दी है। भारत और अमेरिका के बीच भी टेक्नोलॉजी सेक्टर में एक बड़ी और महत्वपूर्ण साझेदारी हुई है। टीआईएस के नेक्स्ट जी एलायंस और भारत 6जी एलायंस के बीच साइन हुए एमओयू के तहत दोनों ही देश 6जी वायरलेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। दोनों देश नए मौकों को तलाशेंगे। पीएम मोदी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस समझौते का स्वागत किया है। एटीआईएस के नेक्स्ट जी एलायंस का मुख्य काम 6जी और उसके आगे की टेलीकम्युनिकेशन इंडस्ट्री में अमेरिका को मजबूत करना है। इसका सबसे ज्यादा ध्यान नॉर्थ अमेरिका पर है। 5जी की अगली पीढ़ी पर भी ये एलायंस काम कर रहा है। इस एलायंस में कई सरकारी एजेंसी, एकेडमिक इंस्टीट्यूट ओर अमेरिकी कंपनियां शामिल हैं। यह एक दूसरे के साथ मिलकर टेलीकम्यूनिकेशन की फील्ड में काम कर रहे हैं। बता दें कि पीएमओ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इस साझेदारी के तहत प्रमुख भारतीय टेलीकॉम ऑपरेटर अमेरिकी मैन्युफैक्चर्र के 5जी ओपन रेडियो एक्सेस सिस्टम के पायलेट प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकेगा। ये बैठक जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले हुई है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पर भी इस बैठक में बातचीत की गई।

### युद्ध के लिए तैयार रहे चीनी सेना, जिनपिंग ने सैनिकों को दिया आदेश

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीनी सेना को युद्ध के लिए हमेशा तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चीन के उत्तर-पूर्व में एक ग्रुप आर्मी हेडक्वार्टर का दौरा करते हुए चीनी सैनिकों की कॉम्बेट रेडीनेस को व्यापक रूप से बढ़ाने का आह्वान किया। शी जिनपिंग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। जिनपिंग ने यह दौरा तब किया, जब पूरी दुनिया के शीर्ष नेता भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे थे। इस सम्मेलन में जिनपिंग को भी शामिल होना था, लेकिन उन्होंने अंतिम समय पर अपना दौरा रद्द कर दिया और खुद की जगह प्रधानमंत्री ली कियांग को भारत भेजा। ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 78वें ग्रुप हेडक्वार्टर का निरीक्षण करते समय शी जिनपिंग ने सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचाई।

## पोक में ढेर हुआ भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी

# मारे गए सारे आतंकी हाफिज सईद के करीबी थे




**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके के एक मस्जिद में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबु कासिम की हत्या कर दी गई। पीओके के रावलकोट में अल-कुदुस मस्जिद के अंदर कासिम की गोली मारकर की गई हत्या रहस्य बनी हुई है। विगत शुक्रवार की नमाज के दौरान नजदीक से गोली मारकर हुई यह हत्या पाकिस्तान की इंटेलीजेंस एजेंसी आईएसआई के लिए बड़ा झटका है। कासिम जिसका असली नाम रियाज अहमद है, भारत में राजौरी आतंकी हमले में वॉन्टेड था। राजौर में इस साल जनवरी में आतंकी हमला हुआ था। राजौरी के ढांगरी गांव में आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी में कम से कम सात लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। सवाल उठता है कि एक के बाद एक हो रही इन हत्याओं के पीछे आखिर कौन है। सूत्रों की मानें तो कासिम की हत्या में पाकिस्तान के घरेलू आतंकवादियों की भूमिका संदिग्ध है। यह पिछले चार महीने में इस तरह का तीसरा वाकया है जिसमें किसी आतंकी को ऐसे मौत के घाट उतारा गया है। मारे गए सारे आतंकी लश्कर सरगना हाफिज सईद के करीबी थे। कासिम से पहले लश्कर कमांडर खालिद सैफुल्ला 11 अगस्त ढेर कर दिया गया था। इसके अलावा लश्कर कमांडर सलाम भुट्टावी, जो 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों का ट्रेनर भी था, उसकी हत्या भी रहस्य बनी हुई है। भुट्टावी को पाकिस्तान की जेल में रहस्यमय तरीके से दिल का दौरा आ गया था। पिछले एक साल में करीब ऐसी 10 हत्याएं हुई हैं जिनमें से अधिकांश पाकिस्तान में मारे गए हैं। शुक्रवार को कासिम की हत्या आईएसआई की कश्मीर की योजनाओं के लिए एक बड़ा झटका है।

## सफलता — नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है भारत

# तीन साल में 500 अरब डॉलर का होगा कारोबार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) का मानना है कि जैव ईंधन गठबंधन अगले तीन साल में जी20 देशों के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर के अवसर पैदा कर सकता है। आईबीए ने कहा कि जैव ईंधन गठबंधन जी20 देशों के साथ पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभ का सौदा साबित होगा। आईबीए के एक अध्ययन के अनुसार, जैव ईंधन गठबंधन जी20 देशों के लिए अगले तीन साल में 500 अरब डॉलर के अवसर पैदा कर सकता है। अध्ययन के निष्कर्ष महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत वर्तमान में नई दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसमें कहा गया है कि अन्य ऊर्जा विकल्पों की तुलना में जैव ईंधन उत्पादन में कम निवेश की जरूरत और कच्चे माल की सुगम उपलब्धता को देखते हुए कहा जा सकता है कि बायोगैस से 200 अरब डॉलर के अवसर पैदा हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि सैद्धान्तिक रूप से जैव ऊर्जा/बायोगैस जीवाश्म ईंधन की पूरी तरह जगह ले सकता है। खासकर यह परिवहन क्षेत्र में कॉर्बन उत्सर्जन को कम कर सकता है। वर्ष 2016 में जी20 ने नवीकरणीय ऊर्जा पर एक स्वैच्छिक कार्ययोजना को अपनाया था। इसके तहत जी20 के सदस्यों को अपनी कुल ऊर्जा में नवीकरणीय ऊर्जा के हिस्से को बढ़ाना था। भारत ने अपने कुल ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाई है। पिछले छह साल में यह सालाना 22 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। भारत ने पिछले दशक में सौर ऊर्जा में 20 गुना वृद्धि की है। इस अवधि के दौरान सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की सालाना वृद्धि मोटे तौर पर क्रमशः 38 प्रतिशत और 30 प्रतिशत रही है। इसमें कहा गया है कि जैव ईंधन उद्योग को गति देने के लिए शुरूआत में 100 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी यानी अगले तीन साल में प्रत्येक जी20 भागीदार को पांच-पांच अरब डॉलर का निवेश करना होगा। आईबीए ने कहा कि जैव ईंधन गठबंधन की सफलता के लिए जी20 भागीदारों के बीच मशीनरी और उपकरणों के हस्तांतरण को आसान बनाया जाना चाहिए। इससे जी20 देशों को जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। ऐसे में अगले तीन साल में उनका गैर-जीवाश्म ईंधन का आयात बिल अरबों डॉलर घट जाएगा और उन्हें अपने सतत विकास लक्ष्यों (एसजीडी) को हासिल करने में मदद मिलेगी।

### बस दुर्घटना में छह की मौत, 50 लोग हुए घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को एक धार्मिक कार्यक्रम के लिए ईसाई तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक तेज रफ्तार बस मोड़ पर पलट गई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई तथा 50 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना लाहौर से करीब 50 किलोमीटर दूर शेखूपुरा में हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि बस ईसाई तीर्थयात्रियों को मरियमाबाद स्थित ह्यराष्ट्रीय मैरियन श्राइन में एक धार्मिक कार्यक्रम के लिये ले जा रही थी। शेखूपुरा के खानका डोगरान इलाके में मुड़ते वक्त बस पलट गई। उन्होंने बताया कि पुलिस और बचाव अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों के मुताबिक छह तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि बस में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। बस में कुल 60 यात्री थे। अधिकारियों ने बताया कि वाहन मोड़ते वक्त चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई।

# रूस ने म्यांमार को दिए एसयू-30 फाइटर जेट्स

**एजेंसी। म्यांमार**

रूस ने म्यांमार को एसयू-30 लड़ाकू विमान की पहली खेप भेजी है। म्यांमार के ट्रेड मिनिस्टर ने रूसी एजेंसी रिया को ये जानकारी दी। सितंबर 2022 में रूस और म्यांमार ने 6 र४-30रटए लड़ाकू विमानों के लिए एग्रीमेंट साइन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के शहर व्लादिवोस्तोक में आयोजित ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम से म्यांमार के ट्रेड मिनिस्टर चार्ली थान ने कहा की म्यांमार में रूस से अब तक 2 विमान डिलीवर किए जा चुके हैं। हालांकि, रूस के डिफेंस मिनिस्ट्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। म्यांमार की मिलिट्री का समर्थन करने पर अमेरिका ने रूस को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। रॉयटर्स के मुताबिक अमेरिका ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस म्यांमार में सेना की सत्ता की मदद कर रहा है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। वो हथियार बेचकर एक ऐसी जंग को बढ़ावा दे रहा है जो पूरे म्यांमार के लिए तबाही बन गई है। रूस के रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के मुताबिक, सुखोई एसयू-30 एसएमई एक मल्टी-रोल फाइटर जेट है। ये फाइटर जेट दुश्मन के गहरे हवाई लक्ष्यों पर हमला करने, एयर-टू-एयर और एयर-टू-सरफेस टारेगट के लिए जाना जाता है। ये हर मौसम में काम करने में सक्षम है। इसे पायलट प्रशिक्षण के लिए और घरेलू हवाई क्षेत्रों से दूर हमला करने में सक्षम आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजाइन किया गया है। पाकिस्तान ने म्यांमार की सैन्य सरकार जुंटा को 2019-21 में एक समझौते के तहत जेजी-17 थंडर मल्टी-रोल फाइटर जेट दिए थे। इसमें से कुल 11 लड़ाकू विमानों को तकनीकी खराबी के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना हैं। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नही हैं। - अज्ञात




# मानसून व झारखंड

**झारखंड** में मानसून की गतिविधि एक बार फिर से सामान्य हुई है। सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोलबा में 80.6 एमएम हुई है। मौसम का असर अभी पूरे राज्य में है। मानसून टर्फ झारखंड से गुजरने के कारण इसका असर दिख रहा है। मौसम केंद्र का पूर्वानूमान है कि अभी राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इससे इतर पलामू में लगातार दूसरे वर्ष मानसून के कमजोर होने से खरीफ की खेती पर खासा असर पड़ा है। बारिश कम होने की वजह से इस बार खेती बेहतर तरीके से नहीं हुई है और जो हुई भी है तो पानी के आभाव में सूखने लगी है। इस बाबत पलामू सांसद बीडी राम ने भी स्वीकार किया है कि पलामू में सुखाड़ की स्थिति है। जबकि पलामू की अपेक्षा गढ़वा आंशिक रूप से ठीक है। यहां धान की खेती लक्ष्य का महज छह प्रतिशत ही हो सकी है। मकई और दलहनी तथा तेलहनी फसलों के पैदावार लक्ष्य से काफी कम होने के आसार प्रबल हो गये हैं। अपनी जमा पूंजी या कर्ज की राशि खेती में खर्च कर चुके किसान पानी के अभाव में सुखती फसलों को देख काफी दुखी, निराश व परेशान हैं। खेत में लगी फसल को कैसे बचाया जाये किसानों को कोई उपाय नहीं सूझ रहा है। किसानों की माने तो खरीफ की खेती के लिए महत्वपूर्ण जून और जुलाई माह में सामान्य औसत से 40 से 45 प्रतिशत कम वास्तविक औसत वर्षा हुई। जबकि अगस्त माह में भी मौनसून ने पुरजोर धोखा दिया। अगस्त का दो सप्ताह 9 से 15 एवं 26 से 31 तक की तिथि पूरी तरह ड्राई गुजरा। पुरे अगस्त माह में सामान्य औसत 388.1 प्रतिशत के विरुद्ध जिले में महज 189.9 प्रतिशत वर्षा हुई है। वर्षा नहीं होने से धान की रोपनी नहीं हो सकी और धान के बिचड़े खेत में ही बर्बाद होते रहे तो दूसरी और खेत में लगी मकई एवं दलहनी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। किसान बताते हैं कि पलामू के गांव में टड़ीहन खेती के लिए महत्वपूर्ण मकई की पैदावार की आस भी अब टूट चुकी है। अन्य तेलहनी - दलहनी फसलों का हाल भी अच्छा नहीं है। सरकारी आंकड़ो पर गौर करें तो पलामू में खरीफ फसल अच्छादन के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध करीब 31 प्रतिशत भू -भाग में ही खरीफ फसलों की खेती हो सकी है। इसमें धान की खेती तो लगभग नहीं के बराबर हुई है। सितंबर के इस पहले सप्ताह तक धान की रोपनी लक्ष्य के 6प्रतिशत पर ही सिमटा हुआ है। मकई की खेती लक्ष्य का करीब 60 प्रतिशत एवं दलहनी फसलों की खेती 39.62 प्रतिशत तथा तेलहनी फसलों का अच्छादन लक्ष्य के 37.39 प्रतिशत भू भाग में हुआ है। बहरहाल मौसम का हाल देख किसानों की मायूसी बढ़ती जा रही है। लगातार दूसरे वर्ष भी पानी के अभाव में खेती का बुरा हाल से किसानों के सारे सपने टूटने लगे हैं। इस सम्बन्ध में जेड आर एस के कृषि बैज्ञानिक प्रमोद कुमार बताते हैं कि पलामू में वर्षा के हाल को देखते हुए अब किसानों को धान का मोह त्यागकर मोटे अनाज व बाग बगीचो की खेती पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। किसान वैसी फसलों को लगाएं जो कम पानी में भी अच्छी पैदावार दे सके। उन्होंने कहा कि सरकार भी किसानों की इस समस्या को समझ रही है। सरकार आंकड़े इकट्ठा कर रही है कि राज्य के किस हिस्से में किसानों को कितना नुकसान हुआ है। अगर राज्य के 4 जिलों को छोड़ दिया जाए तो अन्य सभी 18 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की गई है।

**बारिश कम होने की वजह से इस बार खेती बेहतर तरीके से नहीं हुई है और जो हुई भी है तो पानी के आभाव में सूखने लगी है। इस बाबत पलामू सांसद बीडी राम ने भी स्वीकार किया है कि पलामू में सुखाड़ की स्थिति है। जबकि पलामू की अपेक्षा गढ़वा आंशिक रूप से ठीक है।**

# भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के मायने



कमलेश पांडेय



**वसुधैव** कुटुम्बकम से लेकर पूंजीवाद तक के लिए मुफीद ग्लोबल विलेज की अवधारणा के दृष्टिगत तेजी से बदलती दुनियादारी के बीच जी-20 देशों के नई दिल्ली घोषणा पत्र के अलावा प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की जो घोषणा हुई है, उसके वैश्विक व क्षेत्रीय आर्थिक और सामरिक मायने अहम हैं। निकट भविष्य में इनके आकार लेते ही राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मायने भी प्रभावित होने लगें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। इससे चाहे अखंड भारत का स्वप्न हो या फिर वसुधैव कुटुम्बकम का, इस प्रस्तावित वैश्विक आर्थिक गलियारे से दोनों बखूबी सधेंगे, बशर्ते कि 2024 में मोदी सरकार पुनः सत्ता हासिल कर ले। बताया गया है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनायेंगे, जो भारत से इजरायल होते हुए यूरोप तक जायेगा। मसलन, इस कॉरिडोर के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी की भागीदारी होगी। ये वो देश हैं, जो चीन के मुकाबले भारत को अपने ज्यादा करीब मानते आये हैं-लोकतांत्रिक और आर्थिक दोनों नजरिये से। इसलिए प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जी-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली का वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। जानकारों की राय में, इस नये गलियारे के फैसले से भू-राजनीतिक रूप से न केवल एशिया और यूरोप के देश एक दूसरे के बेहद करीब आयेंगे, बल्कि अशांत मध्यपूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयत्न भी करेंगे। इस नजरिये से देखा जाय तो यह एक बेहतर, अधिक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए एक साथ काम करने के लिए संकल्प लेने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बेजोड़ नमूनों में से एक है। नया गलियारा भारत के प्रतिद्वंद्वी देश चीन के 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक भारतीय विकल्प के रूप में भी आंका जाने लगा है। इससे चीन व उसके समर्थक देशों को मिर्ची भी लगी होगी, लेकिन 'मोदी डिप्लोमेसी' के सामने न तो किसी की चलती है और न ही कुछ चलने देने के लिए कोई कमी अपनी नीति में वो छोड़ते हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुके हैं। बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है। यह एशिया, यूरोप व अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चीन की परियोजनाओं का एक समूह है। जिसे अब भारत की बदलती सशक्त कूटनीति व रणनीति से कड़ी टक्कर मिल रही है। भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे दक्षिण एशिया, मध्यपूर्व और अफ्रीका के कई देशों ने अपनाया है। इसलिए अब बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नया प्रस्तावित आर्थिक गलियारा किस गति से लागू किया जाता है और इसके सामूहिक ध्येय की प्रतिपूर्ति में कितनी ईमानदारी बरती जाती है। भारत से मध्यपूर्व और यूरोप को जोड़ने वाले भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि 'इससे वैश्विक बुनियादी ढांचे, निवेश के लिए साझेदारी, आवाजाही और सतत विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इतने बड़े कदम के साथ हम भविष्य के विकास के लिए बीज बो रहे हैं। जो आपसी विश्वास मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभायेगा।' उन्होंने आगे कहा कि 'वैश्विक ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी (पीजीआईआई) के जरिये ग्लोबल साउथ देशों में बुनियादी ढांचे का अंतर भरने में हम बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।' विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में एक साथ काम करने के इच्छुक थे, किंतु मध्य-पूर्व में दोनों को मिलकर काम करने की बहुत कम सम्भावना थी। लिहाजा भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा पर दोनों देशों ने हाथ मिला लिया है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, अमेरिकी अधिकारी भी यह मानते हैं कि इस मेगा कनेक्टिविटी परियोजना से अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक गहमागहमी में कमी आयेगी। इससे इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी आयेगी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी को और गहरा करेगा। क्योंकि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक सम्बन्ध बढ़ाये हैं। वहीं, इस गलियारा से पश्चिम से भारत की जमीनी कनेक्टिविटी और आसान हो जायेगी, जो पाकिस्तान की जमीनी आवाजाही के अड़ंगे को बेअसर कर देगा। तेहरान (ईरान) के साथ भारत के सम्बन्ध अच्छे हैं, लेकिन पश्चिमी देशों के साथ उसका टकराव जगजाहिर है। ऐसे में ईरान से यूरेशिया तक बनने जा रहे इस आर्थिक गलियारे से भारत की व्यावसायिक गतिविधियों पर सकारात्मक असर पड़ने की संभावना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर यूरोप की सक्रियता का प्रतीक है। क्योंकि यूरोपीय संघ ने 2021-27 में दुनिया में बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च के लिए 300 मिलियन यूरो निर्धारित किये थे, जिसका समर्थन यूरोपीय संघ को, भारत, अरब व यूरोप को प्रमुख हितधारक बना देगा। यही वजह है कि दुनिया के अन्य देशों ने भी भारत के इस सपने को साकार करने में न केवल अहम भूमिका निभाई है, बल्कि सार्वजनिक रूप से उसकी सराहना भी की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि 'प्रस्तावित आर्थिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे। यह भारत से इजरायल और यूरोप तक जायेगा। आने वाली पीढ़ियां इस ऐतिहासिक फैसले को याद रखेंगी।' उन्होंने आगे कहा कि, 'आर्थिक गलियारे के प्रमुख हिस्से के रूप में हम जहाजों और रेलगाड़ियों में निवेश कर रहे हैं। इससे व्यापार आसान होगा।' तो दूसरी ओर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि, 'यह पहल वैश्विक हरित व्यापार मार्ग से सम्बंधित है।' यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने इस प्रस्तावित कॉरिडोर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि 'इससे व्यापार में मजबूती आयेगी और इसके साथ ही यात्रा के समय में कमी आएगी।' वहीं, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा कि 'मैं उन लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने आर्थिक कॉरिडोर की स्थापना के लिए यहां तक पहुंचने में अहम योगदान दिया है।

**बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा दिति व अदिति की

**ऋषि** कश्यप की पत्नी अदिति के बारह पुत्र हुए जो आदित्य कहलायें- **अदितेः अपत्यं पुमान आदित्यः**। अदिति को देवमाता तथा आदित्यों को देवता कहा जाता है। संस्कृत भाषा में अदिति का अर्थ होता है 'असीम' अर्थात जिसकी कोई सीमा न हो। अदिति के बारह पुत्र हुए जिनके नाम मित्र, वरुण, धाता, अर्यमा, अंश, विवस्वान, भग-आदित्य, इन्द्र, विष्णु, पर्जन्य, पूषा तथा त्वष्टा हैं। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार अन्तरिक्ष में द्वादश आदित्य भ्रमण करते हैं, वे अदिति के पुत्र हैं। अदिति के पुण्यबल से ही उसके पुत्रों को देवत्व प्राप्त हुआ। यह आख्यान इस ओर संकेत करता है कि विश्व की समस्त नियामक एवं निर्माणकारी शक्तियाँ एक ही माता से उत्पन्न हुई हैं जिसे 'अदिति' कहा गया है। पुराणों में कहा गया है कि अदिति का एक पुत्र गर्भ में ही मृत्यु को प्राप्त हो गया परन्तु अदिति ने अपने तपोबल से उसे पुर्नजीवित कर दिया। उस पुत्र का नाम मार्तण्ड था। वह मार्तण्ड विश्व-कल्याण के लिए अन्तरिक्ष में गतिमान है। हम उसे विवस्वान तथा सूर्य के नाम से भी जानते हैं। इस आख्यान से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि यहाँ अदिति से आशय 'ब्लैक होल' जैसी उस अंतरिक्षीय रचना से है जिसमें खगोल-पिण्डों का निर्माण होता है तथा जिसे आकाश-गंगाओं की नर्सरी कहा जाता है। यह आख्यान यह सोचने के लिए विवश करता है कि जब सूर्य का निर्माण हो रहा था, तब कोई दुर्घटना हुई जिससे सूर्य का बनना रुक गया किंतु बाद में सूर्य का निर्माण फिर से आरम्भ हो गया और सूर्य सुरक्षित रूप से अस्तित्व में आ गया। ऋग्वेद में अदिति को माता स्वीकारा गया है। मातृदेवी की स्तुति में ऋग्वेद में बीस मंत्र हैं।

(क्रमशः)

# स्वामी विवेकानंद व इतिहास में उनका सबसे चर्चित भाषण



डॉ. पवन सिंह

**स्वामी** विवेकानंद का शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में 11 सितंबर, 1893 को दिया गया भाषण इतिहास का सबसे चर्चित भाषण है। इस भाषण ने अमेरिका को नहीं पूरे पश्चिम को भारत का मुरीद बना दिया। नरेंद्र नाथ दत्त, जिन्हें पूरा विश्व विवेकानंद के नाम से याद करता है। 11/9 क्यों याद किया जाना चाहिए, क्योंकि उस दिन भारत के एक युवा संन्यासी ने पश्चिम के सूट-बूट वालों को बौना साबित किया था। क्योंकि उस दिन सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया गया था। 11 सितंबर को न्यूयार्क के लिए नहीं, शिकागो के लिए याद किया जाना चाहिए। विध्वंस के लिए नहीं विश्व शांति के लिए याद किया जाना चाहिए। आतंकवाद के लिए नहीं, सनातन संवाद के लिए याद किया जाना चाहिए। लादेन के लिए नहीं, नरेंद्र के लिए याद किया जाना चाहिए। विवेकानंद के भाषण का ये जादू चिर-पुरातन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अध्यात्म में छिपा है। जो शिकागो से निकला व पूरे विश्व में छा गया। उस भाषण को आज भी दुनिया भुला नहीं पाती। इस भाषण से दुनिया के तमाम पंथ आज भी सबक ले सकते हैं। इस अकेली घटना ने पश्चिम में भारत की एक ऐसी छवि बना दी, जो आजादी से पहले और इसके बाद सैकड़ों राजदूत मिलकर भी नहीं बना सके। स्वामी विवेकाननंद के इस भाषण के बाद भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रूप में देखा जाने लगा। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद को उस धर्म संसद की महानतम विभूति बताया। और स्वामी विवेकानंद के बारे में लिखा था, उन्हें सुनने के बाद हमें महसूस हो रहा है कि भारत जैसे एक प्रबुद्ध राष्ट्र में मिशनरियों को भेजकर हम कितनी बड़ी मूर्खता कर रहे थे। यह ऐसे समय हुआ, जब ब्रिटिश शासकों और ईसाई मिशनरियों का एक वर्ग भारत की अवमानना और पाश्चात्य संस्कृति की श्रेष्ठता साबित करने में लगा हुआ था। चिर पुरातन नित्य नूतन के वाहकः अतीत को पढ़ो, वर्तमान को गढ़ो और आगे बढ़ो यही विवेकानंद जी का मूल संदेश रहा। जो समाज अपने इतिहास एवं वांग्मय की मूल्यवान चीजों को नष्ट कर देता है, वह निष्प्राण हो जाते हैं और यह भी सत्य है कि जो समाज इतिहास में ही डूबे रहते हैं, वह भी निष्प्राण हो जाते हैं। वर्तमान समय में तर्क और तथ्य के बिना किसी भी बात को सिर्फ आस्था के नाम पर आज की पीढ़ी के गले नहीं उतारा जा सकता। भारतीय ज्ञान को तर्क के साथ प्रस्तुत करने पर पूरी दुनिया आज उसे स्वीकार करती हुई प्रतीत भी हो रही है। विवेकानंद ने 11 सितंबर, 1893 शिकागो भाषण में इस बात को चरितार्थ भी करके दिखाया था। जहां मंच पर संसार की सभी जातियों के बड़े-बड़े विद्वान उपस्थित थे। डॉ. बरोज के आह्वान पर 30 वर्ष के तेजस्वी युवा का मंच पर पहुंचना। भाषण के प्रथम चार शब्द 'अमेरिकावासी भाइयों तथा बहनों' इन शब्दों को सुनते ही जैसे सभा में उत्साह का तूफान आ गया और 2 मिनट तक 7 हजार लोग उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाते रहे। पूरा सभागार करतल ध्वनि से गुंजायमान हो गया। युवा दिलों की धड़कनः उम्र महज 39 वर्ष, अपनी मेधा से विश्व को जीतने वाले, युवाओं को अंदर तक झकझोर कर रख देने वाले, अपनी संस्कृति व गौरव का अभिमान विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जिनमें सब कुछ सकारात्मक है नेगेटिव कुछ भी नहीं। कल्पना कीजिए विवेकानंद के रूप में उस एक नौजवान की। गुलामी की छाया न जिसके विचार में थी, न व्यवहार में थी और न वाणी में थी। भारत मां की जागृत अवस्था को जिसने अपने भीतर पाया था। ऐसा एक महापुरुष जो पल-दो पल में विश्व को अपना बना लेता है। जो पूरे विश्व को अपने अंदर समाहित कर लेता है। जो विश्व को अपनत्व की पहचान दिलाता है और जीत लेता है। वेद से विवेकानंद तक, उपनिषद से उपग्रह तक हम इसी परंपरा में पले बढ़े हैं।

**विवेकानंद के भाषण का ये जादू चिर-पुरातन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अध्यात्म में छिपा है। जो शिकागो से निकला व पूरे विश्व में छा गया। उस भाषण को आज भी दुनिया भुला नहीं पाती।**

**स्वामी विवेकानंद**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# जी20-सम्मेलन में मित्र देशों को भी भारत ने दिया सम्मान



आर.के.सिन्हा

**भारत** ने जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने करीबी मित्र देशों जैसे बांग्लादेश, मारीशस, संयुक्त अरब अमीरत वगैरह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करके मित्र धर्म का निर्वाह किया। भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, हालांकि कभी-कभी सीमा विवाद तो होते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के बीच मधुर संबंधों के चलते दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। ये दोनो देश सार्क, बिम्सटेक, हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ और राष्ट्रकुल के सदस्य भी हैं। विशेष रूप से, बांग्लादेश और पूर्व भारतीय राज्य जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा बंगाली भाषा बोलने वाले प्रांत हैं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच बांग्लादेश मुक्ति युद्ध शुरू हुआ और भारत ने पूर्वी पाकिस्तान की ओर से दिसंबर 1971 में हस्तक्षेप किया। फलस्वरूप बांग्लादेश राज्य के रूप में पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने में भारत ने मदद की। शेख हसीना का भारत के प्रति बहुत कृतज्ञता का भी भाव है। उन्हें भारत ने 1975-1981 के दरम्यान शरण दी थी। वे तब राजधानी में अपने पति और दोनों बच्चों के साथ निर्वासित जीवन बिता रही थीं। उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त, 1975 को कत्ल कर दिया गया था। उस भयावह हत्याकांड के दौर में शेख हसीना अपने पति एमए वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियर साइंटिस्ट थे। इतनी बड़ी त्रासदी ने शेख हसीना को बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत सरकार ने उन्हें उनके परिवार के साथ भारत में शरण दी थी। उस वक्त उनका बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। तब शेख हसीना सपरिवार भारत आ गईं। उन छह बरसों के दौरान शेख कमोबेश गैर-राजनीतिक थीं। बावजूद इसके कि वे शेख मुजीब जैसे धाकड़ नेता की पुत्री थीं। वे जब भारत में आईं तब भारत में इमरजेंसी लग चुकी थी। इस बीच, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भी आपसी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा की। मारीशस को लघु भारत या भारत से बाहर भारत कहा जाता है। वहां पर भारत वंशी बहुमत में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मारीशस यात्रा के दौरान महत्वाकांक्षी नीति सागर की शुरूआत की। यह पिछले कई दशकों में भारत द्वारा हिंद महासागर में किया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास था। भारत के लिये मारीशस में सामरिक दृष्टिकोण से अपार संभावनाएं निहित हैं तथा दोनों देशों की साझेदारी गन्ने के बागान, वित्तीय सेवाएं तथा तकनीकी नवाचारों से कहीं आगे जा सकती है। मारीशस भी भारत को लेकर बहुत आदर और स्नेह का भाव रखता है। मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ का भारत से एक पारिवारिक संबंध भी है। उनकी बहन शालिनी जगन्नाथ का विवाह राजधानी दिल्ली के ही एक मल्होत्रा परिवार के डॉ. कृष्ण मल्होत्रा से हुआ है। दरअसल शालिनी जगन्नाथ और ड़ॉ. कृष्ण कुमार मल्होत्रा के बीच लंदन में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान मैत्री हो गई थी। यह 1980 के दशक के शुरूआती वर्षों की बातें हैं। उसके बाद दोनों ने विवाह करने का फैसला किया था। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी जी-20 शिख सम्मेलन के समय व्यस्त होने के बावजूद संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बेशक, दोनों करीबी देश तो हैं पर इनके बीच इनके बीच कई मसले भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के नेताओं में बातचीत से वहां पर काम करने वाले लाखों कुशल-अकुशल भारतीय श्रमिकों की जिंदगी में सुधार आयेगा।

**मारीशस को लघु भारत या भारत से बाहर भारत कहा जाता है। वहां पर भारत वंशी बहुमत में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मारीशस यात्रा के दौरान महत्वाकांक्षी नीति सागर की शुरूआत की।**

**जी20**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। उद्घाटन मैच आवासीय विद्यालय बनाम माईटी टीम के बीच खेला गया, जिसमें माईटी 1-0 से विजयी रही।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, सुभाष प्रसाद, रानू खान, नुरूल अंसारी, यहिया अंसारी, जेवियर खलखो, किशोर तिर्की, मुखिया रेणु तिग्गा, उषा खलखो, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, कमला किण्डो, पंसस सुभाष कुजूर, उमाकांत प्रसाद, अयोध्या राम आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमीर सोहेल, उपाध्यक्ष नितिन टोप्पो, कोषाध्यक्ष पप्पू खान, सचिव सद्दाम खान, जावेद अख्तर, राजेश ठाकुर, शहीद अख्तर, नवीन प्रकाश तिर्की आदि का योगदान रहा।

# बालक वर्ग में बसरिया की टीम दो गोल से जीती

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के मंगरा पंचायत के युवक संघ फुटबॉल क्लब द्वारा अमडीहा बाजार खेल मैदान में रविवार को वार्षिक बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, मुखिया विपिन बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान सोहराय सिंह आदि ने किया। पहला बालक मैच पलामू के बसरिया और मनिका के उचुआ के बीच खेला गया। इसमें बसरिया की टीम दो गोल से विजयी रही। मौके पर



आयोजन समिति के राजेंद्र सिंह, शंकर सिंह, विकेश राम, श्याम सुंदर सिंह, संतोष कुमार सिंह, मंटू सिंह, अभिषेक, हरीश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सोनू पासवान, विशाल पासवान, शिवनाथ सिंह, सुधीर कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुजीत गुप्ता, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।

# नावाडीह ने जीता चुंगरु फुटबॉल टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के चुंगरू पंचायत के नावाडीह दुर्गा मंडप खेल मैदान में शनिवार की शाम लोकल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खांबीखास (लात) फुटबॉल टीम एवं नावाडीह (चुंगरू) टीम के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस कमेटी के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मुखिया बलदेव परहिया, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह आदि ने इसका उद्घाटन किया। नावाडीह फुटबॉल क्लब ने एक गोल से विजय हासिल कर खिताब पर कब्जा किया। विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार एवं नकद राशि देकर



सम्मानित किया गया। अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया गया। मौके पर सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का नियमित आयोजन होने से गांव में छिपे खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलेगा। उन्होंने ग्रामीण खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति रविंद्र राम,अनिल कुमार सिंह, शिवानंद तिवारी, महेंद्र सिंह, राजू परहिया, राजा ठाकुर आदि मौजूद थे।

## डीडीसी के निर्देश पर भी मुखिया, पंचायत सेवक व वेंडर पर नहीं कराई गई एफआईआर

# अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी भवन को पूर्ण दिखा पूरी राशि की हुई अवैध निकासी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** प्रखंड अंतर्गत इन दोनों विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला है ब्लॉक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार चरण सीमा पर देखने को मिल रहा है। ताजा मामला यह है कि बालूमाथ पंचायत अंतर्गत बसरिया टोला में 6,79,973 लाख रु के लागत से आंगनवाड़ी भवन निर्माण होना था, जिसका कार्य माफी पुस्तक के आधार पर 3,28,772 रुपये तक ही काम का भुगतान होना था, पर बालूमाथ पंचायत के मुखिया, पंचायत सेवक और भेंडर के मिली भगत से फर्जी दस्तावेज जमा कर योजना को पूर्ण दिखा कर योजना में कुल 6,38,792 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई।



इसकी शिकायत मिलने पर डीडीसी ने बीडीओ को जांच का आदेश दिया था। जांच में बालूमाथ बीडीओ द्वारा पत्रांक 848 में उपरोक्त अवैध निकासी का ब्यौरा डीडीसी को पेश किया गया था। इसके आलोक में उप विकास आयुक्त लातेहार ने पत्रांक 769 में बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा पंचायत सचिव गोपालनाथ सिंह एवं सूर्या इंटरप्राइजेज के आपूर्ति करता राजेश प्रजापति से स्पष्टीकरण कर निर्माण से अधिक भुगतान की गई राशि 3,10,020 रुपये की दोषियों से वसूली करते हुए इनके विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने को आदेशित किया गया था। लेकिन बीडीओ द्वारा भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने के लिए प्राथमिकी दर्ज अब तक नहीं की गई है।

इधर देखा जा रहा है कि भ्रष्टाचारी पंचायत सेवक मुखिया और भेंडर द्वारा तीव्र गति से योजना को पूर्ण किया जा रहा था जिसे आसपास के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रोक दिया। इधर योजना के लाभुक समिति का कहना है कि पैसे की निकासी को लेकर हमें कोई जानकारी नहीं है। अर्थात पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक भेंडर के मिली भगत से पूरी तरह से जाली दस्तावेज सबमिट कर पैसे की अवैध निकासी कर बंदरबांट की गई है। बता दें कि योजना निर्माण कार्य में भी अच्छी गुणवत्ता नहीं देखी जा रही है। बता दें कि फर्जी निकासी भ्रष्टाचार का आरोप पहले भी पंचायत सेवक पर आवास योजना मामले में लग चुका है। वेडर की बात करें तो प्रखंड द्वारा संचालित योजनाओं पर भेंडर मटेरियल कम और योजना का लाभुक/ बिचौलियों को पेपर देकर सिर्फ पैसे निकासी कर परसेंटेज लेने के काम में माहिर देखे जाते हैं। बता दें कि बालूमाथ प्रखंड में संचालित ब्लॉक द्वारा विभिन्न नरेगा योजना या 15 वें वित्त की राशि से निर्माण किए गए योजना में भ्रष्टाचार का बू आती है। सूत्रों के मुताबिक टीसीबी योजना मैं भारी लूट हो रही है। ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर के सहयोग से बिचौलिए एक ही योजना का अलग-अलग नाम बदलकर कई बार पैसे की अवैध निकासी की जा रही है, जो जांच का विषय है।

# खातियानी संघर्ष समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा



**टंडवा (चतरा)।** रविवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय टाउन हॉल में झारखंड बचाओ खातियानी संघर्ष समिति के प्रखंड ईकाई की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्या ईना कुमारी व संचालन बिजली महतो ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुवे बताया गया कि संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का टंडवा में जनसंपर्क कार्यक्रम की रुपरेखा शीघ्र हीं तैयार की जायेगी तथा आगामी दो से तीन माह के अंदर संगठन का विस्तार किया जायेगा। मौके पर जितेन्द्र महतो, कृष्णा यादव, पृथ्वी भुईयां,राजू कुमार, विजय महतो, प्रधान यादव, भोला महतो, मुकेश महतो, महेंद्र कुमार, कृष्णा महतो, आनंद महतो, सिकंदर यादव, गिरधारी महतो, नरेश महतो समेत अन्य मौजूद थे।

# संक्षिप्त

## पूर्व शिक्षक आदित्य प्रसाद साहू का निधन

**लातेहार।** लोकहित अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष व राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षक माको लातेहार आदित्य प्रसाद साहू का बीती रात महावीर मेडिका अस्पताल में देहांत हो गया। वह बीते एक सप्ताह से बीमार थे। बताते चलें कि आदित्य प्रसाद साहू बहुत ही मृदभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। साथ ही आदित्य प्रसाद साहू हमेशा गरीब असहाय लोगों की मदद करते रहते थे। सैकड़ों लोगों ने आदित्य प्रसाद साहू के निधन के मौके पर दुख प्रकट किया है।

## करमा पूजा को लेकर कमेटी का किया गठन

**चंदवा।** करमा पूजा को लेकर रविवार को कुसुमटोली धुमकुड़िया भवन में चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव कि अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में करमा पर्व मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विमल उरांव को अध्यक्ष व संदीप उरांव को उपाध्यक्ष चुना गया, जबकि मुकेश उरांव, भागीरथ उरांव और दिलीप भगत को सचिव, कोषाध्यक्ष के लिए धनंजय भगत, अरुण उरांव और सोनू उरांव, संरक्षक के रूप में रंजीत उरांव, चंद्रदेव उरांव, राहुल उरांव, फुलदेव उरांव, मनोज उरांव, अशोक उरांव कार्यकारिणी में नितेश उरांव, सुमित उरांव, बृजेश उरांव, किरण उरांव, बिनु उरांव, सुकदेव उरांव और डहरू उरांव को चुना गया।

## महायज्ञ व धर्म सम्मेलन को लेकर की बैठक

**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा में चल रहे चतुर्मास व्रत सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर ग्राम मकरा स्थित देवी मंडप भवन परिसर में बब्लू सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। जयप्रकाश सिंह ने बताया कि महायज्ञ 21 नवंबर से 27 नवंबर तक होना है। मौके पर त्रिडंडी सेवा आश्रम बिहार बक्सर से आए हुए स्वामी मधुसूदन चार्य, डब्लू सिंह, दिलीप सिंह, समोज सिंह, बब्लू सिंह, पुलू राम, चालीतर राम, प्रहलाद सिंह, कुंदन सिंह, दीपक तुरी, विकास ठाकुर, दुखन राम, तुलेश्वर तुरी, मोहन राम, अवधकिशोर सिंह, मिठू सिंह उपस्थित थे।

## अवैध लोहा के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला गांव से रविवार की सुबह चंदवा पुलिस ने तीन लोगों को साइकिल में अवैध लोहा के साथ पकड़ा है। उनके पास से करीब 1 क्विन्टल लोहा, मोटर रोटर और तीन साइकिल को जब्त किया गया है। गिरफ्तार युवकों में प्रमोद गझू पिता कमलेश गंझु ग्राम मुरगाव, हरी गंझू पिता फिरंगी गंझु,संजय गंझू पिता मिठू गंझू ग्राम सौपारम (सभी थाना बालूमाथ जिला लातेहार) शामिल हैं। अभियुक्तों को मंडल कारा भेज दिया गया।

## फास्ट फूड सेंटर का विधायक ने किया उद्घाटन

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित मुख्य पथ पर बिरसा मुंडा चौक के आगे फास्ट फूड सेंटर का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, बीस सुत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, कोमल किंडो, किशोर तिर्की, नुरूल अंसारी, सुभाष प्रसाद, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण ने श्रमदान कर की सड़क की मरम्मत

**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा से भाटचतरा जाने वाली कच्ची सड़क को अपने निजी कोस से डब्लू सिंह ने मिट्टी, मोरम व जेसीबी तथा मजदूर के माध्यम से मरम्मत करवाया। बरसात के मौसम में सड़क आवागमन करने में ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। मौके पर अनोज गंझू, संदीप भुईयां, प्रदीप भुईयां, सिंघम कुमार ने भूमिका निभा रहे थे।

## गोठगांव चर्च के 50 साल पूरे होने पर कार्यक्रम



**महुआडांड़।** गोठगांव चर्च में पारिस के 50 साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती मनाई गई। इस मौके पर धर्मप्रांत के प्रेरितिक प्रशासक बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि 50 साल पहले इस पारिस की स्थापना हुई थी। पल्ली बना और परिवार बनकर आज हम सभी एक नए 50 वे साल में प्रवेश कर रहे हैं। मौके पर पल्ली पुरोहित, सिस्टर आदि ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## पत्रकार संघ के सोशल मीडिया प्रभारी बने हिमांशु

**चतरा।** जिले के मयूरहंड अंचल से पत्रकार हिमांशु सिंह को भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ का राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस आशय का पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय द्वारा जारी किया गया है। सिंह के मनोनयन पर पत्रकार मालिक बाबू, सुभाष सिंह, जितेंद्र सिंह चौहान, सुमन साहा, मुन्ना कुमार, रणंजय कुमार, रणधीर सिंह आदि ने नई जिम्मेवारी मिलने पर श्री सिंह को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## कथा का हवन पूजन व भंडारा के साथ समापन



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर में 3 सितंबर से चल रहे 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शनिवार की देर रात्रि फूलों की होली व रविवार की सुबह हवन पूजन और भंडारे के साथ समापन हुआ। मौके पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मनोज सिंह चेरो, हरीश कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, आयोजन समिति के निरंजन सिंह, राकेश कुमार सिंह, बुधराम लव पासवान, विवेक कुमार पासवान, राजा पासवान, मृत्युंजय मिश्रा बल्लू, सुरेश कुमार मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह राणा, अरविंद कुमार पांडे, खुशबू कुमारी, स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, सुधा दुबे, रेखा पाठक आदि मौजूद थे।

# एनएच पर हुए दो बड़े गड्ढे, दुर्घटना की आशंका

## इंदिरा गांधी चौक पर गड्ढे बने परेशानी का सबब



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** इंदिरा गांधी चौक स्थित एनएच पर इन दिनों दो बड़े गड्ढों ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गड्ढे इतने बड़े हैं कि दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसे देखते हुए प्रशासन ने गड्ढे पर अपना बैरियर लगा कर दुर्घटना की संभावना को कम करने की एक कोशिश जरूर की है। इंदिरा चौक से दो एनएच रांची- मेदिनीनगर और रांची-चतरा मुख्य मार्ग अलग-अलग होते हैं। इस कारण यह अति व्यस्ततम मार्ग है, जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहन गुजरते है। इस वजह से यहां पर हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दुर्घटना की दूसरी बड़ी वजह इंदिरा गांधी चौक पर घुमावदार तीखा मोड़ भी है और उसी मोड़ पर दो बड़े गड्ढे हो गये हैं। लोगों ने पथ निर्माण विभाग से इसे जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

# आजीविका संकुल संगठन की वार्षिक आमसभा आयोजित

**बरवाडीह।** पुराने प्रखंड परिसर में नारी शक्ति आजीविका संकुल संगठन के वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, मुखिया पूर्व सैनिक आशीष सिंह, कालो देवी, बीपीएम अभय कुमार, वाईपी प्रत्यूष कुमार, सीएलएफ की अध्यक्ष विमला देवी, सचिव मंजू देवी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सीएलएफ अंतर्गत महिला समूह के वार्षिक आय व्यय की समीक्षा करने के साथ-साथ आने वाले वित्तीय वर्ष की योजना बनाई गई। वहीं बीपीएम और अन्य अधिकारियों के द्वारा महिला समूह को और सशक्तिकरण बनाने को लेकर कई निर्देश भी दिए गए। संगठन ने आजीविका संगठन के जर्जर कार्यालय का मामला उठाया। इस पर जिला परिषद सदस्य ने जल्द ही जिला परिषद मद से भवन की मरम्मत करने के साथ-साथ महिलाओं के लिए शौचालय और पानी के प्रबंध कराने की घोषणा की गई। मौके पर संकुल मैनेजर अमित कुमार, पीआरपी रजिता सिंह, सीसी जवीर हुसैन, सुमित्रा देवी, पूनम देवी, मीना देवी आदि मौजूद थे।

# सिसई में ग्रामीणों ने की बैठक, दुर्गा पूजा महासमिति का हुआ पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सिसइ स्थित देवी मंडप प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता छेदी पांडेय व संचालन सुमन भारतीय ने की। जहां निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले दस दिवसीय नवरात्रोत्सव में बंगाल के आचार्यों व कलाकारों द्वारा भव्य अनुष्ठान, भक्ति जागरण समेत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। इसके लिए दुर्गा पूजा महासमिति का पुर्नगठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय, सचिव संजीव पांडेय, महामंत्री सुमन भारतीय, कोषाध्यक्ष धनंजय पांडेय व संयोजक उदय पांडेय बनाये गये। वहीं संरक्षक स्थानीय विधायक किसुन दास व कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन को मनोनीत किया गया। समिति का विस्तार कर कई अन्य प्रभारियों का भी चयन किया गया। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, मुकेश आनंद, सूरज भुईयां, परमेश्वर रजक, शैलेश भारतीय, द्वारिका पांडेय, महावीर भुईयां मौजूद थे।



# दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सामुदायिक भवन परिसर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता शितमोहन मुंडा ने की जबकि बैठक का संचालन राजेंद्र महतो कर रहे थे। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। पूजा के सफल संचालन हेतु दुर्गा मंडल कमिटी का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष शितमोहन मुंडा, कोषाध्यक्ष चंद्रकिशोर गिरी को चुना गया है। ब्रह्मदेव प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष मणिलाल यादव को सचिव के पद पर चुना गया है। इसके अलावा पांच उपाध्यक्ष, पांच उप सचिव और मुख्य संरक्षक के पद पर 14 लोगों का चयन किया गया है।बैठक में मुख्य रूप से डब्लु प्रजापति,धीरज प्रजापति,किशुन उरांव,बबलू प्रजापति, रघुनंदन प्रजापति, रवींद्र यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शिकायत: कामता पंचायत के हिसरी गांव में नल जल योजना का हाल

# टंकी-पाइप से पानी लिकेज, कनेक्शन भी अधूरा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ग्रामीणों की शिकायत पर कामता पंचायत के हिसरी ग्राम के हिसरी, अखरा टोला, पाहन टोली, कुयाम टोला, सुयापतरा टोला का दौरा किया। हर घर नल जल योजना के कार्यों का जायजा लिया।



ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना अधूरे पड़े हुए हैं। टोलों में बोरिंग कराई गई है। टावर खड़ा कर टंकी लगा दी गई है, पाइप बिछाया गया है। लेकिन संवेदक की मनमानी के कारण योजना अभी तक अपूर्ण है। दो महीने में ही पाइप में जगह-जगह लिकेज होने के कारण बाहर का दूषित पानी पाइप में घुसकर घरों में पहुंचेगा, जिसको पीने से लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। पाहन टोला की टंकी लिकेज है। यहां दिन भर टंकी से पानी लिकेज होकर बेकार बह रहा है। पानी से टंकी भर ही नहीं रहा है। इसके कारण घरों तक पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण सकेन्द्र गंझु, कार्तिक उरांव, भोंदो उरांव, अलेक्स टोपनो, सारुन नायक, सुधन उरांव, महेश उरांव, जोखन उरांव, पाहन टोली में राजेंद्र लोहार, लालु गंझु, सुनील गंझु, बंधन भुइंया को अबतक कनेक्शन नहीं दिया गया है।

टंकी पाइप में लिकेज होने और कनेक्शन अधूरे रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार को फोन पर जानकारी देते हुए अधूरे कार्य को पूरा कराने का आग्रह किया। इसपर सहायक अभियंता ने कार्य जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

# पांडेयपुरा पंचायत से किया गया मिट्टी का संग्रह

**हंटरगंज।** प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा पंचायत में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी का संग्रह किया गया। ज्ञात हो कि भारत के स्वतंत्रता एकता, अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए यह अभियान केंद्र द्वारा चलाया जा रहा है। गांव में मौजूद तालाबों के संरक्षण के लिए उसके किनारे पर देश और कर्तव्य के लिए जान देने वाले शहीदों का स्मारक बनाया जाएगा। मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतन सिंह, पवन प्रसाद, सतेंद्र सिंह, जगनरायण भारती, संतोष साह, युगल पांडेय, मुन्ना सिंह, मोनू कुमार, सनोज कुमार, नरसिंह सिंह मंडल सदस्य आदि शामिल थे।




## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति मुर्मू 13 को गुजरात विस की एनईवीए परियोजना का करेंगी उद्घाटन

**गांधीनगर।** गुजरात विधानसभा में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (एनईवीए) परियोजना का उद्घाटन करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 सितंबर को राज्य का दौरा करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'वन नेशन, वन एप्लीकेशन' की दूरदर्शी अवधारणा से प्रेरित एनईवीए परियोजना विधानसभा की कार्यवाही को पूरी तरह से कागज रहित बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। गुजरात विधानसभा के सचिव डी.एम. पटेल के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे में विधायकों को संबोधित करना भी शामिल होगा। यह कार्यक्रम 13 सितंबर से शुरू होने वाले 15वीं विधानसभा के तीसरे सत्र के दौरान निर्धारित है। विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने राष्ट्रपति मुर्मू को परियोजना का उद्घाटन करने और विधानसभा में भाषण देने के लिए निमंत्रण दिया। पटेल ने पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी पहल 'वन नेशन, वन एप्लीकेशन' के तहत गुजरात विधानसभा को डिजिटल बनाने के सहयोगात्मक प्रयास पर प्रकाश डालते हुए अपना आभार व्यक्त किया।

### बिहार: महिला ने शिक्षक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले में एक महिला द्वारा एक सरकारी शिक्षक पर बलात्कार का आरोप लगाए जाने के बाद ग्रामीणों ने उस पर हमला कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार शाम की है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि कथित शिक्षक उसके घर में घुस आया, उसका मुंह बंद करने की कोशिश की और उसका यौन उत्पीड़न करने का प्रयास किया।

### राजनाथ कल बीआरओ की 90 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति और अधिकांश दुर्गम इलाकों में निर्मित सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनका निर्माण 2,941 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। बीआरओ के एक आधिकारिक बयान में रविवार को कहा गया कि पिछले साल 2,897 करोड़ रुपये की 103 बीआरओ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया था। जबकि साल 2021 में 2,229 करोड़ रुपये की 102 बीआरओ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया था। जम्मू-कश्मीर में बिश्नाह-कौलपुर-फूलपुर रोड पर देवक ब्रिज पर बीआरओ द्वारा आयोजित एक समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 22 सड़कों, 63 पुलों, अरुणाचल प्रदेश में नेचिपु सुरंग, पश्चिम बंगाल में दो एयरफील्ड और दो हेलीपैड का उद्घाटन करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के जम्मू जिले में स्टांप पेपर घोटाले का खुलासा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने रविवार को कहा कि उसने स्टांप पेपर के उपयोग में एक बड़े घोटाले का खुलासा किया है, जिसमें दो वकील और तीन स्टांप विक्रेता शामिल हैं। अपराध शाखा के एक बयान में कहा गया है कि जम्मू में अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने जम्मू जिले के आर.एस. पुरा, ग्रेटर कैलाश और बिधना क्षेत्र में पांच स्थानों पर तलाशी ली। इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 465, 468, 471, 409 और 130-बी के तहत एफआईआर संख्या 89/23 दर्ज की गई है।

# जी-20 : सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी: पीएम मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतिम और तीसरे सत्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में वर्तमान वास्तविकता के अनुरूप बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से जुड़ी चुनौतियों के प्रति भी आगाह किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक भविष्य' विषय पर कहा कि हर वैश्विक संस्था को अपनी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए रिफॉर्म करना जरूरी है। इसी सोच के साथ हमने कल ही अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसी तरह हमें बहुपक्षीय विकास बैंकों के मैंडेट का विस्तार भी करना होगा। इस दिशा में हमारे फैसले त्वरित और प्रभावी होने चाहिए। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया हर लिहाज से बदल चुकी है। ऐसे में वास्तविकता नई वैश्विक व्यवस्था में झलकनी चाहिए।

### ऊर्जा परिवर्तन व वैश्विक संस्थानों में सुधार प्राथमिकता वाले क्षेत्र : लूला



**ब्राजील** के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने रविवार को कहा कि उनका देश जी20 की मशाल को आगे ले जाने पर ध्यान देगा। जी20 दिल्ली नेताओं के शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में बोलते हुए, भारत से अपने देश की ओर से समूह की अध्यक्षता संभालने वाले डी सिल्वा ने कहा, जी20 की ब्राजीलियाई अध्यक्षता की तीन प्राथमिकताएं हैं - पहली, भूख के खिलाफ सामाजिक समावेशन और लड़ाई। दूसरा, ऊर्जा परिवर्तन और इसके तीन पहलुओं में सतत विकास और तीसरा, वैश्विक शासन संस्थानों में सुधार।" ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीवादी सिद्धांत उनके राजनीतिक करियर में बहुत महत्व रखते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति को जी20 की अध्यक्षता सौंपते हुए उम्मीद जताई कि वह जी20 के साझा एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे। भारत की जी20 की अध्यक्षता इस साल नवंबर तक वैध है।

### पीएम मोदी ने जी20 सम्मेलन के समापन की घोषणा की, ब्राजील को सौंपी अध्यक्षता



प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को नई दिल्ली जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन को समाप्त करने की घोषणा की और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को अध्यक्षता सौंपी। ब्राजील अगले एक वर्ष जी20 की अध्यक्षता करेगा। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि ब्राजील की अध्यक्षता में जी20 समूह साझा एजेंडे को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने इस अवसर पर ब्राजील के राष्ट्रपति को भी बधाई दी। जी20 शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि भारत के पास नवंबर 2023 तक जी20 अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी है। इन दो दिनों में आप सभी ने बहुत सारे सुझाव दिए और प्रस्ताव रखे। यह हमारा कर्तव्य है कि हमें जो सुझाव मिले हैं उनकी एक बार फिर से समीक्षा की जाए ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे गति दी जा सकती है। मेरा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में हम जी20 का एक वर्चुअल सत्र आयोजित करें।

### दिल्ली की बारिश में ऋषि सुनक, पत्नी अक्षता का अक्षरधाम मंदिर का किया दौरा



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने रविवार को अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया। इस दौरान दोनों पति-पत्नी ने छतरी के नीचे एक मनमोहक पल साझा किया, जिससे सभी आश्चर्यचकित रह गए। ऋषि सुनक और उनकी पत्नी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दोनों को बारिश में एक छाते के नीचे देखा जा सकता है। ऋषि सुनक सफेद फॉर्मल शर्ट के साथ रॉयल ब्लू कलर की पैंट पहने नजर आ रहे हैं। जबकि अक्षता मूर्ति ने गुलाबी लाल पलाजो और मैचिंग दुपट्टे के साथ ऑलिव ग्रीन फ्लोरल प्रिंटेड कुर्ता पहना है। दोनों नंगे पैर छतरी के नीचे करीब-करीब चलते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि ऋषि सुनक छाता पकड़े हुए हैं और कुछ बातें कर रहे हैं।

**कौशल विकास घोटाला मामला**

## गिरफ्तार चंद्रबाबू नायडू 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए



### नायडू के अधिवक्ता आज एसीबी कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे

**एजेंसी। विजयवाड़ा**

कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू को कोर्ट ने रविवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विजयवाड़ा के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के विभिन्न इलाकों में तनाव बढ़ गया है। उधर, नायडू के अधिवक्ता का कहना है कि वह सोमवार को इस मामले को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार चंद्रबाबू नायडू को रविवार की सुबह विजयवाड़ा के एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। नई दिल्ली के वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और वकीलों का एक दल आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू की पैरवी कर रहा था। सीआईडी की ओर से राज्य सरकार के एडवोकेट जनरल पोन्नुवूलु स्वयं कोर्ट में पेश हुए। चंद्रबाबू नायडू को शनिवार सुबह करीब छह बजे आंध्र प्रदेश के नंद्याल में गिरफ्तार किया गया था।

## निजी बस और ट्रक की भिड़ंत में चार यात्रियों की मौत, 28 घायल

**नागौर।** राजस्थान में नागौर के सदर थाना क्षेत्र में रविवार को निजी बस और ट्रक की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि, 28 यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौर शहर से चार किलोमीटर दूर अमरपुरा गांव के मुख्य मार्ग पर सुबह निजी बस और ट्रक की भिड़ंत में बस में सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि, 28 यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना पर सदर, कोतवाली और सुरपालिया थाने की मौके पर पहुंची। घायलों को नागौर के जेएलएन हॉस्पिटल पहुंचाया। निजी बस सुरपालिया थाना इलाके के गांव खेराट से नागौर जा रही थी।

## राहुल बोले, संविधान में लिखा है : 'इंडिया यानि भारत'

**एजेंसी। पेरिस**

अंग्रेजी में भी इंडिया की जगह 'भारत' शब्द के इस्तेमाल को लेकर विपक्ष और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच जारी विवादों के संदर्भ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संविधान में देश के नाम के बारे में लिखा है 'इंडिया, यानि भारत राज्यों का एक संघ होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी आवाज को दबाया या धमकाया नहीं जाए। फ्रांस की राजधानी पेरिस में साइंसेज पो विश्वविद्यालय में छात्रों और संकाय के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारे संविधान में, भारत को 'इंडिया, यानि भारत- राज्यों का एक संघ' के रूप में परिभाषित किया गया है। इसलिए, ये राज्य एक साथ आकर इंडिया या भारत बने हैं। सबसे



महत्वपूर्ण बात यह है कि इन राज्यों में शामिल सभी लोगों की आवाज जोर से और स्पष्ट रूप से सुनी जाती है और किसी भी आवाज को कुचला या धमकाया नहीं जाता है।" उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार हमारे गठबंधन (आई.एन.डी.आई.ए.) के नाम से चिढ़ गई है। अब, उन्होंने देश का नाम बदलने का फैसला किया है। लोग अजीब तरीके से व्यवहार करते हैं। केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने कहा, मेरा अनुभव यह है कि चाहे लोग गरीब हों या अमीर, उन्हें इस बात की समझ है कि भारत को क्या करना चाहिए, भारत को कहां जाना चाहिए। मेरे लिए पहला कदम उस आवाज की रक्षा करना है, और यह सुनिश्चित करना कि आवाज की रक्षा करने वाली संस्थाएं, संरचनाएं काम कर रही हैं और उनकी रक्षा की जा रही है।उन्होंने कहा, जब हम 'लोकतंत्र' जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं, तो हम वास्तव में लोगों की आवाज के बारे में बात कर रहे होते हैं। और उस आवाज को प्रभावी ढंग से सुनना, उस आवाज की अभिव्यक्ति को अनुमति देना किसी भी सफलता के मूल में है। इसका आधार यह विचार है कि हम हमारे सभी लोगों की आवाजों की रक्षा करते हैं। सांसद ने कहा, महात्मा गांधी ने कहा था कि सबसे महत्वपूर्ण आवाज वह है जो पंक्ति में अंतिम है, उसे सुनने वाला राष्ट्र सफल होगा। यह पूछे जाने पर कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भारत किसके पक्ष में है, गांधी ने कहा, इसलिए, जब आप भारत जैसे बड़े देश की बात कर रहे हैं तो हमें कई अलग-अलग देशों के साथ संबंध बनाने होंगे। मुझे लगता है कि यह कहना सरलीकरण है कि आप किसके पक्ष में हैं। इसका सीधा जवाब यह है कि हम अपने पक्ष में हैं। एक राष्ट्र के रूप में हम अपने हित में काम करते हैं और अपने हित के संबंध में जो भी हमें उपयुक्त लगता है, हम वही करते हैं।"

## डीयू में 75 फीसदी भर्ती पूर्ण होने पर शिक्षा मंत्रालय देगा ईडब्ल्यूएस की सीटें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने सभी कॉलेजों को सर्कुलर जारी करते हुए ईडब्ल्यूएस के 10 फीसदी अतिरिक्त पदों के विषय में जानकारी मांगी थी। कॉलेजों से पूछा गया था कि शिक्षकों की सीटों के बढ़ने पर उनके कॉलेज में कितनी टीचिंग पोस्ट की आवश्यकता है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि इन कॉलेजों में 75 फीसदी पदों पर स्थायी भर्ती प्रक्रिया पूरी होने पर शिक्षा मंत्रालय ईडब्ल्यूएस की बढ़ी सीटें दे देगा। दरअसल पिछले दिनों डूटा के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय भागी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिले थे। शिक्षकों के मुताबिक शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे ही अपने कॉलेजों में शिक्षकों की 75 फीसदी पदों पर स्थायी भर्ती प्रक्रिया पूरी कर लेगा, शिक्षा मंत्रालय उन्हें ईडब्ल्यूएस के कारण बढ़ी सीटें दे देगा। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस शिक्षक संगठन के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में शैक्षिक पदों पर ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को 10 फीसदी अतिरिक्त सीटों का ब्यौरा 46 कॉलेजों के प्राचार्यों ने दिया है। कॉलेजों के प्राचार्यो ने छात्रों की बढ़ी संख्या के आधार पर 25 फीसदी अतिरिक्त शिक्षकों की मांग की है। बाकी लगभग 35 कॉलेजों ने अभी आंकड़े जारी नहीं किए। इसमें सर्वाधिक अतिरिक्त सीटें मांगने वाले कॉलेजों में हंसराज कॉलेज, गार्गी कॉलेज, दयालसिंह कॉलेज, देशबंधु कॉलेज, आदि शामिल हैं। डॉ.सुमन का कहना है कि कॉलेजों व संस्थानों में ईडब्ल्यूएस की अतिरिक्त सीटों के बढ़ने से सामान्य वर्गों के उन एडहॉक टीचर्स को राहत मिलेगी जिनकी सीटें 200 पॉइंट पोस्ट बेस रोस्टर के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस में चली गई थीं तथा स्थायी नियुक्ति के समय कुछ कॉलेजों से डिस्प्लेसमेन्ट भी हुए हैं।

### दिल्ली : पति-पत्नी के झगड़े में बीच-बचाव करने गए शख्स की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के किशनगढ़ में 25 वर्षीय एक नेपाली व्यक्ति की उसके दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी, क्योंकि उसने आरोपी की पत्नी को बचाने की कोशिश की थी, जिस पर बेरहमी से हमला किया जा रहा था। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें सुबह करीब 5:48 बजे घटना के बारे में फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि किशनगढ़ में एक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया है। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। तथ्यों की पुष्टि करने पर पुलिस को पता चला कि मृतक 25 वर्षीय रॉबिन श्रेष्ठ एक नेपाली नागरिक था, जो दो साल से अपनी प्रेमिका के साथ उस स्थान पर रह रहा था।

**प्रयास** जेयू में रैगिंग खत्म करने के लिए इसरो ने सुझाये हैं उपाय

## फंड की कमी के कारण बनी है अनिश्चितता

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के परिसर में रैगिंग की घटनाओं को खत्म करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी उपायों की सिफारिश की है, लेकिन फंड को लेकर अनिश्चितताएं बनी हुई हैं, जो इसरो के सुझाए गए उपायों को लागू करने के लिए आवश्यक है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि चूंकि जेयू के पास छात्रों से फीस के अलावा अपना राजस्व उत्पन्न करने का कोई बड़ा रास्ता नहीं है, इसलिए इसरो द्वारा सुझाए गए उपायों को लागू करना मुश्किल होगा जब तक कि पश्चिम बंगाल सरकार या केंद्र सरकार उस उद्देश्य




के लिए धन उपलब्ध ने कराए। जेयू के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, पता चला है कि जेयू के अंतरिम कुलपति बुद्धदेव साव ने फंड के लिए पहले राज्य सरकार से संपर्क करने का फैसला किया है। यदि राज्य सरकार उस फंड को प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त करती है, तो विश्वविद्यालय के अधिकारी इसके लिए केंद्र सरकार से संपर्क करेंगे और दूसरे विकल्प के मामले में, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस कीकी मध्यस्थता और हस्तक्षेप होगा।

दरअसल, राज्यपाल के आग्रह के कारण ही इसरो की एक टीम ने हाल ही में जेयू परिसर का दौरा किया और संभावनाओं की जांच की कि विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग को कैसे रोका जा सकता है। 10 अगस्त को जेयू के एक नवागंतुक छात्र की रैगिंग से हुई मौत के बाद राज्यपाल का हस्तक्षेप सामने आया। इसरो की विजिटिंग टीम ने सुझाव दिया कि वीडियो एनालिटिक्स और टारगेट फिक्सिंग जैसी तकनीकों का उपयोग करके परिसर के भीतर रैगिंग की घटनाओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसरो टीम विश्वविद्यालय के अधिकारियों से इस बात पर भी सहमत हुई कि प्रौद्योगिकी का उपयोग इस तरह से किया जाना चाहिए कि यह इतने बड़े प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के परिसर के माहौल के अनुकूल हो।




### नोरा फतेही ने पीएम मोदी का जताया आभार, ट्वीट हो रहा वायरल



**मोरक्को मूल** की एक्ट्रेस नोरा फतेही ने देश में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मोरक्को के प्रति हार्दिक संवेदना और समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मोरक्को में 6.8 तीव्रता से भूकंप आया, जिसने चारों और तबाही मचा दी। रबात और कैसाब्लांका समेत मोरक्को के कई शहरों में महसूस किए गए भूकंप से अब तक 2000 लोगों की मौत की खबर है। एकजुटता का भावपूर्ण प्रदर्शन करते हुए, पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावित देश के प्रति अपनी संवेदना और समर्थन बढ़ाया। एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, "मोरक्को में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बेहद दुखी हूं, इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ हैं, उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। भारत इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।"

### जेनेलिया की तीसरी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह हुई तेज



**अभिनेता** रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख मनोरंजन जगत के एक लोकप्रिय जोड़े हैं। रितेश और जेनेलिया के दो बच्चे हैं, लेकिन अब दोनों का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के बाद यह अफवाह उड़ गई है कि जेनेलिया दोबारा प्रेग्नेंट हैं। जेनेलिया और रितेश देशमुख दोनों हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इसका एक वीडियो पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर किया है। इस वीडियो में रितेश और जेनेलिया हाथों में हाथ डाले इवेंट में पहुंचते नजर आ रहे हैं। इस बार जेनेलिया ने पर्पल कलर का वन पीस पहना है। रितेश ने सफेद शर्ट और नीली पैंट पहनी हुई थी। इस वीडियो में उनके बेबी बंप ने सभी का ध्यान खींचा है।

### यश कुमार की फिल्म 'चाची नंबर 1' का ट्रेलर आउट

**भोजपुरी** फिल्म अभिनेता यश कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'चाची नंबर 1' का ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया है। यश कुमार एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म 'चाची नंबर 1' को यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में यश कुमार चाची की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जो अपनी बेटी के लिए अपने ससुर के घर में नौकरानी बनकर रहते हैं। फिल्म की कहानी एक तलाकशुदा मां बाप की है जिसमें पिता अपनी बेटी के बिना नहीं रह सकता। फिल्म का ट्रेलर 4 मिनट और 57 सेकंड का है जो बेहद रोमांचक और हास्यप्रद है। साथ ही यह एक सार्थक संदेश भी सिनेमा के माध्यम से दर्शकों को देने वाला प्रतीत होता है। "चाची नंबर 1" के फर्स्ट लुक में यश कुमार झाड़ू बाल्टी व अन्य बर्तनों के साथ सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे थे, वह ऐसा क्यों कर रहे थे यह ट्रेलर में साफ-साफ देखने को दर्शकों को मिल जाएगा। इस फिल्म में यश कुमार एक बार फिर से अपनी पहचान के अनुरूप एक अलग तरह के किरदार को निभाते नजर आ रहे हैं और फिल्म की कहानी भी बेहद नायाब है। ट्रेलर के हिसाब से अगर देखा जाए तो इस फिल्म की प्रस्तुति एक गंभीर विषय को मनोरंजन रूप देकर किया गया है। फिल्म में कॉमेडी के भी बहुत सारे मोमेंट्स हैं, लेकिन ट्रेलर की शुरूआत होती है यश कुमार और फिल्म की अभिनेत्री रक्षा गुप्ता के बीच तलाक से, जहां तलाक के बाद उनके बच्चे की कस्टडी मां को मिल जाती है। इसके बाद जो शुरू होता है वह देखकर आपको भी बेहद मजा आने वाला है बस थोड़ा इंतजार कीजिए फिल्म भी जल्दी ही रिलीज होने वाली है।

NEWS इन ब्रीफ

## नक्सलवाद और अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : एसपी



**रांची।** रांची के नए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि नक्सलियों और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। एसपी रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच में बेहतर संबंध स्थापित करना भी प्राथमिकता में शामिल है। क्योंकि पुलिस और पब्लिक के बीच में जितना बेहतर संबंध होगा। उतना ही बेहतर काम हो सकेगा। इसके अलावा विधि व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रखने, जुआ, अवैध नशा कारोबारी, और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष नजर होगी।

## लोजपा का कार्यकर्ता सम्मलेन संपन्न ,कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**रांची।** झारखंड प्रदेश लोजपा ( रामविलास) पार्टी का कार्यकर्ता सम्मलेन रविवार को प्रदेश कार्यालय निवारणपुर में हुई। प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को एनडीए का हिस्सा बनने के लिए बधाई दिया गया। इसके अलावा सम्मेलन में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इनमें अगामी वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में झारखंड के संगठन को सशक्त बनाने, झारखंड के सभी जिलों में समिति बनाकर लोकसभा चुनाव के प्रभारी नियुक्त करने, राज्य के सभी महानगर और नगरों में पार्टी को सशक्त बनाने, सदस्यता अभियान पूरे राज्य में तेजी से करने, राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर पार्टी का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के धनबाद के झरिया में कार्यक्रम करने की स्वीकृति मिल गई है , जिसकी तिथि प्रदेश के अगले बैठक में सर्व सम्मति से तय होगी । इस कार्यक्रम के लिए कमिटी भी बनाई जाएगी। इस सम्मेलन में प्रमोद सिंह, दामोदर पासवान, दिनेश सोनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## साहित्य कला अकादमी ने मनाया कृष्ण महोत्सव

**रांची।** साहित्य कला अकादमी ने होटल सिटी पैलेस में कृष्ण महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद रेणु बलाधर ने सरस्वती वंदना गाई। कार्यक्रम की शुरूआत में साहित्य कला अकादमी की अध्यक्ष डॉ। पंपा सेन विश्वास ने कहा कि कृष्ण का अर्थ होता है सबको आकर्षित करना। जिस तरह मोबाइल में नेटवर्क की आवश्यकता होती है।

### श्री श्याम मंदिर में श्री कृष्ण पक्ष जया एकादशी के मौके पर भक्तों की लगी भीड़

# श्रृंगार व आरती के बाद श्री श्याम के भजनों से गूंज उठा मंदिर परिसर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को श्री श्याम मंदिर में भादो माह की कृष्ण पक्ष के जया एकादशी के पूजन दर्शन के अवसर पर प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर श्री श्याम के भजनों से गूंज रहा था। श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:00 बजे से भक्तजनों को दर्शन के लिए तांता लगा हुआ था। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि जया एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डूगोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा रजनीगंधा तुलसीदास मुर्गान की मोटी मोटी फुल मालाओं से मंदिर में विराजमान सभी देवी



देवताओं को सजाया गया। इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि व प्राचीन तैल चित्रों को भी फूलों से सजाया गया। फिर गुलाब के विशेष रूह इत्र से खाटू नरेश का मसाज करके गोधूलि बेला के पहले मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने सभी गर्भ गृह का सजावट किया। विषेश श्रृंगार सेवा राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नापूर्णा सरावगी पंचमेवा प्रसाद संजीवनी साहू एक भक्त ने गिरी गोला व एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। भादो मास की जया एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा विभिन्न फल केसरिया दूध रबड़ी नारियल मगही पान आदि का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर बाबा श्याम की अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भक्तजन दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में 3 घंटे का भजन संकीर्तन व संगीतमय भजन का कार्यक्रम हुआ। वाद्ययंत्रों की मधुर धुन स्वर से भक्तजन श्री श्याम नाम की गंगा में डुबकी लगा रहे थे। श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा साकेत गौरव अग्रवाल मोनू मनोहर केडिया अनुज मोदी अशोक शर्मा पंकज गाड़ोदिया वेद भूषण जैन पवन शर्मा मदन सोनी तनय काठपाल निखिल नारनोली किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल राजेश कटारुका ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भजनों के प्रवाह में भक्तजन झूम कर नाच गा रहे थे । देर रात महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया संजय सराफ अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि ने भक्तजनों को प्रसाद अर्पित किया। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों की जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने किया पदभार ग्रहण



रांची। रांची के सिटी एसपी के रूप में राज कुमार मेहता ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा विधि व्यवस्था , महिलाओं की सुरक्षा, पीड़ितों को न्याय दिलाना, नशीले पदार्थ पर विशेष फोकस रहेगा। राजकुमार मेहता इसके पहले गढ़वा, लातेहार, पलामू, रांची सहित अन्य कई जिलों में डीएसपी के पद पर अपना योगदान दे चुके हैं। वहीं दूसरी ओर आईपीएस चंदन कुमार सिन्हा को रांची जिले का नया एसएसपी बनाया गया है। आईपीएस चंदन कुमार सिन्हा शनिवार को एसएसपी का पदभार ग्रहण किये थे।

### राजद के राष्टीय अध्यक्ष पहुंचे देवघर, हुआ जोरदार स्वागत, कहा

# भाजपा भागाओ देश बचाओ का नारा बुलंद होना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सामाजिक न्याय के योद्धा लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देवघर पहुंचने पर हजारों नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े, गाजे बाजे के साथ किया जोर जोरदार स्वागत। एयर पोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक काफी भीड़ लगी हुई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को देखने के लिए जगह जगह ढोल नगाड़े और गाजे बाजे साथ सड़क के किनारे से अभिवादन करने से नहीं थक रहे थे । सभी का अभिवादन कर रहे थे स्वीकार। स्वागत में झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह



यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता, बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, कल्पना देवी, युवा के अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, श्याम दास सिंह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, एस इरफान अंसारी, शिवनाथ यादव, अवधेश यादव, भूतनाथ यादव, विजय राम, सुनील यादव, रामकुमार यादव, चंद्रशेखर भगत, अनिल यादव, मुकेश यादव सहित हजारों की संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे। हवाई अड्डा से आने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने झारखंड के कोने कोने से आए राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकता की और सभी हालचाल की जानकारी ली और सभी को दिया संगठन मजबूत करने का कड़ा निर्देश। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा भागाओ देश बचाओ। देश सबों का है और सभी के लिए बना है। नफरत फैलाने वाले पूरे देश में नफरत फैला रहे है इस देश से नफरत फैलाने वालों को देश से भगाना है।

### 'अजा' नाम की एकादशी तिथि में उत्तम व्रत का हुआ अनुष्ठान

# एकादशी व्रतानुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में देखा गया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाद्रपद कृष्णपक्ष की एकादशी का नाम 'अजा' है, वह सब पापों का नाश करनेवाली बतायी गयी है। इस उपलक्ष्य पर पहाड़ी मन्दिर के निकट स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में 10 सितंबर रविवार को आयोजित एकादशी व्रतानुष्ठान को ले श्रद्धालु में भारी उत्साह रहा। यह अत्यन्त कल्याणमयी एकादशी जो पुण्य प्रदान करनेवाली और सबके पापों का अन्त करनेवाली है। इस महत्व को जानते हुए भक्तों ने परात्पर ब्रह्म परमात्मा श्रीमन्नारायण का अष्टोत्तर शत्तनाम से पुष्प अर्चना और श्रीलक्ष्मीजी की प्रसन्नता के लिए कुंकुम से अर्चना करायी। वहीं सर्वकामना सिद्धि के अभिलाषा एवं आत्मकल्याण के लिए श्रीविष्णु



सहस्त्रनाम की भी अर्चना करायी। इसके पूर्व अर्चक ने आगमोक्त विधि से षोडषोपचार पूजा करके श्रीभगवान- दम्पति का दंतधावन, जिह्वा निर्लेखन, आचमन, पुनराचमन, छत्र, चंवर, दर्पण और व्यजन(पंखा) समर्पण किया। पुनः प्रत्युपचार अर्पण करके पुष्पांजलि दी। प्रत्येक उपचार मुद्रा द्वारा क्रमशः मांगलिक द्रव्यों से युक्त करके समर्पण किया। भगवान को नैवेद्य भेट हुआ। फिर मोहरूपी अन्धकार को मिटाने की भावना से नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई। मंगलमय श्रीसूक्त की ऋचा का पाठ हुआ और विनीत भाव से उत्तम स्तोत्रों द्वारा भगवान का स्तवन हुआ। सभी अनुष्ठानीक क्रिया अर्चकः सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायणदास ने मिलकर विधिवत संपन्न कराया।

### खूंटी में रांची के युवक की मौत

# पेरवाघाघ जलप्रपात में डूबने से हुआ हादसा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

जिले के पेरवाघाघ जलप्रपात में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक की पहचान सौरभ सिंह के रूप में हुई है और वो रांची जिले में काम करता था। तेज बहाव की वजह से उसका शव नहीं निकाला जा सका है। बता दें कि सौरभ सिंह रांची के नामकुम स्थित ऑर्बिट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कर्मी था। लोगों ने बताया कि सौरभ जैसे ही पानी मे उतरा वैसे ही पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। उसके साथ लगभग 36 लोग गए थे, लेकिन कोई भी उसे बचा नहीं पाया। सौरभ के डूबते ही चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी वहां मौजूद साथियों ने स्थानीय लोगों को दिया, उसके बाद सूचना तपकरा पुलिस को दी गई। पानी का तेज बहाव और रात होने के कारण सौरभ का शव पेरवाघाघ जलप्रपात से नहीं निकाला जा सका।सौरभ की बॉडी ढूंढने के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है। तपकरा थाना प्रभारी रंजीत किशोर ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम खूंटी पहुंच चुकी है। जल्द ही पेरवाघाघ जलप्रपात के लिए रवाना होदी और पेरवाघाघ जलप्रपात में डूबे सौरभ की बॉडी निकाल ला जाएगी। उन्होंने बताया कि रांची के नामकुम स्थित ऑर्बिट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से जुड़े लगभग 36 लोग शनिवार को पेरवाघाघ घूमने आए थे। जिनमें एक युवक पानी मे उतरा लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण वो बह गया। उसके साथी भी उसे नहीं बचा पाए। थाना प्रभारी ने बताया कि पानी का बहाव अधिक होने के कारण स्थानीय गोताखोर भी ज्यादा मदद नहीं कर पाया।

## रांची में ट्रैफिक कर्मियों के बीच छाता का किया गया वितरण



**रांची।** वी फॉर चेंज के द्वारा रांची के ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को संस्था की ओर से छाता का वितरण किया गया, जो ट्रैफिक पुलिस हमारे लिऐ दिन हो या रात हो धूप हो या छाव हो हमारी सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं तो इस देखते हुए संस्था के सभी सदस्यों ने मिलकर ट्रैफिक पुलिस के बीच छाता का वितरण किया। इस दौरान संस्था के आनंद, कृष्णा, अविनाश, प्रवीण, रंजन, सोनू, तथा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## अमन यूथ सोसाइटी ने रक्तदान सह-स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**रांची।** अमन यूथ हिंदपीढ़ी के तत्वावधान में यूनाइटेड स्टेप फाउंडेशन और हेल्थ प्वाइंट अस्पताल बरियातू के सहयोग से ब्लड डोनेशन सह स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 30 लोगों ने ब्लड डोनेशन साथ ही 65 लोगो ने अपने-अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई । यहां मुफ्त में बीपी, शुगर, एचआईवी, एचबीएसएजी, एचबीसीजी, मलेरिया, टाइफाइड समेत कई तरह की जांच कराई गई। ब्लड डोनेशन कैंप में अमन यूथ सोसाइटी के संरक्षक मोहम्मद असलम, सचिव नदीम इकबाल, अध्यक्ष दीपू गाड़ी, अब्दुल बारी, आरजू आलम,सह सचिव अफरोज खान, बुल्लू गुप्ता, शकील रही,अकबर उर्फ मुन्ना, आसिफ हुसैन,बाबू खान, मो. सोनू, बंटी, मो०कैफ छोटू, विलियम टोप्पो, जावेद लड्डन, मो. समीर, इसके साथ ही यूनाइटेड स्टेप फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमेन दत्ता, टीम लीडर मीर इसरार हुसैन उर्फ संजू , टीम लीडर सुरभि सिंह, सद्दाम हुसैन और हेल्थ प्वाइंट की टीम में डॉक्टर सुशील लकड़ा, विवेक गौरव, मुशरत, दीपक, उर्मिला, साजिद, पूजा ने ब्लड डोनेशन में सहयोग किया इसके अलावा स्वास्थ्य जांच में रानी कुमारी, रेशमा कुमारी और दुखमोचन कच्छप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पीड़ित की सेवा करना ही सबसे बड़ा मानव धर्म : अरुण मिश्रा



**रांची।** राजधानी के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित सामाजिक संगठन 'लोक कल्याण स्वयंसेवी संस्था' के तत्वावधान में रविवार को शिव महिमा मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रिम्स (बरियातू) की मेडिकल टीम ने 35 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। वहीं, रिम्स ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदाताओं से 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। समाज के कमजोर वर्ग के लोगों और जरूरतमंदों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में संस्था सतत प्रयासरत है। सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यों के अतिरिक्त मानव सेवा के प्रति भी संस्था समर्पित है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। शिविर को सफल बनाने में रिम्स की मेडिकल टीम, लिट्ल हेल्प के नवीन साहू व लोक कल्याण स्वयंसेवी संस्था के सचिव आलोक श्रीवास्तव सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धुर्वा के कई क्षेत्रों में आज धारा 144 की घोषणा




**रांची।** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ के आंदोलन को देखते हुए 11 सितंबर सोमवार को धुर्वा के कई इलाकों में सुबह आठ बजे से निषेधाज्ञा लगाने की घोषणा की गयी है। झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ ने 11 सितंबर को प्रभात तारा मैदान से जुलूस निकालते हुए प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने एवं अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इसे देखते हुए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने 11 सितंबर को धुर्वा गोलचक्कर से प्रोजेक्ट भवन से लेकर चांदनी चौक तक, हटिया को जोड़ने वाली सड़क तथा इस सड़क के 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू करने संबंधी पत्र जारी किया है, जो सुबह आठ बजे से अगले आदेश तक लागू रहेगी।

### स्वास्थ्य लाभ | अग्रवाल सभा का स्वास्थ्य जांच शिविर में 50 लोगों ने कराया इलाज

# लोग स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहें सजग : ललित पोद्दार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची के द्वारा एवं अर्थ पॉलीक्लिनिक एंड डायग्नोस्टिक्स के सहयोग से महाराजा अग्रसेन भवन अग्रसेन पथ में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने महाराजा अग्रसेनजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर ललित कुमार पोद्दार ने अग्रवाल सभा द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए, क्योंकि समय पर छोटी बीमारियों का इलाज नहीं होने पर बीमारी




गंभीर हो जाती है जिसके कारण आगे चलकर परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा आर्थिक रूप से भी काफी नुकसान उठाना पड़ता है, उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम मे आये सभी आगंतुक अतिथियों एवं चिकित्सकों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर मे डॉ राजीव रंजन लाल, डॉ ए. चंद्रा, डॉ कुमार शुभम, डॉक्टर के. अमन, डॉ अर्पणा सरदार, ने लगभग 50 से भी अधिक लोगों का इलाज किया एवं लोगों को स्वास्थ्य की अच्छी देखभाल के लिए उचित सलाह एवं परामर्श दी। इन सभी चिकित्सकों द्वारा जनरल इलाज, शुगर, बीपी, थायराइड, स्कीन, वृद्धावस्था रोग प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं अन्य बीमारियों का इलाज किया गया। तथा डॉक्टर के परामर्श से लगभग पच्चीस सौ रुपया का विभिन्न रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। परामर्श शुल्क मात्र तीन सौ रुपया रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने किया एवं धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने की। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन कुमार पोद्दार, चंडी प्रसाद डालमिया, रतनलाल बंका, कमल कुमार केडिया, विजय कुमार खोवाल, अजय डीडवानिया, अनिल कुमार अग्रवाल, अशोक नारसरिया, संजय सर्राफ, सुनील पोद्दार, राजकुमार मित्तल, कौशल राजगढ़िया, विनोद टिबरेवाल, किशन पोद्दार, आकाश अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, मीना अग्रवाल, अनुराधा सराफ, नीरज भट्ट के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।


## रांची में 24 सितंबर को करम पूर्व संध्या का होगा आयोजन

**रांची।** सरना नवयुवक संघ की केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरना नवयुवक संघ,केंद्रीय समिति के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 सितम्बर को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य रूप से आदिवासी बालक- बालिका कॉलेज छात्रावास के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र -छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य, एकल गीत प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का लोकार्पण भी किया जाएगा। समिति ने रचनाकारों से निवेदन किया है कि सरना फूल पत्रिका में प्रकाशनार्थ रचना 14 सितंबर 2023 तक आदिवासी लूर अड्डा में जमा करें, जिनकी विशेष सामग्रियां आदिवासी जीवन शैली, समाजिक, सांस्कृतिक एवं समसामयिक पहलुओं पर प्रकाश डालती हो, इस संबंध में अगली बैठक 17 सितंबर को होगी।

# श्री श्याम मंडल रांची व वन बंधु के सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता। रांची रविवार को श्री श्याम मण्डल रांची एवं वन बंधु परिषद रांची चैप्टर के सदस्य गण पतरातु संच के बरतूवा ग्राम वन यात्रा पर गए। वहां उन्होंने ग्राम दर्शन किया। ग्रामीणों से माताओं बच्चों से बातचीत की और परिषद की ओर से चलने वाला एकल विद्यालय का दर्शन कर स्कूल प्रांगण में बच्चों और ग्राम वासियों की सभा बुलाई। एकल विद्यालय के बच्चों ने अभूतपूर्व संस्कार और विद्वता का परिचय देते हुए नगर वासियों के प्रत्येक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने भारत माता और सरस्वती माता की वंदना में गीत गाए। देश भक्ति की कविताओं का वाचन किया और बताया कि किस प्रकार एकल विद्यालय के माध्यम से उन्हें खेल खेल में पढ़ाई के साथ साथ अनेक वैदिक मंत्रों, रामायण महाभारत की कहानी किस्सो, हनुमान चालीसा इत्यादि का पूरा ज्ञान हो गया है। इस स्कूल के सिख के माध्यम से बच्चे अपने परिवार को नशा मुक्त कर रहे हैं और पोषण वाटिका लगाकर सात्विक भोजन खाने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। ग्राम वासियों ने नगर वासियों का पारंपरिक स्वागत करते हुए तिलक लगाकर अभिनंदन किया। आम के पत्तों से जल छिड़क कर मंगल कामना की। फूलों के हार एवम आम के पत्तों से बने हुए हार व सखुवा पत्तों से बने टोपी से स्वागत किया और झूमर नृत्य करते हुए सजे हुए छात्रों के नीचे गांव तक लेकर गए। नगर वासियों ने बच्चों की सराहना करते हुए अनेक प्रकार के खेलने पढ़ने और खाने-पीने की वस्तुएं उपहार में दी। कार्यक्रम में नगर वासियों की ओर से मुख्यत श्री श्याम मण्डल के संरक्ष सुरेश चन्द्र पोद्दार, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, अजय साबू, नितेश केजरीवाल, शशि बागला, ललिता कुमारी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने ग्राम दर्शन की व्यवस्था को बनाया।

# प्रथमेश ने पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में रजत पदक जीता



**एजेंसी। हर्मोसिलो (मेक्सिको)**
भारतीय तीरंदाज प्रथमेश जावकर पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में पोडियम पर शीर्ष स्थान से चूक गए और उन्हें तीरंदाजी विश्व कप फाइनल 2023 में शनिवार को यहां स्वर्ण पदक मैच में डेनमार्क के मैथियास फुलर्टन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

एक रोमांचक मुकाबले में, तनाव अपने चरम पर पहुंच गया क्योंकि मैच पांच सेटों के बाद असाधारण 148-148 टाई के साथ समाप्त हुआ। इसके बाद हुए नाटकीय शूट-ऑफ में, दोनों तीरंदाजों ने परफेक्ट 10 लगाकर अपने अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन किया। हालांकि, यह फुलर्टन था, जो विजयी हुआ, क्योंकि उसका तीर लक्ष्य के केंद्र के बिल्कुल करीब था।

जावकर के दिन की शुरूआत क्वार्टर फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इतालवी मिगुएल बेसेरा के खिलाफ 149-141 की शानदार जीत के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी नीदरलैंड के माइक श्लोसेर के खिलाफ परफेक्ट 150 का स्कोर बनाया और दूसरे वरीय तीरंदाज को एक अंक से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।
भारतीय खिलाड़ी ने हुंडई तीरंदाजी विश्व कप दौरे पर अपने पहले सीजन में 33वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप मेंशंघाई स्टेज 2 में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी छाप छोड़ी थी।

2015 में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीतने वाले पुरुष कंपाउंड तीरंदाज, अभिषेक वर्मा, श्लोसेर से कांस्य पदक मैच 150-149 से हारने के बाद पदक से चूक गए।

वर्मा ने श्लोसेर के खिलाफ कांस्य पदक प्लेऑफ में दिन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, पांच सेटों में 149 अंक बनाए। हालाँकि, सटीक 150 का स्कोर बनाकर डच विजयी हुए। महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी को क्वार्टर फाइनल में डेन तंजा गेलेंथिएन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पांच सेटों में स्कोर 145 के बराबर होने के बाद, टाई-ब्रेकर में 10-9 की जीत के साथ गेलेंथिएन सेमीफाइनल में पहुंच गए।
ज्योति सुरेखा वेन्नम, जो इस साल की शुरूआत में बर्लिन में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, भी कोलंबिया की मौजूदा चैंपियन सारा लोपेज से 144-149 से हारकर अंतिम आठ में बाहर हो गईं, जिन्होंने आगे चलकर जीत हासिल की। फाइनल में तंजा गेलेंथिएन को हराकर आठवां विश्व खिताब जीता। विश्व कप फाइनल में रिकर्व वर्ग में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि धीरज बोम्मदेवरा रविवार को एक्शन में होंगे।

# इंग्लिश ऑलराउंडर डेविडसन महिला वनडे टीम में शामिल

**एजेंसी। डरहम**
इंग्लैंड की महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के शेष मैचों के लिए लॉरेन बेल के रिप्लेसमेंट की तौर पर शामिल किया गया है। इंग्लैंड ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2023 के श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में सात विकेट से जीत हासिल की। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मैच 12 सितंबर को नॉर्थम्प्टन में खेला जाएगा। डेविडसन-रिचर्ड्स ने चार वनडे, आठ टी20 और एक टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 25.25 की औसत और 5.61 की इकोनॉमी से चार वनडे विकेट



हासिल किए हैं। उनके नाम इस प्रारूप में 31.5 की औसत से 63 रन भी हैं। हालांकि, इंग्लैंड वनडे सीरीज में 1-0 से आगे है, लेकिन वे श्रीलंकाई महिलाओं को हल्के में नहीं लेंगे। श्रीलंकाई महिलाओं ने टी20 सीरीज 2-1 से जीती और उनकी नजर दूसरे वनडे में वापसी करने पर होगी। रिचर्ड डेविडसन की तुलना में उन्हें निश्चित रूप से प्लेइंग-11 में बेल के अनुभव की कमी खलेगी क्योंकि रिचर्ड ने अभी ज्यादा मैच नहीं खेले हैं। चमारी अथापथु टी20 सीरीज में अच्छी लय में दिखी और उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से भी नवाजा गया। हालांकि, वह पहले मैच में जल्दी आउट हो गईं।

# पाक को पछाड़कर ऑस्ट्रेलिया बनी दुनिया की नंबर-1 वनडे टीम



**एजेंसी। दुबई**
ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका पर दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की जीत ने उन्हें आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान दिला दिया। हाल ही में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों की वनडे टीम रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का दूसरा वनडे मैच जीतते ही एक बार फिर नंबर-1 बन गई। ब्लोमफोंटेन में पहले मैच में रोमांचक जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा वनडे 123 रनों से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड और डेविड वार्नर ने तेज शुरूआत दी। हेड ने तेज अर्धशतक बनाया, जबकि वार्नर ने अपना 20वां वनडे शतक पूरा किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को मजबूत आधार मिला। पहले वनडे जीत में ऑस्ट्रेलिया की हीरो मार्नस लाबुशेन ने फिर एक और शतक के साथ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। इससे ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवरों में 392/8 का विशाल स्कोर बनाने में मदद मिली।
जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने तेज शुरूआत की, लेकिन क्विंटन डी कॉक और हेनरिक क्लासेन की शानदार पारियों के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका 269 रन पर आउट हो गई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के पुरुष वनडे टीम रैंकिंग अंक तालिका में (121 अंक) हो गए हैं। यह उन्हें पाकिस्तान से आगे रखता है, जो (120 अंक) पर है। शीर्ष पर दोनों पक्ष लगभग बराबरी पर हैं और भारत (114 अंक) उनके पीछे है। कई वनडे प्रतियोगिताएं आने से समीकरण और रैंकिंग और भी बदल सकती हैं।

# 'मैं अभी भी सकारात्मक और प्रेरित हूं': सबालेंका



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
हालांकि 2023 यूएस ओपन फाइनल में कोको गॉफ के खिलाफ तीन सेटों के रोमांचक मैच में हार का सामना करने के कारण आर्यना सबालेंका सीजन का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल नहीं कर पाईं, लेकिन वह इस अनुभव को एक शानदार अनुभव के रूप में देखती हैं। सीखने का बहुमूल्य अवसर, क्योंकि वह साल का समापन विश्व नंबर 1 पर करना चाहती है। इस साल डब्ल्यूटीए टूर पर सबालेंका का सीजन यकीनन किसी भी खिलाड़ी के मुकाबले सबसे अच्छा रहा; सभी चार बड़ी प्रतियोगिताओं में कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंचना, ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतना, कुल मिलाकर तीन एकल खिताब (मैड्रिड में 1000 इवेंट में उनकी दूसरी जीत, फाइनल में नंबर 1 इगा स्वीयाटेक को हराना शामिल है), और , सोमवार से शुरू होकर अपने करियर में पहली बार नई विश्व नंबर 1 बनना। दुनिया का नंबर 1 बनना, यह एक बहुत बड़ा सुधार और उपलब्धि है। मुझे वास्तव में खुद पर गर्व है कि मैं इतने वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही हूं जिससे मुझे विश्व नंबर 1 बनने में मदद मिली। लेकिन मेरे लिए, यह ( वर्ष के अंत में) विश्व नंबर 1, ऐसा नहीं कि (बन जाओ) विश्व नंबर 1 और फिर अगले सप्ताह आप दूसरे स्थान पर हो।

सबालेंका ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह अच्छी बात है कि मैं कह सकती हूं कि मैं विश्व नंबर 1 रही हूं, लेकिन मैं वास्तव में वर्ष का समापन विश्व नंबर 1 के रूप में करना चाहूंगी। यही कारण है कि मैं अभी भी सकारात्मक हूं और मैं अभी भी प्रेरित हूं।

मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने शनिवार रात के फाइनल में एक सेट की बढ़त बना ली थी, लेकिन गॉफ ने 2-6, 6-3, 6-2 से वापसी की और सबालेंका के इस साल के हार्ड-कोर्ट मेजर में अपराजित रहने के शॉट को विफल कर दिया।

सबालेंका ने कहा, पहले सेट में मैं अपनी भावनाओं से काफी अच्छे से निपट रही थी। मैं खुद पर ध्यान केंद्रित कर रही थी, न कि भीड़ पर या जिस तरह से (गॉफ) चलती है। ...फिर दूसरे सेट में मैंने शायद ज्यादा सोचना शुरू कर दिया, और उसकी वजह से मैंने अपनी शक्ति खोना शुरू कर दिया। उस दूसरे सेट में पासा पलट गया, जहां गॉफ ने कभी भी अपनी सर्विस नहीं गंवाई और सबालेंका ने पहले सेट की तुलना में अधिक गलतियां कीं। गॉफ वास्तव में अच्छी तरह से आगे बढ़ रही थी और किसी भी अन्य की तुलना में बेहतर, बहुत अच्छा बचाव कर रही थी। इसलिए, मुझे हमेशा एक अतिरिक्त गेंद की तरह खेलना पड़ता था। गॉफ के खिलाफ अपने अंतिम मैच के बारे में उन्होंने कहा, दूसरे सेट में अप्रत्याशित गलतियां बहुत हुईं और यही वह जगह है जहां मैंने उसे विश्वास दिलाया कि वह यह मैच जीत सकती है।

## NEWS इन ब्रीफ

### किरण जॉर्ज ने इंडोनेशियाई मास्टर्स का खिताब जीता



**इंडोनेशिया।** युवा भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने रविवार को यहां जापान के कू ताकाहाशी को सीधे गेम में हराकर इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 पुरुष एकल का खिताब जीता। 50वें नंबर के भारतीय शटलर ने 82वें नंबर के ताकाहाशी को 21-19, 22-20 के स्कोर से हराया। इससे पहले, किरण ने अपना पहला सुपर 100 खिताब 2022 में ओडिशा ओपन भी जीता था। 23 वर्षीय भारतीय शटलर ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तकनीक और उत्कृष्ट फिटनेस साबित की है। सेमीफाइनल में, इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को किरण ने तीन-सेटर गेम में परेशान कर दिया, जिन्होंने खुद को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर एक बड़े मंच कलाकार के रूप में स्थापित किया है।

### हांगझाऊ एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया केंद्र का परीक्षण संचालन शुरू

**बीजिंग।** हांगझाऊ एशियाई खेलों के मुख्य मीडिया सेंटर यानी एमएमसी का परीक्षण संचालन 9 सितंबर की सुबह शुरू हो गया। इसके साथ ही चीन ने दुनिया भर के मीडिया पत्रकारों के स्वागत के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण गैर-प्रतियोगिता स्थल के रूप में मुख्य मीडिया सेंटर एशियाई खेलों के आयोजनों के दौरान 10,000 से अधिक पत्रकारों के लिए आगमन और प्रस्थान, परिवहन सहायता, भाषा अनुवाद, खानपान सेवाएं और सामग्री किराये जैसी सेवाएं प्रदान करेगा। मुख्य मीडिया केंद्र के कमांडर हुआंग हाइफेंग ने कहा कि मुख्य मीडिया केंद्र ने 23 मार्च को प्रदर्शनी लेआउट का काम शुरू किया और 15 जुलाई को प्रदर्शनी का निर्माण पूरा किया।

# 49वां किंग्स कप : भारत कांस्य पदक से चूका



**एजेंसी। थाईलैंड**
49वीं किंग्स कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भारत की थाईलैंड वापसी निराशा के साथ समाप्त हुई क्योंकि रविवार को यहां तीसरे स्थान के प्लेऑफ में एक कड़े मुकाबले में वे लेबनान से एक गोल से हार गए। कड़े मुकाबले में कसम अल जीन ने 77वें मिनट में कॉर्नर किक पर एक्रोबेटिक बैक-वॉली से गोल किया जो 2023 में भारत के खिलाफ लेबनान की पहली जीत सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त था। इगोर स्टिमैक की टीम ने कई हमले किए और दूसरे हाफ के अधिकांश समय में खुद को लेबनान हाफ में रोके रखा लेकिन बराबरी के लिए उनकी तलाश व्यर्थ साबित हुई।

पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, जिसमें दोनों टीमों ने कई प्रयास किए, 48वें मिनट में भारत एक करीबी कॉल से बच गया जब गोलकीपर गुरप्रीत सिंह ने उसे बचा लिया। 64वें मिनट में रक्षापंक्ति में एक भयानक चूक ने भारत के लिए लगभग विनाशकारी स्थिति पैदा कर दी, इससे पहले कि गुरप्रीत ऐन मौके पर गेंद को स्वीप करके निकाल दिया। 69वें मिनट में ब्रैंडन फर्नांडिस भारी दबाव के बीच एक सटीक पास देने में कामयाब रहे। राहुल केपी ने गेंद तक पहुंचने के लिए जोरदार दौड़ लगाई और पास दिया, लेकिन लेबनान के गोलकीपर खलील उसे सुरक्षित लेने के लिए दौड़ पड़े। भारत को 79वें मिनट में मौका मिला जब लालियानजुआला चांग्ते और निखिल राज ने शानदार टीम वर्क का प्रदर्शन किया, चांग्ते ने अंदर आकर गोल पर शॉट लगाया। लेकिन यह प्रयास ऊंचा निकल गया।

# कोको गॉफ बनी नयी यूएस ओपन मल्लिका



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
अमेरिकी किशोरी कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराया और यूएस ओपन में घरेलू धरती पर अपना पहला बड़ा खिताब हासिल किया। गॉफ ने शनिवार रात आर्थर ऐश स्टेडियम में बंद छत के नीचे दो घंटे से अधिक समय में नंबर 2 वरीयता प्राप्त सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला बड़ा खिताब जीता।
19 वर्षीय यूएस ओपन महिला खिताब जीतने वाली 10वीं किशोरी हैं और 1999 में 17 वर्षीया सेरेना विलियम्स के खिताब जीतने के बाद अपने घरेलू टूनामेंट में खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी किशोरी हैं।
विलियम्स के अलावा, गॉफ न्यूयॉर्क की अंडर-20 सम्मान सूची में ट्रेसी ऑस्टिन, स्टेफी ग्राफ, मोनिका सेलेस, मार्टिना हिंगिस, स्वेतलाना कुजनेत्सोवा, मारिया शारापोवा, बियांका एंड्रीस्कू और एम्मा राडुकानु के साथ शामिल हो गईं। पिछले वसंत में रौलां गैरो में अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल फाइनल इगा स्वीयाटेक से सीधे सेटों में हारने के बाद, गॉफ की दूसरी बार खराब शुरूआत हुई। सबालेंका ने बड़ी हिटिंग की बदौलत एक सेट की बढ़त लेने के लिए तीन बार गॉफ की सर्विस तोड़ी। मुझे ऐसा लगता है कि मैं इस पल में थोड़ा सदमे में हूं। फ्रेंच ओपन की हार मेरे लिए दिल तोड़ने वाली थी, लेकिन मुझे एहसास है कि भगवान आपको कष्टों और परीक्षणों से गुजरते हैं, और यह इस पल को और भी मधुर बना देता है जितना मैं कल्पना कर सकती थी। गॉफ ने मैच के बाद कहा, ₹मैं बस इतना जानती थी कि अगर मैंने अपना सब कुछ नहीं दिया, तो मेरे पास जीतने का कोई मौका नहीं है। हालाँकि, जैसे-जैसे दूसरा सेट आगे बढ़ा, गॉफ की पहले से ही बेहतरीन रक्षा लगभग अभेद्य हो गई, उसने गेंदों पर कड़े प्रहार किये और सबालेंका की ओर से और अधिक रैली त्रुटियाँ निकालीं। गॉफ ने दूसरे सेट में एकमात्र ब्रेक लेकर 3-1 की बढ़त बना ली, और उस सेट में तीन ब्रेक प्वाइंट बचाकर एक-एक सेट पर बराबरी हासिल कर ली। अमेरिकी किशोरी ने तीसरे और निर्णायक सेट में 4-0 की शानदार बढ़त बना ली। सबालेंका को 4-2 पर पहुंचने के लिए एक ब्रेक मिला, लेकिन एक क्रॉसकोर्ट विनर ने गॉफ को 5-2 पर डबल-ब्रेक बढ़त दिला दी।

# शाकिब अल हसन बांग्लादेश की खराब बल्लेबाजी से चिंतित



**एजेंसी। कोलंबो**
बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने बल्लेबाजी विभाग में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि मौजूदा एशिया कप भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले उनके लिए वास्तविकता की जांच है। श्रीलंका के खिलाफ शनिवार के सुपर फोर मैच में, 258 रनों का पीछा करते हुए, बांग्लादेश 236 रनों पर ढेर हो गया। युवा तौहीद हृदोय के अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज 30 का स्कोर पार करने में कामयाब नहीं हुआ, जिन्होंने 82 रन बनाए। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में अपने दूसरे सुपर फोर मैच में श्रीलंका से 21 रन से हार के बाद बांग्लादेश बाहर होने की कगार पर है। आईसीसी वेबसाइट ने शाकिब के हवाले से कहा, इंग्लैंड और बाद में अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के बाद से, अब इस टूर्नामेंट में हमारी बल्लेबाजी पिछले छह महीनों से (वनडे में) नीचे जा रही है और हमें इस पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम अपनी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित हैं और हमें उन क्षेत्रों को देखने और उस पर काम करने की जरूरत है ताकि हम उन क्षेत्रों में सुधार कर सकें। विश्व कप से पहले यह टूर्नामेंट बेहद फायदेमंद होगा क्योंकि हमें वास्तविकता की जांच करने की जरूरत है।

## टूर्नामेंट चोट से जूझ रहे केएल राहुल का छलका दर्द, बोले-
# 'सबसे महत्वपूर्ण है फिटनेस'

**एजेंसी। कोलंबो**
जांघ की चोट के कारण करीब 4-5 महीने खेल से दूर रहने के दौरान भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानसिक अड़चनों से निपटना थी। उन्होंने कहा कि उनका पूरा फोकस अपने शरीर का सम्मान करना और उसे ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देना था।
आईपीएल 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच के दौरान दूसरे ओवर में एक चौका रोकने के लिए गेंद का पीछा करते समय केएल राहुल चोटिल हो गए थे और बीच मैच में ही उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद 5 मई को यह पता चला कि राहुल की दाहिनी जांघ के क्वाड्रिसेप्स में टेंडन में काफी चोट आई है और



इसके लिए उनकी सर्जरी की गई। इसके बाद से केएल राहुल खेल से दूर थे और काफी समय रिहैब में बिताने के बाद उन्होंने एशिया कप-2023 सुपर-4 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ वापसी की। मैच से पहले राहुल ने कहा, जब आपकी सर्जरी होती है, तो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप इस बात का सम्मान करें कि आपने अपने शरीर को किसी बहुत बड़ी चीज से गुजारा है। इसलिए, आपको इसका सम्मान करना होगा और अपने शरीर को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी लय हासिल करने के लिए केवल कुछ सप्ताह चाहिए।

राहुल ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा मैंने खुद को वास्तव में मैदान में वापस करने के लिए केवल दो या तीन सप्ताह का समय दिया। बड़ी बात यह थी कि मैं अपने शरीर में आत्मविश्वास महसूस करूं और दर्द-मुक्त रहूं। मुझे पता था कि वापस आकर मुझे विकेटकीपिंग भी करनी होगी। यह फिजियो और मेरे लिए बड़ी चिंताओं में से एक था। राहुल ने कहा कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब के दौरान उनके दिमाग में सबसे बड़ी चुनौती विकेटकीपिंग थी। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में एक बड़ा सवालिया निशान यह था कि क्वाड्रिसेप चोट के कारण वापसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती विकेटकीपिंग होगी।

जब आप हर गेंद पर बैठकर विकेटकीपिंग कर रहे होते हैं, तो आपको अपने क्वाड्स में बहुत अधिक ताकत की आवश्यकता होती है। इसलिए आपको अपने शरीर का समर्थन करने और दर्द-मुक्त रहने की आवश्यकता होती है। कई बार आप मैदान पर डटे रहने के लिए एक बड़ी मानसिक लड़ाई लड़ते हैं जहां आप सोचते हैं कि, ठीक है, मैं दर्द बर्दाश्त कर सकता हूं।

